संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 07 मई 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 124 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा में नेवी लेफ्टिनेंट के घर पहुंचे राहुल गांधी: परिवार से बोले- पहलगाम में सुरक्षा चूक चिंताजनक, आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता।

# भारत आज पाक बॉर्डर पर करेगा हवाई अभ्यास

**एयरफोर्स ने इसके लिए नोटिस टू एयरमेन (नोटम) जारी किया, रूस से मिलेगा ब्रह्मोस से लैस वॉरशिप, पाकिस्तान से तनाव के बीच आज 244 जगह मॉक ड्रिलः सिखाए जाएंगे हमले से बचने के तरीके, टॉर्च-कैश रखने की सलाह, कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की प्लानिंग चल रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/पहलगामः** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच एयरफोर्स पाकिस्तान बॉर्डर के पास कल (7 मई) को हवाई अभ्यास करेगा। एयरफोर्स ने इसके लिए नोटिस टू एयरमेन (नोटम) जारी किया। नोटम जारी करने का मतलब होता है पायलटों और हवाई जहाज से जुड़ी एजेंसियों को कोई जरूरी जानकारी देना, ताकि वे उड़ान भरते समय सतर्क रहें। वहीं, रूस में बने एक मॉडर्न स्टील्थ युद्धपोत तमल को भारतीय नौसेना को मई के अंत (28 मई) में सौंपा जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जून में इसे आधिकारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह जंगी जहाज ब्रह्मोस मिसाइल से लैस होगा। जो रडार की पकड़ में भी नहीं आएगा। पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) के जंगलों में पुलिस ने 2 आईडी, 5 हैंड ग्रेनेड और एक वायरलेस कम्युनिकेशन सेट बरामद किया है।कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की प्लानिंग चल रही है।





**देश में 244 जगहों पर आज मॉक ड्रिल**
युद्ध में बचने के तरीके सिखाए जाएंगे, टॉर्च-कैश रखने की सलाह बुधवार (7 मई) को देश के 244 इलाकों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल होगी।

गृह मंत्रालय ने इन इलाकों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं।

## कतर के अमीर ने मोदी को दिया समर्थन

**नई दिल्ली।** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात कर पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और हमलावरों को न्याय के कटघरे में लाने की हर कार्रवाई को पूर्ण समर्थन दिया। वहीं प्रधानमंत्री ने एकजुटता और सहयोग के स्पष्ट संदेश के लिए उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने तथा इस वर्ष के प्रारंभ में अमीर की राजकीय यात्रा के दौरान लिए गए निर्णयों को क्रियान्वित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## गृह सचिव ने ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मंगलवार को गृह मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक में 7 मई को होने वाले राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) की तैयारियों की समीक्षा की। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की मौत के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच यह मॉक ड्रिल की जा रही है। गृह मंत्रालय की बैठक के बाद राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक सदस्य ने कहा कि हम तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन खामियों को दूर किया जाना है, उनकी पहचान कर ली गई है। समन्वित निष्पादन सुनिश्चित करना था।

# भारत-यूके के बीच मुक्त व्यापार समझौता

**भारत और ब्रिटेन मंगलवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सहमत हो गए, मोदी और स्टारमर ने किया स्वागत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन मंगलवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों ने एक व्यापक व्यापार समझौते की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने मंगलवार को टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने डबल कॉन्ट्रिब्यूशन कन्वेंशन के साथ-साथ भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, अपने मित्र प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से बात करके बहुत प्रसन्नता हुई। एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, भारत और ब्रिटेन ने एक महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते के साथ-साथ एक दोहरे योगदान सम्मेलन को सफलतापूर्वक संपन्न किया है।

## वार्ता को ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने इसे द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया, जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा।
दोनों इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की दो बड़ी और खुली बाजार अर्थव्यवस्थाओं के बीच ऐतिहासिक समझौते व्यवसायों के लिए नए अवसर खोलेंगे, आर्थिक संबंधों को मजबूत करेंगे और लोगों के बीच संबंधों को गहरा करेंगे।

# गगनयान मिशन 2025 के अंत तक होगा लॉन्चः जितेन्द्र

**पहली उड़ान मानवरहित होगी, मानवयुक्त मिशन 2027 की शुरूआत में लॉन्च किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत का महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम गगनयान इस साल के अंत तक पहली उड़ान भरेगा। पहली उड़ान मानवरहित होगी। इसके बाद मानवयुक्त मिशन 2027 की शुरूआत में लॉन्च किया जाएगा। पूरे मिशन पर सरकार 10 हजार करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। केंद्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अंतरिक्ष मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में मंगलवार को अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े आगामी कार्यक्रम का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 एक दृष्टि से ऐतिहासिक होगा। इसमें भारत अंतरिक्ष और गहरे समुद्र दोनों दिशाओं में खोज करेगा। डॉ. सिंह ने रॉकेट पहल के लिए अंतरिक्ष विभाग के नए मॉडल और पीएम गति शक्ति, स्वामित्व, स्मार्ट सिटीज और अमृत जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अंतरिक्ष और ड्रोन प्रौद्योगिकियों के बढ़ते उपयोग पर प्रकाश डाला। इन तकनीकों को रेलवे, स्वास्थ्य सेवा और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी एकीकृत किया जा रहा है।

# पंजाब, हरियाणा एसवाईएल के समाधान के लिए केंद्र को करें सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि वो इस मामले के हल के लिए केंद्र सरकार के साथ सहयोग करें। कोर्ट ने कहा कि अगर मामले का हल नहीं निकला तो कोर्ट 13 अगस्त को अगली सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि इस मसले के हल के लिए सरकार प्रभावी कदम



उठा रही है, लेकिन राज्य सरकारों को भी इस पर बात करनी होगी। 23 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्य सरकारों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि हम मूकदर्शक नहीं बने रह सकते हैं। दोनों राज्यों को मिलकर मामले का हल निकालना होगा। कोर्ट ने कहा था कि आखिरकार दोनों इसी देश के ही राज्य हैं। दोनों राज्य बैठक कर मामले का हल निकालें। साथ ही केंद्र को भी इस मुद्दे पर मध्यस्थ के तौर पर सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया था। 10 नवंबर 2016 सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि पंजाब जल बंटवारे पर एकतरफा संधि निरस्त नहीं कर सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने सीजेआई और अन्य न्यायाधीशों की संपत्ति की घोषणा की



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में पारदर्शिता बरकरार रखने के लिए चीफ जस्टिस समेत सभी जजों की संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने एक अप्रैल 2025 को सभी जजों की संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करने का फैसला किया था जिस पर अमल करते हुए ये घोषणा की गई है। सभी जजों से मिले इनपुट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने ये घोषणा की है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट और देशभर के हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया का विवरण प्रकाशित किया है। इसमें हाई कोर्ट की कॉलेजियम का काम और राज्य सरकारों से मिले इनपुट की भूमिका और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की ओर से केंद्र सरकार को भेजी गई सिफारिशों पर उठाये जाने वाले कदमों का जिक्र है। इस जानकारी को सार्वजनिक करने का मुख्य मकसद जनता को सूचना देना और उन्हें सजग बनाना है।

# सड़क हादसे के घायलों का 1.5 लाख तक कैशलेस इलाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों और उनके परिवारजनों के लिए बड़ी राहत का ऐलान हुआ है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी कर देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए 1.5 लाख तक की कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम की घोषणा की है। सड़क परिवहन मंत्रालय की एक गैजेट अधिसूचना के मुताबिक- कोई सड़क हादसा मोटर वाहन की वजह से होता है, तो उसमें घायल व्यक्ति का इलाज कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के तहत किया जाएगा।



पीड़ित के साथ हादसा चाहे किसी भी सड़क पर हुआ हो। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डेढ़ लाख की राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपए किए जाने की भी तैयारी चल रही है। किसी सड़क हादसे के बाद का एक घंटा गोल्डन ऑवर कहलाता है। इस दौरान इलाज न मिल पाने से कई मौतें हो जाती हैं। इसी को कम करने के लिए यह योजना शुरू की जा रही है। डेढ़ लाख से ऊपर खर्च पर खुद पैसे देने होंगे अस्पताल को प्राथमिक उपचार के बाद बड़े अस्पताल में रेफर करना है तो उस अस्पताल को तय करना होगा कि जहां रेफर किया जा रहा है, वहां मरीज को दाखिला मिले। डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज होने के बाद उसके भुगतान में नोडल एजेंसी के रूप में ठलअक काम करेगा। यानी इलाज के बाद मरीज या उनके परिजन को डेढ़ लाख तक की रकम का भुगतान नहीं करना है।

## पहलगाम हमला सोची समझी साजिशः देवगौड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एच.डी. देवगौड़ा ने कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमले को पूर्व नियोजित साज़िश करार दिया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उठाए गए कदमों को पूर्ण समर्थन देती है। देवगौड़ा ने मंगलवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमला योजनाबद्ध था। वे पहले भी इसपर अपना मत रख चुके हैं और एच.डी. कुमारस्वामी भी इस पर सहमत हैं।

**कैबिनेट फैसले**

*पांगी को राज्य का पहला प्राकृतिक खेती उप मंडल घोषित करने का भी निर्णय लिया गया*

# घरेलू कामकाजी महिलाओं को सुख सम्मान निधि को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठकें लगातार दो दिन चलीं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में घरेलू कामकाजी महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शामिल करने को मंजूरी दी गई। घरेलू सहायिका के रूप में न्यूनतम 100 दिन का काम पूरा करने वाली महिलाएं और उनकी 21 वर्ष या उससे अधिक आयु की बेटियां अब इस योजना के अंतर्गत लाभ के लिए



पात्र होंगी और उन्हें पेंशन के रूप में 1500 रुपये प्रति माह मिलेंगे

**प्राकृतिक रूप से उगाई फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी**
राज्य में प्राकृतिक रूप से उगाई जाने वाली फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी गई। प्राकृतिक रूप से उगाए जाने वाले गेहूं के लिए एमएसपी 40 से बढ़ाकर 60 रुपये प्रति किलोग्राम और मक्की के लिए 30 से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, कैबिनेट ने प्राकृतिक रूप से उगाई जाने वाली कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपये प्रति किलोग्राम और चंबा जिले के पांगी ब्लॉक से जौ के लिए 60 रुपये प्रति किलोग्राम एमएसपी को मंजूरी दी।

**पांगी को राज्य का पहला प्राकृतिक खेती उप मंडल घोषित करने का भी निर्णय लिया गया**
मंत्रिमंडल ने राज्य के लोगों को कुशल परिवहन सेवाएं प्रदान करने तथा बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए निजी ऑपरेटरों के पक्ष में 422 स्टेज कैरिज रूट आवंटित करने को मंजूरी दी। ट्रांसपोर्ट पॉलिसी में 40:60 वाली शर्त में छूट देने का फैसला लिया है।


आपकी सुरक्षा ... आपके हाथ

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय



21वां ग्रीष्मकालीन शिविर 2025
प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियाँः 27 मई से 10 जून, 2025
समयः प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक (रविवार छोड़कर)



सभी महिलाओं के लिए निहत्था प्रतिरोध एवं आत्मरक्षा तकनीकों पर प्रशिक्षण

स्थान

| क्र.सं. | स्थान | आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथि व समय (रविवार छोड़कर) | नये कानून पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम की तिथि | लैगिंक संवेदनशीलता कार्यक्रम की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एमसीडी प्राइमरी को-एड स्कूल, नानकपुरा, नई दिल्ली -110021 | 27.05.2025 से 10.06.2025 (प्रातः 8.00 से प्रातः 10.00 तक) | 02.06.2025 | 03.06.2025 |
| 2. | विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पॉकेट-5, कोंडली, मयूर विहार फेज़-3, दिल्ली-110096 | 27.05.2025 से 10.06.2025 (प्रातः 8.00 से प्रातः 10.00 तक) | 03.06.2025 | 04.06.2025 |
| 3. | छोटू राम पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकेंडरी, बख्तावरपुर, अलीपुर, दिल्ली-110036 | 27.05.2025 से 10.06.2025 (प्रातः 8.00 से प्रातः 10.00 तक) | 04.06.2025 | 05.06.2025 |
| 4. | गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोयला खुर्द, दिल्ली-110043 | 27.05.2025 से 10.06.2025 (प्रातः 8.00 से प्रातः 10.00 तक) | 05.06.2025 | 06.06.2025 |

विशेष कार्यक्रमः नये कानूनों एवं महिला सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक
पंजीकरण के लिए
06 मई 2025 से 16 मई 2025 सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक निर्धारित स्थल पर आएं।
24x7 विशेष महिला हेल्पलाइन नं. 1091/7835075012
साइबर अपराधों की सूचना तुरंत 1930 पर दें
ऑनलाइन पंजीकरण हेतु www.spuwac.in पर जाएं
DP/9776/2025
हमें फॉलो करें @DelhiPoliceOffcial @DelhiPolice @Delhi.Police_official @DelhiPoliceofficial delhiPoliceofficial
पुलिस आयुक्त, दिल्ली की ई-मेलः cp.sanjayarora@delhipolice.gov.in | पुलिस आयुक्त, दिल्ली को लिखें : पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली
तत्काल पुलिस सहायता के लिए कॉल करें 112
जानकारी साझा करने हेतु कॉल करें 14547

# बीकानेरवाला रेस्टोरेंट पर परोसा गया बासी खाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** बासी खाना परोसने की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमों ने लालकुआं स्थित बीकानेरवाला रेस्टोरेंट पर छापा मारा। इस दौरान अधिकारियों को रसोई में गंदगी भी मिली। अधिकारियों ने खाद्य उत्पादों के नमूने लेकर जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजे हैं।



**20 अप्रैल को खाना खाने रेस्टोरेंट पहुंचा था परिवारः** शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि वह 20 अप्रैल को परिवार के साथ रात के समय लालकुआं स्थित बीकानेरवाला रेस्टोरेंट में खाना खाने गई थीं, जहां पर उन्हें बासी खाना परोसा गया। उनका आरोप है कि वेटर जब ठंडा खाना परोस रहा था तब भी विरोध किया, लेकिन तब स्टाफ ने बासी खाने की बात छुपा ली।
**चने की सब्जी से आ रही थी बदबूः** सभी को भूख सभी को लगी हुई थी और रेस्टोरेंट के नाम पर भरोसा तो सभी ने खाने लगे। जब चने की सब्जी परोसी गई, तो उसमें से बदबू और चिपचिपापन देखकर यह एहसास हुआ कि सेहत खिलवाड़ किया जा रहा है। विरोध के बाद स्टाफ ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए बासी खाना परोसने की बात मानी और बिल न लेने की पेशकश की।

**जांच जारी**

- जब चने की सब्जी परोसी गई, तो उसमें से बदबू और चिपचिपापन देखकर यह एहसास हुआ कि सेहत खिलवाड़ किया जा रहा

**खाना खाने के बाद अस्पताल में भर्ती होना पड़ाः** परिवार ने पूरा बिल भरा और उसकी रसीद ली। रेस्टोरेंट से निकलने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें रात में अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। इसके बाद उन्होंने इस पूरे प्रकरण को एक्स पर पोस्ट किया और खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई। महिला की शिकायत के बाद 5 मई 2025 को गाजियाबाद के खाद्य अधिकारी रेस्टोरेंट में जांच के लिए ᴾ रेस्टोरेंट **पर परोसा गया** बासी खाना, शिकायत पर छापेमारी कर लिए गए नमूने गाजियाबाद के लाल कुआं स्थित बीकानेरवाला रेस्टोरेंट में बासी खाना परोसने की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापा मारा।

# प्रतीक ग्रैंड सिटी के बेसमेंट में 5 दिन बाद भी भरा है पानी, लिफ्ट बंद होने से लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड सिटी सोसायटी के बेसमेंट में जमा गंदे पानी की समस्या पांच दिन बाद भी पूरी तरह से हल नहीं हो पाई है। बेसमेंट में जलभराव से उत्पन्न दिक्कतों को दूर करने के लिए पंपसेट की मदद से लगातार जल निकासी की जा रही है। कुछ टावरों की लिफ्टें आंशिक रूप से चालू हो गई हैं, लेकिन अब भी अधिकांश निवासियों को दैनिक आवाजाही में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सोसायटी प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि पानी निकालने की प्रक्रिया में



किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए और कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त, बिल्डर की ओर से हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। जहां निवासियों की समस्याओं को तत्काल दर्ज कर समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। फिर भी बुनियादी सुविधाओं की बाधित आपूर्ति की कमी के कारण लोगों को काफी असुविधा हो रही है। कई परिवारों को पीने के पानी, लिफ्ट न चलने से बहुमंजिला इमारतों से आवाजाही और वाहन पार्किंग जैसी जरूरतों को लेकर रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे नाराजगी का माहौल बना हुआ है।

**परेशानी**

- सोसायटी के बेसमेंट में जमा गंदे पानी की समस्या पांच दिन बाद भी पूरी तरह से हल नहीं हो पाई

**क्या है पूरा मामला?** आपको बता दें कि बीते बृहस्पतिवार को नाले की दीवार टूटने की वजह से पानी सोसायटी में भर गया था। बेसमेंट में पानी इतना भरा की गाड़ियां ही उसमें डूब गई।

ऐसे में पानी भरने से लिफ्ट भी बंद करनी पड़ी और लोग फ्लैटों में कैद होकर रह गए।

## शादी समारोह से लौटते समय वाहन की टक्कर से बुलेरो सवार की मौत, दो घायल

**बिलासपुर।** सिकंदराबाद थाना क्षेत्र में देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा बुलंदशहर और गौतम बुद्ध नगर की सीमा पर स्थित सिकंदराबाद रोड पर निजामपुर पुलिस चौकी के पास हुआ। हादसे में दो दोस्त भी घायल हुए हैं। मृतक की पहचान खुर्जा के गांव सनैता भाईपुर निवासी मोनू (22) के रूप में हुई है। परिचित का कहना है कि मोनू अपने परिवार के साथ ग्रेटर नोएडा के जैतपुर इलाके में रहता था। सोमवार को वह अपने दोस्तों के साथ सिकंदराबाद में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। पुलिस के अनुसार शादी से लौटते समय मोनू बुलेरो चला रहा था। उसी दौरान निजामपुर पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में मोनू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उसके साथ मौजूद दोस्तों को हल्की चोटें आई हैं।


### उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09242331A | केबल असेंबली | 2069 नग | 23-05-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 12/2025–2026 दिनांकः– 05.05.2025 1333/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय गुप्ता, पुत्र :** स्व. श्री राम गोपाल गुप्ता, **पताः** जे–297, ब्लॉक, शकूरपुर, दिल्ली ने Ct. Case **No. 11210/2016 U/s 138 NI ACT, थानाः केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि Ct. Case **No. 11210/2016 U/s 138 NI ACT, थानाः केएनके मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 107, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/5669/RD/2025
(Court Matter)

### भारतीय रेल

**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**
**शुद्धिपत्र–V**

**विषयः अट्ठारह नग सैल्फ प्रोपेल्ड अल्ट्रासोनिक रेल टेस्टिंग कार "स्पर्ट कार" की आपूर्ति के लिए दिनांक 30.05.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम– 2402**

उपरोक्त निविदा के संबंध में, आई आर एस टी 52 के ए सी स्लिप सं. 1 का शुद्धिपत्र सं. 1, निविदा नियमों व शर्तों से संबंधित शुद्धिपत्र सं. IV एवं संशोधित निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिये गये है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

कार्यपालक निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी.)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष नं. 011–47845531
ई मेल : vijay.singh.2017@gov.in
1329/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/IV द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 20-DRM-MB-25-26 Dt. 09.04.2025 | 21-DRM-MB-25-26 Dt. 09.04.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of Rubberised Level Crossing surfacing on LC Nos 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 62, 77, 78, 79, 82, 83, 88, 89, 90, 91, 94, 96 and 97 on MB-GZB section under ADEN/HPU. | Provision of Rubberised Level Crossing surfacing on LC Nos 02, 07, 16, 21, 25, 27, 30, 38, 44, 50 and 51 on MB-GZB section and 1B & 7B on GJL-MZM section under ADEN/GJL. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 03.06.2025 | 03.06.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,95,56,417.58 | 4,52,21,552.65 |
| धरोहर राशि | 3,97,800.00 | 3,76,100.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 20.05.2025 | 20.05.2025 |

टेन्डर नं. **Sr.DEN-IV/Publication/24-25** दिनांक : **06.05.2025** 1339/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **जय शिवम पुत्रः** किशन पताः एस–333, स्कूल ब्लॉक शकरपुर, पूर्वी दिल्ली, ने **FIR No. 158/2022, U/s 279/337 IPC थानाः आई.पी. एस्टेट दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय शिवम,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय शिवम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 158/2022, U/s 279/337 IPC थानाः आई.पी. एस्टेट दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जय शिवम,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती प्रीति
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 150
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/5740/CD/2025
(Court Matter)


## नौकरी से निकाले गए 240 माली और सफाई कर्मचारियों को सुप्रीम राहत

**ग्रेटर नोएडा।** नौकरी से निकाले गए 240 माली और सफाई कर्मचारियों को सर्वोच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को इन कर्मचारियों को 46 करोड़ रुपये का भुगतान करने के साथ बहाल भी करना होगा। उच्च न्यायालय की ओर से सुनाए गए फैसले में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने आवेदन पर सुनवाई नहीं की। दरअसल, प्राधिकरण ने वर्ष 2003 में 240 कर्मचारियों को बिना नोटिस के नौकरी से हटा दिया था। पीड़ित कर्मचारी सीटू के नेतृत्व में अपने हक के लिए तभी से लड़ाई लड़ रहे हैं। इसे मामले को औद्योगिक न्यायाधिकरण पंचम,मेरठ में उठा गया, जिसने मई वर्ष 2018 में कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया। इस फैसले में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को आदेश दिया गया था, कि वह कर्मचारियों को कार्य पर पुनः बहाल करे और पिछले वेतन का भुगतान भी करे।


### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**निविदा सूचना**

(1) निविदा सूचना सं. CPM-GSU-R-T-03-25-26, दिनांक 02.05.2025

**कार्यः**- रायपुर-बिलासपुर मुख्य लाइन के बीच सिलयारी स्टेशन पर लम्बी लूप लाइन का निर्माण। **निविदा मूल्यः रू. 2,92,09,066/-, ईएमडीः रू. 2,96,100/-, निविदा प्रस्तुत करने की तिथिः- 30.05.2025 को 11.00 बजे तक, निविदा खोलने की तिथिः 30.05.2025 को 11.00 बजे तक।**

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता का मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया उप मुख्य इंजीनियर गति शक्ति इकाई रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।

कार्य पालन इंजीनियर
द.पू.म.रे., रायपुर
पीआर/आर/जीएसयू-एक्सईएन/एएन/27
South East Central Railway @secrail

### उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्या :** EL-C-PRYJ-03-25-26 **दिनांकः** 05.05.2025

**ई-निविदा सूचना (विद्युत निर्माण)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा **दिनांक 30.05.2025 समय 15:00 बजे** तक आमंत्रित करते हैं। निविदा सम्बन्धी विस्तृत विवरण निम्नवत् हैः- **निविदा खुलने की तिथिः 30.05.2025**

**क्र.सं.: 1** **प्रकाशित कार्य की लागत (रू0 में):** ₹ 17,64,78,445.20

**कार्य का नाम :** डीटूरिंग ऑफ़ एक्ज़िस्टिंग 132 के0 वी0 3 फेज़ डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन एट वेरियस 2X25 के0 वी0 टीएसएस इन जिवनाथपुर-कानपुर सेक्शन ऑफ़ नार्थ सेंट्रल रेलवे इन कनेक्शन विथ मिशन रफ़्तार प्रोजेक्ट।

**बोली प्रतिभूति (रू0 में):** ₹ 10,32,400/- **कार्य अवधिः** 06 माह

**नोटः-** (1) उपरोक्त सभी ई-निविदाओं का पूरा विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 15:00 बजे** टेण्डर खुलने की तिथि तक उपलब्ध है। (2) उपरोक्त सभी ई-निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से संपर्क किया जा सकता है। **772/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.:** 2025-मई-01 **दिनांकः** 01.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली निविदा ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.: 1** | **निविदा सं.:** 2025-मई-01-01 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 138684777.07
**कार्य का विवरण :** मथुरा जंक्शन पर तीसरे प्रवेश द्वार पर नए स्टेशन भवन और सड़क चौड़ीकरण का प्रावधान।

**क्र.सं.: 2** | **निविदा सं.:** 2025-मई-01-02 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 3712364.01
**कार्य का विवरण :** आगरा मंडल में परिचालन कर्मचारियों के लिए नदबई, बृजनगर, बरसाना, गजिका, अझई और अन्य स्टेशनों पर विश्राम कक्ष और शौचालय का प्रावधान।

**क्र.सं.: 3** | **निविदा सं.:** 2025-मई-01-03 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 863917.84
**कार्य का विवरण :** सहायक मंडल इंजीनियर द्वितीय मथुरा के सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों कीथम, फरह, मोरा और रुनकता पर टैंकरों के द्वारा जलापूर्ति का प्रावधान (24 महीने के लिए)।

**क्र.सं.: 4** | **निविदा सं.:** 2025-मई-01-04 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 1964800.00
**कार्य का विवरण :** 02 वर्ष की अवधि के लिए वरि. मंडल इंजीनियर प्रथम/आगरा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत भूमिगत जल भंडारण सम्प, शिरोपरि आरसीसी जलाशय और पीवीसी पानी की टंकियों की आवधिक सफाई।

**क्र.सं.: 5** | **निविदा सं.:** 2025-मई-01-05 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 537237.75
**कार्य का विवरण :** किरावली तथा मिढाकुर- स्टेशन और कॉलोनी मे 15 महीने के लिए पेयजल की आपूर्ति का कार्य।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 23.05.2025 को 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **764/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंध में समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट **www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

**बी) पुनः टेण्डर कार्यः–**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 20/महाप्रबन्धक (एन0टी0सी0)/व0प्र0 वि/या 3/2024–25 | सीसीटीवी और ईपीएबीएक्स के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध, महामाया फ्लाईओवर, सेक्टर-94 नौएडा के पास कमांड कंट्रोल सेंटर भवन के लिए कार्य। | 7.30 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **12.05.2025** को सायं **5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक **13.05.2025** को **11.00 बजे** खोली जाएगी।

महाप्रबन्धक
(एन0टी0सी0) नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा


## कार और बाइक में टक्कर, दो युवकों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के दिल्ली कैंट थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खाटू श्याम मंदिर के पास बाइक और कार की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान विकास और मंगल के रूप में हुई है, जो दोनों दिल्ली कैंट के किरबी प्लेस स्थित धोबी घाट इलाके के निवासी थे। घायल युवकों के नाम साहिल और राजा हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो कि सतबीर पुत्र राम कवार निवासी गांव टेहा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका नवीन व उसकी पली राजकुमारी मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते है । मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# मॉक ड्रिल से पहले दिल्ली में बढ़ाई सुरक्षा

## प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने के लिए विशेष गश्ती इकाइयों को तैनात किया गया, पुलिस ने गश्त बढ़ा दी

**चाक चौबंद**

**पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है और सभी बड़े पर्यटक स्थलों एवं बाजारों में खासतौर पर ध्यान दिया जा रहा**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर बुधवार को होने वाली मॉक ड्रिल से पहले राजधानी दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है और सभी बड़े पर्यटक स्थलों एवं बाजारों में खासतौर पर ध्यान दिया जा रहा है। कनॉट प्लेस, इंडिया गेट, जनपथ, पालिका बाजार, यशवंत पैलेस, गोल मार्केट, करोल बाग, चांदनी चौक, सरोजनी नगर, गांधी नगर आदि बाजार एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों सहित प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने के लिए विशेष गश्ती इकाइयों को तैनात किया गया है। पुलिस की एक टीम मंगलवार सुबह से कनॉट प्लेस की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रही है। पूर्वी दिल्ली के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए एवं नागरिकों की सुरक्षा तथा सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूर्वी जिला पुलिस ने प्रमुख प्रवेश और निकास बिंदुओं पर वाहनों की जांच तेज कर दी है। इस सक्रिय उपाय का उद्देश्य संभावित आतंकवाद के खतरे को रोकना है। हम इस दौरान सभी निवासियों एवं यात्रियों से सहयोग का अनुरोध करते हैं। दक्षिण-पश्चिमी जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की कई टीम विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त कर रही हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यइस पहल का उद्देश्य सामुदायिक चौकसी को मजबूत करना, कड़ी निगरानी रखना तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी डीसीपी को तैयारियों के लिए विस्तृत योजना बनाने को कहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) ने दिल्ली में गश्त को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकें शुरू कर दी हैं।

### व्यापक स्तर पर होगी मॉक ड्रिल

**दिल्ली** में बुधवार को बड़े स्तर पर मॉक ड्रिल की जाएगी। इस दौरान पुलिस टीमों के साथ बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और श्वान दस्ते, डॉग स्क्वायड टीम, एंबुलेंस, दमकल की टीम व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की टीमें तैनात रहेंगी। ये टीमें सभी बड़े बाजार, सभी बड़ी सरकारी इमारतों, सभी बड़े धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल और अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार कड़ी जांच करेंगी। सड़कों पर जगह-जगह बैरिकेड लगाकर वाहनों की सघन जांच की जाएगी।

**दिल्ली पुलिस के मुख्यालय पर लर्ड सिस्टम हुआ तैनात**

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले का जवाब देने के लिए भारत ने अपनी पूरी तैयारियां कर ली है। केंद्र सरकार के निर्देश पर देश के 244 जिलों में बुधवार को मॉक ड्रिल होगी, जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में कई दिनों से अभ्यास जारी है। इस बीच राजधानी नई दिल्ली में दिल्ली पुलिस के मुख्यालय पर लर्ड (लॉन्ग रेंज एकॉस्टिक डिवाइस) सिस्टम तैनात गया है। पुलिस अधिकारियों को इस सिस्टम के काम करने के बारे में जानकारी दी गई है।

**तैयारी**

**लर्ड बहुत तेज ध्वनि उत्पन्न करता है, जिसे 500 मीटर और एक किलोमीटर से अधिक तक सुना जा सकता है**

**क्या है लर्ड सिस्टम ?**

पुलिस अधिकारी के अनुसार लर्ड एक ऐसी डिवाइस है जो कि विशेष प्रकार का ध्वनि-आधारित उपकरण है।

इसका इस्तेमाल लोगों को अलर्ट करने के लिए जाता है। लर्ड बहुत तेज ध्वनि उत्पन्न करता है, जिसे 500 मीटर और एक किलोमीटर से अधिक तक सुना जा सकता है। अचानक हमले की स्थिति में लर्ड एक शक्तिशाली सायरन के रूप में काम करेगा, जो भीड़ को सावधान करेगा और जनता तक आपातकालीन संदेश पहुंचाएगा। लर्ड का उपयोग भीड़ नियंत्रण, चेतावनी और आपदा के समय लोगों को निर्देश देने के लिए किया जाता है।

### दिल्ली के सभी बॉर्डरों पर कड़ी सुरक्षा

**पुलिस** अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में गश्त बढ़ाने के साथ दिल्ली के सभी छोटे-बड़े बॉर्डरों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया है। सभी डीसीपी अपने जिलों में व्यवस्था की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। वहीं सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) और थाना प्रभारियों (एसएचओ) को ग्राउंड पर रहने और कड़ी निगरानी रखने के लिए कहा गया है। खास तौर से संवेदनशील इलाकों में शाम और रात के समय पैदल गश्त बढ़ाने पर जोर दिया गया है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष चौकियां स्थापित कर और बाइकों पर ग्रुप पेट्रो भी की जा रही है।

# सीएम रेखा ने 66/11 केवी जीआईएस ग्रिड सब स्टेशन का किया उद्घाटन

**बिजली आपूर्ति**

**यह परियोजना, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के एक लाख से अधिक नागरिकों को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पालम में बीआरपीएल के 66/11 केवी जीआईएस ग्रिड सब स्टेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इसे आसपास के कई कॉलोनियों में रहने वाले एक लाख लोगो को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद भी उपस्थित रहे। इस दौरान रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार लोगों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आज बीआरपीएल का 66/11 केवी ग्रिड सबस्टेशन स्थापित किया। इसका लाभ एक लाख निवासियों को मिलेगा। दिल्ली में बढ़ती बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए एडवांस इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनाया जा रहा है। जिसे लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके। उन्होंने जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह दिल्ली के लोगो को समर्पित एक नई तकनीक वाला बहुमंजिला सब स्टेशन है। रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा कि यह उप-केंद्र 1170 वर्ग मीटर में निर्मित ग्राउंड दो संरचना वाला एनसीआर का सबसे कॉम्पैक्ट पूर्णतः स्वचालित और सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन-नियंत्रित विद्युत उप-केंद्र है। जिसकी 63 एमवीए क्षमता आने वाले वर्षों की बढ़ती मांग को भी पूरा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "विकसित भारत" और "स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर" के विजन से प्रेरित यह परियोजना, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के एक लाख से अधिक नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

## ऑनलाइन बीमा पॉलिसी ठगी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ठगी के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान दीपक कुमार झा के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले व्यक्तियों को ऑनलाइन बीमा पॉलिसी खरीदने व किसी डीलर को बड़ा काम देने और अन्य विभिन्न तरीकों के बहाने ठगता था।

## केजरीवाल पानी को रोक कर के हार का बदला लेना चाह रहेः प्रवेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने दिल्ली में पानी की कम आपूर्ति को लेकर के मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पंजाब सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल दिल्ली में पानी को रोक कर के हार का बदला लेना चाह रहे है। प्रवेश वर्मा ने आरोप लगाया कि यह कोई साधारण जल संकट नहीं दिल्ली की जनता से बदला लेने की अरविंद केजरीवाल की घिनौनी साजिश है। वर्मा ने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह दिल्ली की जनता को प्यासा मारकर अपनी हार का बदला लेने चाहते हैं।
पंजाब की सरकार ने जानबूझकर भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से पानी छोड़ना बंद किया है। वर्मा ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से दिल्ली को हरियाणा से लगातार कम पानी मिल रहा है। पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी की साजिश के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि यह संकट प्राकृतिक नहीं राजनीतिक है।

## अभाविप ने 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' में सहभागिता करने के लिए युवाओं-विद्यार्थियों का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने मंगलवार को केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 7 मई को देशभर में आयोजित की जा रही 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' में युवाओं-विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि अभाविप 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' का स्वागत करती है। हम सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों से आह्वान करते हैं कि वे इस अभियान में पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ भाग लें और 'सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। देश के नागरिकों को आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार रहना होगा। सोलंकी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मानती है कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल हमारी सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक विशेषकर युवा वर्ग का साझा उत्तरदायित्व है। विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में ऐसे केंद्र बनने चाहिए जो जागरूकता, सतर्कता और तैयारियों का प्रतीक हों। वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि अभाविप देशभर के विद्यार्थियों, युवाओं और शैक्षणिक संस्थानों से आह्वान करती है कि वे इस 'मॉक ड्रिल' में पूरी सक्रियता से भाग ले।




## जल संकट पर उपराज्यपाल को सौपा ज्ञापन

### दिल्ली वासियों पर थोपे जा रहे कृत्रिम जल संकट के संबंध में ज्ञापन सौपा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को कथित तौर पर आम आदमी पार्टी (आआपा) की पंजाब सरकार द्वारा दिल्ली वासियों पर थोपे जा रहे कृत्रिम जल संकट के संबंध में ज्ञापन सौपा। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीन खण्डेलवाल एवं बांसुरी स्वराज उपस्थित रही। इस ज्ञापन में लिखा है कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार ने हरियाणा राज्य की भाखड़ा बांध से जल आपूर्ति में कटौती की घोषणा कर दिल्ली पर एक कृत्रिम जल संकट थोपने का कार्य किया है। पत्र में लिखा है कि भाखड़ा बांध में जल की कोई कमी नहीं है। फिर भी आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार ने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति हेतु भाखड़ा नहर से जल आपूर्ति में भारी कटौती की घोषणा की है। दिल्ली को अपनी जल आपूर्ति का 50 फीसदी से अधिक हिस्सा हरियाणा से प्राप्त होता है। कोई भी कृषि प्रधान राज्य जब वह जल संकट का सामना कर रहा हो तो पहले अपने जल संसाधनों का उपयोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए करेगा। पत्र में कहा गया है कि दिल्लीवासियों ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया है।
राजनीतिक अस्थिरता फैलाने के षड्यंत्र के तहत आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को लगभग पूर्ण जल संकट की स्थिति की ओर धकेल दिया है। उन्होंने उपराज्यपाल को मामले में हस्तक्षेप करने और दिल्ली को अरविंद केजरीवाल द्वारा निर्मित जल संकट से बचाने हेतु समाधान सुनिश्चित करने की मांग की।

**मांग**

**दिल्ली को अरविंद केजरीवाल द्वारा निर्मित जल संकट से बचाने हेतु समाधान सुनिश्चित करने की मांग**

## दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर जारी रहेगा प्रतिबंधः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर रोक जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी, राजस्थान और हरियाणा को निर्देश दिया है कि वो दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगी रोक को लागू करे। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने चेतावनी देते हुए कहा कि आदेश को लागू नहीं करने पर अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। कोर्ट ने तीनों राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे पर्यावरण संबंधी कानून को पूरी तरह लागू करते हुए पटाखों की बिक्री, स्टोरेज और यहां तक कि आनलाइन डिलीवरी पर रोक का दिशा-निर्देश जारी करें। कोर्ट ने इन राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे पटाखों पर बैन के आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने के मशीनरी स्थापित करें। इसके पहले 3 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूरी तरह से लगाए प्रतिबंध को सही ठहराया था।

## वीरा राजा वीरा के संगीत के कॉपीराइट उल्लंघन मामले में एआर रहमान को राहत

**क्रेडिट**

**डागर बंधुओं को नहीं दिया था बाद में फिल्म के आनलाइन संस्करण में क्रेडिट दिया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने मशहूर संगीतकार एआर रहमान को राहत दी है। जस्टिस सी. हरिशंकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने 2023 के फिल्म पोन्नियनसेलवन 2 का गाना वीरा राजा वीरा के संगीत के कॉपीराईट उल्लंघन के मामले में एआर रहमन और प्रोडक्शन कंपनी मद्रास टाकीज पर दो करोड़ रुपये का अंतरिम जुमार्ना लगाने के सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 23 मई को होगी। डिवीजन बेंच ने एआर रहमान को दो करोड़ रुपये रजिस्ट्री में जमा करने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि दो करोड़ रुपये जमा करने का आदेश केवल औपचारिकता है। 25 अप्रैल को हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने फिल्म पोन्नियनसेलवन 2 का गाना वीरा राजा वीरा के संगीत के कॉपीराईट उल्लंघन के मामले में एआर रहमन और प्रोडक्शन कंपनी मद्रास टाकीज पर दो करोड़ रुपये का अंतरिम जुमार्ना लगाया था। जस्टिस प्रतिभा सिंह की सिंगल बेंच ने ये आदेश जारी किया था। सिंगल बेंच ने कहा था कि गीत वीरा राजा वीरा के सुर और ताल न केवल शिव स्तुति के गाने की तरह है बल्कि ये कुछ बदलावों के साथ शिव स्तुति ही लगता है। कोर्ट ने कहा था कि एआर रहमान और मद्रास टाकीज ने शुरू में इस गाने का क्रेडिट डागर बंधुओं को नहीं दिया था लेकिन बाद में फिल्म के आनलाइन संस्करण में क्रेडिट दिया।



# सीएम ने नमो भारत कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की

**संपत्ति**

**हरियाणा सरकार यातायात की भीड़ को कम करने और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एनसीआर क्षेत्र में आठ नमो भारत कॉरिडोर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, जिसके तहत तीन कॉरिडोर वर्तमान में चरण-कर्म कार्यान्वयन के अधीन हैं। इनमें दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ (82 किमी), दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी (105 किमी) और दिल्ली-पानीपत-करनाल (136 किमी) मार्ग शामिल हैं। बैठक में हरियाणा के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह भी शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने यातायात की भीड़ को कम करने, क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने और हरियाणा के शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ाने में नमो भारत कॉरिडोर (आरआरटीएस) की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को दिल्ली-एसएनबी और दिल्ली-करनाल परियोजनाओं के लिए मंजूरी में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि उनका समय पर पूरा होना सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के एमडी शलभ गोयल ने दो नमो भारत कॉरिडोर की विभिन्न विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में बताया गया कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर ने 55 किलोमीटर सेक्शन पर सफल संचालन रहा है और लोगों की अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया आई है। नमो भारत कॉरिडोर का डिजाइन भविष्य के लिए, ट्रैफिक होना चाहिए और सिस्टम की उपयोगिता बढ़ाने के लिए मेट्रो सिस्टम के साथ कुशल एकीकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी और दिल्ली-पानीपत-करनाल कॉरिडोर से संबंधित अलाइनमेंट, स्टेशनों और भूमि आवश्यकताओं की समीक्षा की।

**विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश**

**मुख्यमंत्री** ने प्रस्तावित गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत कॉरिडोर के अलाइनमेंट की भी समीक्षा की और अधिकारियों को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए एनसीआरटीसी को आवश्यक अनुमोदन और सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि नमो भारत ट्रेन लगभग 1 घंटे में 90 किमी की दूरी तय करता हुए हाई स्पीड कनेक्टिविटी सुनिश्चित करती है। यह गाजियाबाद और गुरुग्राम के बीच यात्रा के समय को सड़क मार्ग से 100 मिनट से घटाकर सिर्फ 37 मिनट कर देगा। यह हरियाणा से दिल्ली हवाई अड्डे तक तेज और सीधी पहुँच भी प्रदान करेगा। नमो भारत ट्रेन की अधिकतम डिजाइन गति 180 किमी प्रति घंटा है, जिसमें 5-10 किमी की अंतर-स्टेशन दूरी और हर 5-10 मिनट में ट्रेन की आवृत्ति है। इसमें प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर और स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली भी होगी। बैठक में सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सीएम के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, एसीएस- टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और शहरी संपदा विभाग ए.के. सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## केएमपी के साथ-साथ पौधारोपण को बढ़ावा दिया जाए– वन मंत्री राव नरबीर सिंह

**पौधारोपण**

**कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस वे के दोनों और पौधारोपण को बढ़ावा दिया जाए और इसके लिए सौर ऊर्जा संचालित नलकूप लगाए जाए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के वन, पर्यावरण एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस वे के दोनों और पौधारोपण को बढ़ावा दिया जाए और इसके लिए सौर ऊर्जा संचालित नलकूप लगाए जाए। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने का टारगेट नहीं होना चाहिए बल्कि बचाने का टारगेट होना चाहिए। राव नरबीर सिंह आज वन विभाग के अधिकारियों के साथ आगामी वन महोत्सव को लेकर बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पौधा रोपण में एनजीओ औद्योगिक घरानों तथा आरडब्ल्यूए का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। एनसीआर में उद्योगों को सीएसआर के तहत पौधारोपण पार्क चौराहों के रख-रखाव के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि एचएसआईआईडीसी, एचएसवीपी व अन्य विभागों की खाली पड़ी जमीन पर कूड़ा-करकट न हो। इसके स्थान पर पेड़ लगाए जाने चाहिए। इससे शहरों में आक्सीजन परियोजना को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि नहरों, रजवाहों व अन्य जल स्त्रोतों के दोनों ओर भी पौधारोपण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा जहां–जहां क्रैशर जोन है वहां भी छायादार पेड़ लगाए जाने चाहिए। नीम, बरगद, पीपल की त्रिवेणी के साथ-साथ गुलमोहर, अमलतास व कदम के पेड़ भी लगाए जाने चाहिए। सभी पेड़ों की जिओ मैपिंग की जानी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए चलाए गए अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' में बढ़चढ़ कर भाग लें और जन्मदिवस, सालगिरह व माता–पिता के जन्मदिवस पर पौधारोपण अवश्य करें और उनकी कम से कम तीन—चार साल देखभाल करेंगे जब तक वह जड़ न पकड़ लें।

# हरियाणा और पंजाब में आज होगा मॉक ड्रिल

**ब्लैकआउट**

**शिमला और चंडीगढ़ में भी मॉक ड्रिल होगी। इन शहरों में रात में सायरन बजेंगे और ब्लैकआउट भी होगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के तहत हरियाणा के 11, पंजाब के 20 शहरों में युद्ध के हालात में बचने के लिए की जाने वाली कवायद की बुधवार को मॉक ड्रिल की जाएगी। इसके अलावा हिमाचल के शिमला और चंडीगढ़ में भी मॉक ड्रिल होगी। इन शहरों में रात में सायरन बजेंगे और ब्लैकआउट भी होगा। हालांकि, मॉक ड्रिल का टाइम अभी तय नहीं है। सिविल डिफेंस की टीमों ने मंगलवार से इस कवायद की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं, पंजाब के सरहदी इलाकों में रहने वाले लोगों का कहना है कि ऐसी तैयारियां आखिरी बार साल 1971 में देखी गई थीं। इससे पहले पंजाब के फिरोजपुर में रविवार को ब्लैकआउट किया गया था।

रात 9 बजे से लेकर साढ़े 9 बजे तक आधे घंटे के लिए बिजली बंद रही। पूरे जिले में अंधेरा छा गया। सायरन बजने के बाद लोगों को घर से बाहर निकलने के लिए मना किया गया था। इस दौरान बताया जाएगा कि हमला हो जाता है तो क्या करना चाहिए। सिटी कंट्रोल से एक हूटर बजेगा। इसके बाद सभी लोगों को अपने घर की सभी लाइटें, मोबाइल टार्च बंद करनी होंगे। वहीं, रोड लाइट, हाईमास्ट लाइट, एनएचएआई और स्टेट हाईवे पर लगी लाइट, टोल पर लगी लाइट भी बंद की जाएगी। ड्रिल के दौरान लोगों को जानकारी देनी होगी कि वह कैसे एक दूसरे की मदद कर सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति घायल हो जाता है तो उस समय कैसे उसे उपचार मिल सके। इस तरह की ड्रिल 1962 में चीन के साथ हुए युद्ध, 1965 और 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध के दौरान हुई थी। पूरे देश में 1971 के बाद यह ड्रिल पहली बार की जा रही हैं। राजस्थान के सरहदी जिलों के लोगों का कहना है कि साल 1971 के बाद वे पहली बार इस तरह की ड्रिल को देख रहे हैं।

# चौथी सीनियर फेडरेशन कप कबड्डी प्रतियोगिता में बजा हरियाणा का डंका

**परचम**

**हरियाणा की महिला एवं पुरुष कबड्डी टीमों ने जीता ब्रान्ज मेडल, पंवार ने खिलाड़ियों को दी बधाई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत और हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने महाराष्ट्र में विदर्भ एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन, अमरावती जिला कबड्डी एसोसिएशन व शोध प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 4वें सीनियर फेडरेशन कप कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के पुरुष एवं महिला कबड्डी टीमों ने ब्रान्ज पदक अपने नाम किया।

कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने हरियाणा कबड्डी को एक और नया मुकाम दिया है और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण को सिद्ध किया है। उन्होंने कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल, सचिव नसीब जाँघू, लड़कों व लड़कियों की टीम के कोचों और सभी पदाधिकारियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज देश- विदेश में हरियाणा के खिलाड़ियों का डंका बज रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिक व पैरा ओलंपिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को सर्वाधिक पुरस्कार की राशि भी दी जा रही है, जिससे खिलाड़ियों को और अधिक प्रोत्साहन मिल रहा है। आज खेल क्षेत्र में हरियाणा राज्य देशभर में हब बन चुका है। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कहा कि कबड्डी के इस शानदार सफर में हरियाणा के खिलाड़ियों ने दिखा दिया कि जब मेहनत, समर्पण और टीम भावना का संगम होता है, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। इससे युवा खिलाड़ियों को यह भी प्रेरणा मिलती है कि अपनी कठिनाईयों और संघर्षों के बावजूद अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते रहना चाहिए। यह जीत सभी खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, इससे पूर्व भी हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी खेल की छाप छोड़ चुके हैं।

# छात्रों को यातायात नियमों की पालना के लिए किया जागरूक

**नियमों का पालन**

**हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा चलाए गए इस अभियान में 15,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी 38 सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों में व्यापक स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से छात्रों में ट्रैफिक नियमों की पालना करने, ड्राइविंग लाइसेंस रखने और दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट के उपयोग की अनिवार्यता के बारे में जागरूक किया गया। एक दिवसीय इस अभियान को क्षेत्रीय यातायात पुलिस और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें इंटरएक्टिव वर्कशॉप, लाइसेंस सत्यापन जांच और हेलमेट वितरण किए गए। प्राधिकारियों ने छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए उनके ड्राइविंग लाइसेंस और दस्तावेजों की जांच के लिए कैंपस में ही सत्यापन डेस्क स्थापित किए। हेलमेट के जीवनरक्षक लाभों को प्रदर्शित करने वाले विशेष सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें विशेषज्ञों ने वास्तविक दुर्घटना सिमुलेशन और यातायात सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह ने कहा कि यह पहल शैक्षणिक गतिविधियों से परे छात्र सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ट्रैफिक नियमों की पालना करके सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में 15,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 85 प्रतिशत के पास वैध लाइसेंस पाए गए। बिना लाइसेंस या हेलमेट वाले छात्रों को परामर्श देकर आवश्यक दस्तावेज और सुरक्षा उपकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि विभाग ने शैक्षणिक पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा मॉड्यूल को शामिल करने और तिमाही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की योजना भी बनाई है। हरियाणा सरकार की यह पहल युवाओं में सुरक्षा और जवाबदेही की संस्कृति विकसित कराती है।

# जजेपी का संगठन नवनिर्माण शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन नवनिर्माण की शुरूआत कर दी है। सोमवार को जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श करके 7 जिला प्रभारियों और 22 जिला अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी द्वारा भिवानी में कृष्ण बजीना, दादरी में ऋषिपाल उमरावस, हिसार में अनिल बालकिया, जींद में सतनारायण बूरा, रोहतक में हरज्ञान मोखरा, सोनीपत में कुलदीप मलिक और यमुनानगर में जरनैल पंजेटा को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जेजेपी ने अंबाला में मन्दीप बोपाराय, भिवानी में जितेंद्र भारद्वाज, दादरी में रविंद्र चरखी, फरीदाबाद में प्रदीप चौधरी, फतेहाबाद में रविंद्र बेनीवाल, गुरुग्राम में सुरेंद्र ठाकरान, हिसार में अमित बूरा को जिला अध्यक्ष बनाया है। झज्जर में संजय दलाल, जींद में जोरा सिंह डूमरखां, कैथल में अवतार चीका, करनाल में गुरदेव रंभा, कुरुक्षेत्र में कुलदीप जखवाला, महेंद्रगढ़ में राजकुमार खातोद, नूंह में नासिर हुसैन अडबर और पलवल में सुरेंद्र सरोत जिला अध्यक्ष होंगे।

# डॉ. राज नेहरू को मिला विशिष्ट सम्मान

**सम्मानित**

**नेशनल डीएवी बोर्ड एवं आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष पूनम सूरी ने डॉ. राज नेहरू को यह सम्मान दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी एवं विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू को विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया है। हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में आयोजित एक समारोह में डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति और आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। नेशनल डीएवी बोर्ड एवं आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष पूनम सूरी ने डॉ. राज नेहरू को यह सम्मान दिया। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए यह विशिष्ट सम्मान दिया गया है।

डॉ. राज नेहरू देश के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति रहे हैं और उन्हें देश में उद्योग एकीकृत दोहरी शिक्षा प्रणाली का मॉडल विकसित करने का श्रेय जाता है। उन्होंने "अर्न व्हाइल लर्न" आधारित कौशल शिक्षा का आदर्श मॉडल देश को दिया है। आज देश भर के कई राज्य इसी मॉडल पर अपने कौशल शिक्षा संस्थानों को चला रहे हैं। उन्होंने कौशल शिक्षा को नए आयाम दिए हैं और इसके माध्यम से रोजगार सृजन तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया है।

वह डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाहर नगर, श्रीनगर के पूर्व छात्र रहे हैं। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि उन्हें डीएवी का छात्र होने पर गर्व है। यह सम्मान प्रदान करने के लिए, उन्होंने डीएवी कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी और आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# विस अध्यक्ष ने टैगोर जयंती पर दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा विधान सभा** अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने राष्ट्रगान रचयिता व महान कवि रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, मानवता और विश्व एकता का संदेश जो हमें टैगोर जैसे महापुरुषों ने दिया है, हमें उस पर चलने का प्रयास करना चाहिए। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर एक महान कवि, लेखक, संगीतकार और दार्शनिक थे। साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में उनका योगदान बेमिसाल रहा है। उनका सुप्रसिद्ध काव्य संग्रह गीतांजलि युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा। इसके लिए उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। रवींद्रनाथ टैगोर ने भारतीय राष्ट्रीयता को प्रेरित करने के लिए कई कविताएं और लेख लिखे। उन्हीं के द्वारा लिखा गया गीत जन गण मन अपने देश का राष्ट्रगान बन गया। कल्याण ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर का दर्शन भारतीय संस्कृति, मानवता और विश्व एकता पर आधारित था। वे कहते थे कि शिक्षा और कला से ही समाज में परिवर्तन संभव है।

# हरियाणा को उसके हक का पानी दिलाए केंद्र : रामपाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पंजाब द्वारा भाखड़ा के पानी का हरियाणा का पूरा हिस्सा न देने और पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा गैरकानूनी ढंग से बीबीएमबी पर ताला जड़ने व पुलिस की तैनाती करने के विरोध में इनेलो पार्टी ने सड़कों पर उतर कर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान मटके फोड़े और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के पुतले जलाए। हिसार जोन के 7 जिलों जींद में प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, हिसार में राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान, सिरसा में विधायक अदित्य देवीलाल, फतेहाबाद में महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला, भिवानी में पूर्व विधायक ओमप्रकाश गोरा, दादरी में पूर्व विधायक रणबीर मंदोला और महेंद्रगढ़ में सुरेंद्र कौशिक की अगुवाई में प्रदर्शन किया और सभी उपायुक्तों को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे। प्रदर्शन में इनेलो के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं समेत भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली और हरियाणा में लोगों ने आम आदमी पार्टी का सफाया कर दिया है। अब पंजाब से भी इस पार्टी को अपना सूपड़ा साफ होता दिख रहा है। यही कारण है कि आप पार्टी लोगों की भावनाओं का फायदा उठाने की फिराक में है और संघीय ढांचे को नकार कर अराजकता फैलाने का काम कर रही है। माजरा ने कहा कि इनेलो पार्टी हरियाणा के किसानों के लिए किसी भी स्तर तक लड़ाई लड़ेगी। पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने भी जल युद्ध किया था। इसके बाद चौधरी अभय सिंह चौटाला ने भी एसवाईएल के पानी के लिए लगातार संघर्ष किया है। इनेलो पार्टी केंद्र सरकार से मांग करती है कि पंजाब में तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और बीबीएमबी के फैसले के अनुसार हरियाणा को उसके हक का पानी दिया जाए। ताकि प्रदेश में सिंचाई व पेयजल के लिए पानी की कमी न रहे। माजरा ने कहा कि पानी नियंत्रण कक्ष पर ताला लगाना और पुलिस तैनात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। पंजाब सरकार को संघीय ढांचे का सम्मान करना चाहिए। इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल

# विज ने अवनीत भारद्वाज को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमण्डल अधिकारी (एसडीओ) अवनीत भारद्वाज को ड्यूटी में कोताही बरतने पर तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के अनुशंसा की है। अवनीत भारद्वाज गुरुग्राम के फरूखनगर में तैनात हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री विज ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, गुरुग्राम के अधीक्षक अभियंता, आपरेशन सर्कल-1 की रिपोर्ट के अनुसार यह पाया गया है कि शहरी श्रेणी के लिए ओके बिलिंग प्रतिशत बहुत ही निराशाजनक है। इसी प्रकार, आरएनटी मामले, एफ से ओके मामलों की पेंडेंसी तथा सबडिवीजन में अधिक बिलों के गुरुग्राम सर्कल में सबसे अधिक मामले पाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार फरूखनगर सबडिवीजन के अंतर्गत लंबित कनेक्शनों का विश्लेषण करने पर पता चला कि 180 घरेलू कनेक्शन और 32 वाणिज्यिक कनेक्शन लंबित हैं, जिनमें से 16 घरेलू कनेक्शन और 12 वाणिज्यिक कनेक्शन आरटीएस समय सीमा से बाहर हो गए हैं जोकि बहुत चिंताजनक है। इसके अलावा, कनेक्शनों के रिकार्ड को देखने के बाद पता चला है कि सबडिवीजन में 2 किलोवाट के कुछ घरेलू कनेक्शन 3 महीने से अधिक समय से लंबित हैं। इन 2 किलोवाट के घरेलू कनेक्शनों को जारी करने में देरी के बारे में एसडीओ से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने बचाव में कोई उचित जवाब नहीं दिया गया। इसी प्रकार, उपमंडल फरूखनगर की आपूर्ति स्थिति की जांच करते समय यह भी गंभीरता से देखा गया कि कई आरडीएस/शहरी 11 केवी फीडरों में लंबे समय तक दैनिक आधार पर बार-बार ब्रेक डाउन हो रहा है।

# सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र



**मुद्दा पानी का**

**यमुना-घग्गर लिंक नहर परियोजना को प्राथमिकता दी जाए, भाजपा और आप दोनों साजिश कर रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों एक साजिश के तहत हरियाणा के हितों पर कुठाराघात कर रही हैं, प्रदेश में जल संकट पर दोनों राजनीतिक करने में लगे हुए है जबकि जनता बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही है, ऐसे में केंद्र सरकार को हस्तक्षेप कर हरियाणा को उसके हक का पानी दिलाना चाहिए क्योंकि बीबीएमबी केंद्र के अधीन ही काम करता है। उधर कुमारी सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल को पत्र लिखकर कहा है कि हरियाणा के जल संकट के स्थायी समाधान के लिए यमुना-घग्गर लिंक नहर का निर्माण किया जा सकता है। कुमारी सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि पंजाब सरकार ने हरियाणा में जो जल संकट पैदा किया है, उसके स्थायी समाधान की जरूरत है। सांसद ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए लग रहा है कि भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों एक साजिश के तहत हरियाणा के हितों पर कुठाराघात कर रही हैं, प्रदेश में जल संकट पर दोनों राजनीतिक करने में लगे हुए है जबकि जनता बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही है। सैलजा ने कहा कि इस विवाद को लेकर अदालत में जाने का समय नहीं है क्योंकि अदालतों में फैसला आने पर देर लगती है तब तक प्रदेश की जनता को प्यासा तो नहीं छोड़ा जा सकता। सांसद ने कहा कि पंजाब को हरियाणा का पानी रोकने का कोई हक नहीं है क्योंकि भाखड़ा से पानी के लिए पंजाब ने केवल रास्ता दिया है और रास्ता देने वालों को पानी रोकने कोई हक नहीं है। कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार को इस विवाद में हस्तक्षेप करते हुए इसका समाधान करना चाहिए क्योंकि भाखड़ा नांगल बांध का प्रबंधन देखने वाला बीबीएमबी केंद्र के अधीन आता है। दूसरी ओर हरियाणा में जल संकट को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल को सांसद कुमारी सैलजा को पत्र लिखकर यमुना-घग्गर लिंक नहर परियोजना को ह्वायडी जोड़ी परियोजनाह के अंतर्गत प्राथमिकता देने की मांग की है। कुमारी सैलजा ने कहा है कि अंबाला से लेकर सिरसा तक हरियाणा के अनेक जिले–जैसे अंबाला, कैथल, जींद, फतेहाबाद, सिरसा–जल असमानता, सिंचाई की कमी और लगातार गिरते भूजल स्तर से जूझ रहे हैं। यमुना और घग्गर नदियों के बीच एक लिंक नहर का निर्माण, राज्य के इन क्षेत्रों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध हो सकता है।

# सांसद खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने किया शुभारंभ

खेलो इंडिया

**खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्थानीय कर्ण स्टेडियम में चल रही सांसद खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया और खिलाडि ?ों का परिचय लिया।

कविंद्र राणा ने कहा कि खेल हमें एकता का संदेश देते हैं, खेल प्रतियोगिताएं हमें बहुत कुछ सिखाती है व आगे बढने. के लिए प्रेरित करती हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं लगातार होनी चाहिए। खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का भी



आयोजन किया जाता है। खेलों में जीत हार होती है, लेकिन सीखने का भी अवसर मिलता है। टीम की भावना का जन्म होता है।

उन्होंने खिलाडि ?ों से आह्वान किया की वे खेलों में आगे बढ़ें, क्योंकि लगातार अभ्यास से जीवन सफल होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रदेश में खिलाडि ?ों के लिए स्टेडियम बनाए जा रहे हैं तथा खिलाडियों का सम्मान किया जा रहा है।

एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत खो-खो के लिए 33 टीमें आई हैं, इनमें 13 पुरूषों की और 20 महिलाओं की टीमें शामिल हैं।

इसी प्रकार कबड्डी के लिए 47 टीमें आई हैं, जिनमें से 37 पुरूषों की और 10 महिलाओं की टीमें शामिल हैं। इनमें से चुनी गई टीमों के खिलाड़ी 11 मई को कर्ण स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत सभी खिलाडि ?ों को स्पोर्ट्स किट दी गई है।

इस अवसर पर एईओ संगीता, वॉलीबॉल कोच अश्विनी कुमार, कबड्डी कोच हमिद कुमार सहित खेल विभाग के अन्य अधिकारी और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

खो-खो खेल के ये रहे परिणाम

मंगलवार को सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत खो-खो खेल के 4 मैच हुए। इनमें प्रथम सेमी फाइनल मैच में पीएस एकेडमी मूनक ने पीएम श्री जीएसएसएस प्रेम नगर को 9-8 से हराया। दूसरे सेमी फाइनल में बाल राजपुतान ने बीबीपुर जाट्टान को 12-4 से हराया। फाइनल मैच में बाल राजपुतान ने पीएस एकेडमी को 11-4 से हराया। तीसरी पोजीशन प्राप्त करने के लिए बीबीपुर जाट्टान ने पीएम श्री जीएसएसएस प्रेम नगर को रोमांचक मैच में 1 अंक से हराया।

**कबड्डी खेल के ये रहे परिणाम**

सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत कबड्डी खेल के पूल ए के सभी 18 टीमों के मैच हुए, जिनमें से ग्राम पंचायत बल्ला और कबड्डी कोचिंग सेंटर कर्ण स्टेडियम करनाल की टीम चुनी गईं। इसके अलावा पूल बी की 19 टीमों के मैच भी खेले गए।

# पॉलिटेक्निक संस्थान में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन

प्रदर्शनी

**गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक संस्थान अंबाला शहर में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी 2025 का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक संस्थान अंबाला शहर में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी 2025 का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यातिथि के तौर पर क्षितिज इनोवेशंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजी. अरुण पी बंसल ने शिरकत की । इंजी. अरुण पी बंसल ने अपनी उच्च शिक्षा नेशनल इंस्टीच्यू ऑफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र से प्राप्त की । इसके पश्चात उन्हें 1988 में एजुकेशनल रोबोट के बनाने के लिए नेशनल अवार्ड और हरियाणा सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यअतिथि संस्थान पहुँचने पर संस्थान प्रधानाचार्य डॉ राजीव सपरा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत



व अभिनंदन किया । प्रोजेक्ट प्रदर्शनी के संयोजक मेजर जगजीत सिंह नारंग, रविन्द्र साईं व नवनीत गुप्ता रहे । इस प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा मुख्य रूप से बनाये गए प्रोजेक्ट्स मंकी क्रेन, सोलर गैस कटर, रोबोटिक फर्टिलाइजर स्प्रेयर , स्मार्ट चिमनी विद होम सिक्योरिटी सिस्टम, लिबरेशन मैनेजमेंट सिस्टम , हाइड्रो इलेक्ट्रिक डैम, ई बाइक, इलेक्ट्रिक कार व म्यूज़ियम आकर्षण का केंद्र रहे । मुख्यतिथि ने इतने आकर्षक और टेक्नोलॉजी बेस्ड मॉडल्स बनाने के लिए संस्थान के स्टाफ व विद्यार्थियों की प्रशंसा की। संस्थान प्रधानाचार्य डॉ राजीव सपरा ने मुख्यतिथि को स्मृति चिह्न देकर व शॉल भेंट कर सम्मानित किया । प्रदर्शनी प्रतियोगिता में आर्किटेक्चर विभाग में प्रथम स्थान हाउसिंग सोसाइटी द, आटोमोबाइल में इलेक्ट्रिक कार में प्रथम, सिविल विभाग में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट ने प्रथम ,कंप्यूटर विभाग में लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम प्रथम, इलेक्ट्रिकल में स्मार्ट चिमनी विद होम सिक्योरिटी सिस्टम , इलेक्ट्रॉनिक में रोबोटिक स्प्रेयर सिस्टम , मैकेनिकल में इलेक्ट्रिकल जनरेटर बाय स्पीड ब्रेकर मैकेनिज्म ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

# शंभू थाने का घेराव करने जा रहे किसानों को अम्बाला पुलिस ने रोका

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** गुरुद्वारा मंजी साहिब के बाहर जमकर हंगामा हुआ। जिसके चलते भारी पुलिसबल को तैनात करना पड़ा। सुबह अंबाला शहर भगत सिंह यूनियन के किसान शंभू थाने का घेराव करने के लिए जा रहे थे। जिसकी सूचना मिलते ही अंबाला पुलिस ने मंजी साहिब गुरुद्वारा के पास किसानों को रोका। इस दौरान किसानों व पुलिस में जमकर टकराव हुआ। जिसके बाद किसानों को आगे बढ़ने नहीं दिया गया। जिसके बाद किसान वहीं बैठ गए और प्रदर्शन करने लगे। वहीं किसानों के शंभू थाने के घेराव को लेकर पंजाब पुलिस ने खासी व्यवस्था की है। पंजाब पुलिस द्वारा शंभू थाने पर काफी बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात



की गई है। वहीं किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को आज सुबह उनके घर में नजरबंद किया गया है। इसके बाद से पुलिस और भी ज्यादा चौकस है। वहीं, पंजाब की अजीतवाल अनाज मंडी में शांतिपूर्वक शंभू जाने को जुटे किसानों और मजदूरों को पुलिस ने मंडी का गेट बंद कर रोक दिया है। दोपहर में अंबाला से शंभू थाने की ओर कूच कर रहे किसानों को अंबाला पुलिस ने शंभू थाने जाने से रोक दिया। उन्हें मंजी साहिब गुरुद्वारे के बाहर रोका गया।

दरअसल, हाल ही में खाली कराए गए शंभू बॉर्डर पर किसानों का काफी सारा सामान चोरी हो गया था। हालांकि इस संबंध में पुलिस ने केस भी दर्ज किया था, लेकिन अभी तक ज्यादातर किसानों को उनका सामान वापस नहीं मिला है।

इसके खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक द्वारा आज एक दिन के लिए शंभू थाने के घेराव की घोषणा की थी।

## रोजगार प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 8 मई को: सीमा सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि जिला रोजगार कार्यालय द्वारा इच्छुक प्रार्थियों को जॉब के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 8 मई को प्रातः 9:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय के प्रांगण में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में 12वी, स्नातक, स्नातकोत्तर अन्य डिप्लोमा प्रार्थियों के भाग ले सकते है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में एचडीएफसी बैंक, ओम लॉजिस्टिक्स व टाटा एआइ आदि कंपनियों के द्वारा प्रार्थियों का चयन किया जाएगा तथा प्लेसमेंट ड्राइव में 20 वर्ष से 45 वर्ष की आयु के प्रार्थी जो कि 12वी स्नातक, स्नातकोत्तर पास है, भाग ले सकते हैं।

# डीसी उत्तम सिंह से आज मिलेंगे हिसार के किसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हिसार के किसानों पर मुकदमे दर्ज किए जाने के मामले को लेकर में हिसार के किसानों का प्रतिनिधिमंडल भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान की अगुवाई में आज सुबह 10 बजे करनाल के डीसी उत्तम सिंह से मिनी सचिवालय स्थित कार्यालय में भेंट करेंगे।

भाकियू प्रवक्ता सुरेन्द्र सांगवान ने बताया कि फरवरी 2024 में हिसार के खेडी चोपटा में किसान आन्दोलन हुआ था। जिस दौरान पुलिस और किसानों में टकराव हो गया था। उस समय हिसार के उत्तम सिंह डीसी थे और मकसूद अहमद एसपी थे। आंदोलित किसानों और प्रशासन के बीच में समझौता हुआ था कि इस मामले में किसी भी पक्ष के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नही किया जायेगा। बाद में 22 किसानों के नाम और



400 अन्य अज्ञात लोगों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर दिया गया। किसानों को उस समय केस दर्ज होने का पता चला जब किसानों के पास कोर्ट से सम्मन पहुंचे, जबकि किसान पंचायत में डीसी उत्तम सिंह ने कथित तौर पर जिम्मेदारी लेते हुए विश्वास दिलाया था कि किसी भी किसान पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा।

इसी मामले में बुधवार 7 मई को हिसार के किसान करनाल के उपायुक्त उत्तम सिंह से मिलने पहुंचेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुष विश्वविद्यालय 9 मई को करेगा 43वें काउंटडाउन योग कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए 43वां काउंटडाउन कार्यक्रम 9 मई को ब्रह्मसरोवर तीर्थ स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे होगा और इसमें 45 मिनट का कॉमन योग प्रोटोकॉल संपन्न कराया जाएगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने दी।

कुलपति प्रो. धीमान ने बताया कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा ह्व100 दिन, 100 शहर, 100 संस्थानह्व श्रृंखला के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,जिसमें श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय को 43वें दिन का आयोजन करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना और ह्वस्वस्थ भारत झ समर्थ भारतह्व की दिशा में योगदान देना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और योग विभाग दिन-रात तैयारियों में जुटे हैं।

योग संस्थाएं और कई स्कूलों के विद्यार्थी होंगे सहभागी

प्रो.धीमान ने बताया कि कार्यक्रम में केवल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं तथा 15 से अधिक योग संस्थाओं के साधक भी भाग लेंगे। प्रतिभागियों की संख्या 700 से 1000 तक रहने की संभावना है। आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए योग विभाग की चेयरपर्सन प्रो. शीतल सिंगला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### किसान पर जानलेवा हमला, तलवार से दो लोगों को किया लहूलुहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल** कस्बा असंध के राहड़ा रोड स्थित डेरा गॉमा गांव में खेत में तूड़ी बांधते समय एक युवक ने तलवार से हमलाकर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी बाइक पर सवार होकर खेत में पहुंचा और आते ही हमला कर दिया। घटना के बाद वह मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को असंध के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें करनाल रेफर किया गया। डेरा गॉमा निवासी सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार की शाम वह अपने चाचा के लडके हरदयाल व नौकर गुरमीत के साथ खेत में तूड़ी बांध रहा था। इसी दौरान डेरा गॉमा निवासी मनदीप तलवार लेकर बाइक से खेत में पहुंचा। आते ही उसने हरदयाल के सिर पर तलवार से वार कर दिया। जब गुरमीत बीच-बचाव के लिए आगे आया तो उसकी बाजू पर भी तलवार से हमला कर दिया। सुरेंद्र ने बताया कि हमला होते ही दोनों घायल होकर खेत में गिर गए। जब वह उन्हें उठाने गया तो आरोपी मनदीप ने धमकी दी कि अगर किसी ने कानून का सहारा लिया तो जान से मार देगा। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

परिजन घायल हरदयाल और गुरमीत को तुरंत असंध के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को करनाल रेफर कर दिया।

# बच्चों के लिए पांच दिवसीय संस्कारशाला शिविर आयोजित



**समालखा 6 मई ( कुलदीप सिंह ) /टीम एक्शन इंडिया**

गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौरासी रोड मे बच्चों के लिए पांच दिवसीय संस्कारशाला शिविर का आयोजन किया गया । जो कि डॉक्टर राजेश भारद्वाज द्वारा संचालित किया जा रहा है । यह कार्यक्रम शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के लिए संस्कारों को महत्व देता है। संस्कारों की शुरूआत घर से होती है और स्कूल से संस्कारों की समझ बढ़ती है । इसलिए यह कक्षाएं बच्चों को विभिन्न नैतिक मूल्य सामाजिक जिम्मेदारियां और परोपकार के बारे में सिखाती हैं। जीवन में आगे बढ़ने के लिए अच्छे संस्कार तथा अनुशासन बहुत जरुरी है । उसके लिए हर कार्य चाहे वह पढ़ाई का हो, खेल अथवा अन्य कार्य हों उसमें एक निश्चित समय अवधि का होना बहुत आवश्यक है। हमारे लिए अपने गुरु तथा माता-पिता और बड़ों का सम्मान करना आवश्यक है, तभी हम समाज में आगे बढ़ सकते हैं । इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉक्टर अभिलाषा कादियान ने बताया कि यदि व्यक्ति में संस्कारों का अभाव होगा तो वह समाज के लिए खतरा भी बन सकता है लिहाजा संस्कारों की कड़ी ही हमें मानव की श्रेणी में लाकर खड़ा करती हैं।

# रोडवेज कर्मचारियों की समस्याओं को हल करें सरकार

मीटिंग

**विभाग में कर्मचारियों की संख्या बहुत ही कम है खाली पड़े पदों पर तुरन्त प्रभाव से नियम से भर्तियां करने की जरूरत है**

**नूंह जुबैर खान**

नूंह :मंगलवार को नूंह डिपो में कर्मचारियों के बीच गेट मीटिंग की। जिसमें सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान योगराज दीक्षित, हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के राज्य महासचिव सुमेर सिवाचं व राज्य उप प्रधान जयकुंवार दहिया ने गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों को अपने संबोधन में बताया कि 15 मई को अंबाला में परिवहन मंत्री निवास स्थान पर न्याय निकाला जाएगा। 20 मई को रोडवेज कर्मचारी देशव्यापी राष्ट्रीय हड़ताल में बढ़-चढकर के भाग लेंगे। उन्होंने बताया की प्रदेश का अलग वेतन आयोग गठित करने,



अन्तरिम राहत 5000 देने व अन्य मांगों कि चर्चा करते हुए केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन से रिटायर कर्मचारियों को बाहर करने का जो बिल पास किया गया उसकी घौर निंदा करते हुए केंद्र सरकार से वेतन आयोग के नियमों से कोई छेड़छाड़ ना करने, वेतन आयोग का गठन तुरंत किया जाए, वेतन आयोग की सिफारिशों को समय पर लागू किया जाए। पुरानी पेंशन बाल की जाए,

रिटायर कर्मचारियों रिटायरमेंट करते समय वेतन वृद्धि लगा कर रिटायर करें, पेंशन पर 65/70/75/ साल पर 5-10 ओर 15 प्रतिशत वृद्धि कि जाए, एच के आरएन के सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की पॉलिसी बनाई जाए, ऑनलाइन तबादला नीति के परिणाम न तो कर्मचारियों के लिए और न ही सरकार के लिए लाभकारी हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारियों के अवांछनीय तबादले कर दिए जाते हैं। इससे एक तरफ जहां कर्मचारियों व जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं राजस्व की कि हानि होती है रोडवेज में कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी का सामना जरुर करना पड़ेगा। विभाग में कर्मचारियों की संख्या बहुत ही कम है खाली पड़े पदों पर तुरन्त प्रभाव से नियम से नियमित भर्तियां करने की जरूरत है। सरकारी विभागों के माध्यम से जन सेवा प्रदान करने के कार्य को मजबूत किया जाए। रोडवेज विभाग में निजीकरण पर रोक लगाकर विभाग में 10000 नई बसें शामिल करें ताकि 60000 बेरोजगारों को रोजगार मिल सके रोडवेज कर्मचारियों की देह अवकाश में की गई कटौती बंद करते हुए पुरानी छुट्टियां लागू की जाए चालक परिचालक वाली पिक का वेतन 35400 किया जाए खाली पदों पर प्रमोशन की जाए की और टीऐओर औवरटाइम की पुरानी पॉलिसी लागू की जाए। मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री बार बार सभी के लिए दरवाजे खुले होने की ब्यान बाजी करते रहते हैं परन्तु पिछले दस वर्षों में एक बार भी हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों को बातचीत का समय नहीं दिया है जिसके कारण कर्मचारियों की अति महत्वपूर्ण मांगों का भी समाधान नहीं हो रहा है।

# खादी ग्रामोद्योग संघ मिर्जापुर में पहुंचे स्कूली विद्यार्थियों ने खादी उत्पादन की प्रक्रिया को समझा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** स्कूलों तथा शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों एवं युवाओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों की खादी से जोड़ने का प्रयास चल रहा है। इसी के अंतर्गत बच्चे व युवा खादी उत्पादन संस्थानों में भी पहुंचते हैं। खादी में रोजगार के भी अवसर हैं। इसी उद्देश्य से स्कूली बच्चों को स्किल तथा वोकेशनल एजुकेशन की जानकारी देने के लिए उन्हें व्यावसायिक केंद्रों तथा खादी उत्पादन इकाइयों का अवलोकन करवाया जा रहा है। लगातार विभिन्न विद्यालयों के बच्चे खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ भी पहुंचे रहे हैं। राजकीय



वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरास करनाल से बच्चे कुरुक्षेत्र के खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ में पहुंचे।

इन बच्चों एवं उनके साथ आए शिक्षकों का खादी संस्थान के सचिव एवं संचालक सतपाल सैनी ने स्वागत किया। सतपाल सैनी तथा उनके स्टाफ सदस्यों ने बच्चों को पूरे संस्थान का अवलोकन करवाने के साथ उत्पादन की प्रक्रिया की तथा बारीकियों को समझाया। यह विद्यार्थियों का दल अध्यापक दीपक कुमार, अध्यापिका रिंकल तथा अध्यापिका पूनम के साथ आया था। विद्यार्थियों के साथ आए शिक्षकों ने कहा कि यहां बच्चों के साथ खादी उत्पादन की प्रक्रिया देखकर बहुत अच्छा लगा है।

# तूड़ी से भरी ट्रॉली में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में आज एक तूड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि ट्रॉली में रखी तूड़ी और प्लास्टिक की तिरपाल जलकर खाक हो गई। ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रॉली को साइड में लगाया और फायर ब्रिगेड को कॉल किया। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। घटना इंद्री-करनाल स्टेट हाईवे की है। ट्रैक्टर लाडवा की तरफ से तूड़ी भरकर करनाल की ओर जा रहा था। अचानक ट्रॉली का टायर फट गया और घर्षण से तूड़ी में आग लग गई। गर्मी और सूखे तूड़े की



वजह से आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते पूरी ट्रॉली जलने लगी। प्लास्टिक की तिरपाल भी चपेट में आ गई और तूड़ी हाईवे पर बिखर गई।

ड्राइव रजिशान ने बताया कि वह रादौर से तूड़ी भरकर लाया था और पानीपत जा रहा था। कर्नल फॉर्म के पास आते ही ट्रॉली का टायर फट गया तो ट्रॉली को साइड में लगाया और दूसरा टायर लेने चला गया।

# गन्ना किसानों को चिंता करने की जरुरत नहीं, जल्द होगा भुगतान: डॉ अरविंद शर्मा

**चंडीगढ/टीम एक्शन इंडिया**

प्रदेश के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गन्ना किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरुरत नहीं है, जल्द ही उनकी बकाया राशि का भुगतान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में मुख्य सचिव व वित्त विभाग के अधिकारियों से बात की, ताकि जल्द से जल्द किसानों की फसल का बकाया भुगतान करवाया जा सके।

उन्होंने कहा कि जल्द ही ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिससे भविष्य में किसानों को फसल के भुगतान में देरी का सामना न



करना पड़े।


मंगलवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गन्ना किसानों की फसल के बकाया भुगतान को लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी से बातचीत की और किसानों की जल्द से जल्द भुगतान करवाने के लिए कहा। इससे पूर्व साहकरिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने शुगरफैड के अधिकारियों से गन्ना किसानों को बकाया राशि भुगतान में हो रही देरी का फीडबैक लेते हुए अब तक हुई देरी के लिए नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादकों के बकाया राशि के भुगतान को लेकर फाइल वित्त विभाग के पास भेजी गई है, इसमें शुगरफैड के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वो निजी तौर पर वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पर्क में रहते हुए जल्द से जल्द इस राशि को जारी करवाएं, ताकि किसानों की बकाया राशि का भुगतान शीघ्र हो सके।

# संपादकीय

## राष्ट्रीय विरासत की वैश्विक प्रतिष्ठा और चुनी हुई चुप्पी

**इस** वर्ष अपैल का महीना भारत के लिए खासा महत्वपूर्ण रहा। खुशी-गम, हर्ष-विषाद, मुस्कान और आँसू दोनों नजरिए से। अभी 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस के मौके पर यूनेस्को ने भारतीयता के दो प्रतीक ग्रंथों- श्रीमद्भागवत गीता और नाट्यशास्त्र- को वैश्विक विरासत घोषित करने का उल्लास पूरा भी न हो पाया था कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले ने विषाद से भर दिया। इन दोनों महत्वपूर्ण घटनाओं के संदर्भ में भारत के बौद्धिक जगत का पूर्वाग्रही और दोहरी मानसिकता का स्याह पक्ष एक बार फिर उजागर हो गया है। यूनेस्को से मिली भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा पर जिस रहस्यमय तरीके से यह वर्ग उदासीन, खामोश रहा, वहीं आतंकी हमले के बाद एक सुनिश्चित-सी योजना के तहत परोक्ष रूप से आतंकवादियों, आतंकवाद के लिए जिम्मेदार देश के और आतंकवाद के मानसिक समर्थकों के पक्ष में चीख-चीख अपने दोहरे चरित्र का परिचय दिया, वो गौरतलब है। यहाँ बात भारत को मिले वैश्विक सम्मान और उनकी चुप्पी की है। संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक संघटक संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने विश्व धरोहर दिवस पर जो घोषणा की वो भारतवासियों के लिए सामान्य घोषणा नहीं थी। यूनेस्को ने इस वर्ष भारतीयता की अस्मिता और मानव समाज के लिए अद्भुत भेंट श्रीमद्भागवत गीता और ललित कलाओं के अतुल्य ग्रंथ नाट्यशास्त्र को मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर (विश्व समृति दस्तावेज) में शामिल कर उन्हें वैश्विक सम्मान दिया। भारत भारतवासियों के लिए यह गौरवशाली क्षण था। उन एक ऐसी उपलब्धि रही कि न केवल भारतीय बल्कि विश्व जगत के समूचे बौद्धिक वर्ग ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त व्यक्त कर यूनेस्को की इस पहल को सराहनीय बताया। इन सबके बीच भारतीय समाज का ही एक ऐसा वर्ग है जिसने अपने ही देश के इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान पर अपने होंठ कसकर सी लिये और हमेशा की तरह एक चुनी हुई चुप्पी धारण कर ली है। हमारे लिए ये आह्लादकारी गौरव के क्षण इसलिए नहीं हैं कि इन ग्रंथों को यूनेस्को के विश्व स्मृति दस्तावेज में अंकित किया गया है। वस्तुतः इसकी घोषणा एक ऐसे समय में की गई है जब भारतीय समाज का एक बौद्धिक वर्ग भारत के स्वर्णिम अतीत, भारतीय प्रज्ञा, उसकी विलक्षण मेधा, उसके ज्ञान-दर्शन-साहित्य सहित समस्त विषयों, अकादमिक अनुशासन, अद्भुत मानवीय कौशल, उसकी विस्मयकारी उपलब्धियों को, यहाँ तक कि एक राष्ट्र के रूप में भारत और भारतीयता के विचार को ही पूरी चेष्टा के साथ नकारने में जुटा रहता है। इतना ही नहीं, इसे लेकर वे पत्र-पत्रिकाओं, विभिन्न मंचों के साथ सोशल मीडिया पर पूरे जोर-शोर से नकारात्मक नरेशन (मिथ्या, असत्य, निराधार धारणाएं) गढ़ने और उसे फैलाने में भी सक्रिय हो जाते हैं। यह पहली बार नहीं है। इतिहास साक्षी है जब कभी, कहीं भारतीयता और भारतीय दृष्टि, आस्था, परम्पराओं, मूल्यों, मान्यताओं, स्थापनाओं, धर्म, दर्शन ग्रंथों की चर्चा चलती-निकलती है, उस समय भारतीय बौद्धिक जगत का यह समूह विस्मयकारी चुप्पी धारण कर लेता है या फिर अपनी पूरी मानसिक, शारीरिक ऊर्जा से उसे नकारने, उसका खंडन करने, में लग जाता है।

# योगः स्वास्थ्य, संस्कार एवं समृद्धि का दिव्य पथ



आचार्य राघवेंद्र पी.

"हम जीवन के अनुशासन को समझते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत होते हैं, क्योंकि योग कहता है - योगः कर्मसु कौशलम्। अर्थात अपने कर्म को कुशलतापूर्वक करना ही योग है। एक समय था जब योग केवल भारत तक सीमित था, परंतु आज योग ने वैश्विक पहचान बना ली है। 21वीं सदी में यह भारत की सांस्कृतिक कूटनीति का सशक्त माध्यम बन गया है। 2014 में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी। 177 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। परिणामस्वरूप आज अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, जापान सहित अनेक देशों में योग को स्वास्थ्य शिक्षा में शामिल किया जा रहा है"

आज जब पूरी दुनिया तेज गति की ज़िंदगी की ओर अग्रसर है, जहाँ अनियमित जीवनशैली, तनाव, अवसाद और शारीरिक एवं मानसिक रोग आम होते जा रहे हैं, वहीं योग हमें शांति, स्वास्थ्य और संतुलन की राह दिखाता है। योग मात्र व्यायाम नहीं, अपितु जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति एवं शरीर, मन और आत्मा के सामंजस्य की साधना है। योग संस्कृत धातु युज् से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है जुड़ना या एकत्व स्थापित करना। योग मानसिक शांति, भावनात्मक स्थिरता और आध्यात्मिक जागरूकता देने वाला माध्यम है। योग हमें स्वयं से जोड़ता है, जिससे हम अपनी अंतर्निहित क्षमताओं को जागृत एवं जीवंत करते हैं।

भारत में योग की परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। ऋग्वेद और उपनिषदों में योग के सूत्र मिलते हैं। ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी में ऋषि पतंजलि द्वारा रचित योगसूत्र योग के शास्त्रीय स्वरूप की नींव रखता है। उन्होंने योग को चित्तवृत्ति निरोधः अर्थात मन की चंचलता को नियंत्रित करने की प्रक्रिया बताया है। आठ अंगों वाला अष्टांग योग – यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि – पतंजलि का दिया हुआ ऐसा दिव्य मार्ग है जो साधक को स्वयं से परिचित कराता है। योग की यह परंपरा भारत के संतों, ऋषियों और योगाचार्यों द्वारा निरंतर आगे बढ़ती रही। आधुनिक युग में स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंद, परमहंस योगानंद, स्वामी सत्यानन्द, बी.के.एस. अयंगर और बाबा रामदेव जैसे योगगुरुओं ने इसे जन-जन तक पहुँचाया।

आजकल जीवनशैली यथा अव्यवस्थित दिनचर्या, तनाव, असंतुलित खान-पान आदि से जुड़ी बीमारियाँ, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, अनिद्रा और अवसाद, समाज में व्यापक रूप से फैल रही हैं। योग इन सभी का समग्र समाधान है। योग के अंतर्गत किये जाने वाले विविध आसन शरीर को लचीला, मजबूत और संतुलित बनाते हैं। प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता बढ़ाकर संपूर्ण शरीर में प्राणवायु का संचार करते हैं। फलस्वरूप रोग



प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। योग के मानसिक और भावनात्मक प्रभाव की बात करें तो यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम करता है। ध्यान से मन स्थिर होता है, एकाग्रता बढ़ती है, एवं आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है।

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ योग आध्यात्मिक रूप से भी बहुत कारगर है। वर्तमान में तकनीक, गैजेट्स, इंटरनेट, काम के अत्यधिक बोझ और भटकाव के विविध कारणों से व्यक्ति स्वयं से नहीं जुड़ पाता। हम क्या हैं, हमारे जीवन का उद्देश्य क्या है, ये प्रश्न हम अपने आप से नहीं पूछ पाते। योग इस प्रश्न का द्वार खोलने के साथ ही हमारे आत्मचिंतन और आत्मसाक्षात्कार का पथ-प्रदर्शक भी बनता है। इससे हम जीवन के अनुशासन को समझते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत होते हैं, क्योंकि योग कहता है - योगः कर्मसु कौशलम्। अर्थात अपने कर्म को कुशलतापूर्वक करना ही योग है।

एक समय था जब योग केवल भारत तक सीमित था, परंतु आज योग ने वैश्विक पहचान बना ली है। 21वीं सदी में यह भारत की सांस्कृतिक कूटनीति का सशक्त माध्यम बन गया है। 2014 में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी। 177 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। परिणामस्वरूप आज अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, जापान सहित अनेक देशों में योग को स्वास्थ्य शिक्षा में शामिल किया जा रहा है।

विदेशी नागरिक भारत आकर ऋषिकेश, कर्नाटक, केरल जैसे योग-आश्रमों में योग का प्रशिक्षण लेते हैं। विश्व की प्रमुख हस्तियाँ जैसे माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन और फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो योग के नियमित अभ्यासी हैं।

विद्यालयों-विश्वविद्यालयों एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त प्रयास से एक बार पुनः भारत में योग को औपचारिक शिक्षा का हिस्सा बनाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में योग शिक्षा को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। चिकित्सा क्षेत्र में भी योग चिकित्सा एक उभरता हुआ आयाम है, जहाँ योग को एक सशक्त चिकित्सा पद्धति के रूप में अपनाया जा रहा है। कैंसर, हृदय रोग और मानसिक बीमारियों के उपचार में योग महत्वपूर्ण होता जा रहा है।

योग न केवल व्यक्तिगत स्तर पर लाभकारी है, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी यह अत्यंत उपयोगी है। योग से मनुष्य में संयम, करुणा, सहिष्णुता, सेवा और सत्यनिष्ठा जैसे गुण विकसित होते हैं, जो सामाजिक समरसता, प्रकृति से प्रेम और नैतिकता की भावना को बढ़ावा देते हैं। आज जब दुनिया तनाव और अशांति से जूझ रही है, तब योग एक ऐसा दीपक है जो मानव जीवन को अज्ञानता से मुक्ति दिला सकता है। योग कोई धर्म नहीं, अपितु मानवता का विज्ञान है। यह किसी एक समुदाय, वर्ग या देश की धरोहर ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए मंगलकारी है।

हर व्यक्ति, चाहे वह युवा हो या वृद्ध, महिला हो या पुरुष, स्वस्थ हो या रोगग्रस्त, योग सभी के लिए लाभदायक है। यह तन, मन और आत्मा को समग्र रूप से विकसित करता है। हमें चाहिए कि हम योग को केवल कुछ शारीरिक क्रियाओं तक ही सीमित न करें अपितु इसके सर्वांग स्वरूप को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाएँ। हम योग को अपना तो रहे हैं, लेकिन समस्या यह है कि कुछ आसन और प्राणायाम मात्र ही योग नहीं है, अपितु योग एक पूरी जीवनशैली है, सम्यक जीवन जीने का रोड मैप है।

बिहार योग विद्यालय के आचार्य स्वामी निरंजनानंद एक उदाहरण से योग के सभी चरणों का महत्व समझाते हैं। वे कहते हैं कि जिस प्रकार फसल उगाने और काटने से पहले खेत को तैयार करना पड़ता है, खर-पतवार निकालना होता है, फसल को खाद-पानी देना पड़ता है, ठीक उसी प्रकार योग विद्या को संपूर्णता में ग्रहण करने के लिए हमको शारीरिक, मानसिक और नैतिक तैयारी करनी पड़ती है। योग को सिद्ध करने के लिए पात्र बनना पड़ता है। बिना पात्र बने योग विद्या को हम आत्मसात नहीं कर पायेंगे। इसलिए हमें पहले योग के आठ चरणों को भलीभांति समझकर योग में प्रवृत्त होना चाहिए। ऐसा करके हम न केवल स्वस्थ रहेंगे, बल्कि एक स्वथ्य, सकारात्मक, जागृत एवं राष्ट्रनिष्ठ समाज की पुनर्रचना में भी योगदान देंगे। आइये हम योग को मनसा-वाचा-कर्मणा से अपनाएँ, और अपने अन्दर निहित अपार क्षमता को पहचान कर मानवता के कल्याणार्थ उसका समुचित उपयोग करें। शुभमस्तु।

विचार व्यक्तिगत हैं।

**कुलपति, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा**

# कविता

वक्त कभी रुकता नहीं संजीव।

बेवफाई मैं किसी से करता नहीं
सच्चा प्यार भी कभी मरता नहीं।

जो अपनी सुरूरे मिजाज रखता है
वो अपनी हद से कभी गुजरता नहीं।

जाम पीकर देखिये सियासत का कभी
ता जिंदगी ये नशा कभी उतरता नहीं।

पैरों पर झुकती है उसी के दुनिया
जोखिम उठाने से कभी डरता नहीं।

बहाना पड़ता पसीना बेहद हर पल
बुरा वक्त यूं तो कभी संवरता नहीं।

अजब-गजब मंजर देखे मैंने यहां
वक्त है कि ये कभी रुकता नहीं।

सिर मेरा ईश्वर के अलावा संजीव
किसी के सामने कभी झुकता नहीं।

संजीव

## सोशल मीडिया पर देशविरोध का कारोबार

**प्रियंका सौरभ**

आज सोशल मीडिया एक ऐसा हथियार बन चुका है, जिसकी धार किसी तलवार से कम नहीं। यह धार विचारों की है, भावनाओं की है और सबसे खतरनाक – अफवाहों की भी। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर पिछले कुछ वर्षों में एक ऐसा अघोषित बाजार खड़ा हो गया है, जहाँ पेआउट के बदले पोस्ट तैयार होती हैं, देश की छवि बिगाड़ी जाती है और एक सुनियोजित रणनीति के तहत राष्ट्रविरोधी एजेंडे को "न्यूज", "ऑपिनियन" और "न्याय" का नाम देकर परोसा जाता है लेकिन अब चेतावनी जारी हो चुकी है।हालिया कार्यालय ज्ञापन ने इस दिशा में गंभीर कदम उठाने की मंशा स्पष्ट कर दी है। अब सिर्फ.देखा नहीं जाएगा – अब कार्रवाई होगी। आईटी एक्ट 2000 और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 के तहत ऐसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और इन्फ्लुएंसर्स पर शिकंजा कसा जाएगा, जो देश के खिलाफ कंटेंट फैलाकर माहौल खराब करने में लगे हैं।

**अभिव्यक्ति बनाम विध्वंस**

देश में विचारों की आजादी संविधान से संरक्षित है। लेकिन क्या यह आजादी इतनी खुली हो कि कोई भी कुछ भी कह दे, और जब सवाल उठे तो डेमोक्रेसी, फ्री स्पीच और डिसेंट की आड़ ले ले? क्या राष्ट्रविरोधी कंटेंट को भी अभिव्यक्ति का हिस्सा मान लेना चाहिए? जब कोई युवा "जॉब नहीं है" कहता है, वह जायज पीड़ा है। लेकिन जब वही सोशल मीडिया पर लिखता है – "भारत को जलना चाहिए", "हिंदुस्तान नर्क है", "देश तो फासीवादी बन चुका है", तो ये राय नहीं रह जाती – यह एक सुनियोजित अफवाह बन जाती है, जिसे राजनीतिक या विदेशी ताकतें और हवा देती हैं। इसलिए अब ये तय नहीं होगा कि पोस्ट करने वाला किस पार्टी का समर्थक है, अब ये तय होगा कि पोस्ट का असर राष्ट्र पर क्या है।

**पेआउट पत्रकारिता का बढ़ता जाल**

आजकल कुछ फ्रीलांस और इन्फ्लुएंसर्स सोशल मीडिया पर हर मुद्दे पर "ज्ञान" दे रहे हैं। लेकिन इन ज्ञानियों के पीछे अक्सर छिपी होती है पेआउट की रणनीति। एक खास विचारधारा के तहत वीडियो बनाए जाते हैं – किसी पर आरोप मढ़ा जाता है, किसी की छवि बिगाड़ी जाती है और अंत में क्लाइमेक्स यह कि "भारत अब रहने लायक नहीं बचा।" ये सब उस एजेंडा मार्केटिंग का हिस्सा है जहाँ भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल की जाती है – खासकर मानवाधिकार, मुस्लिम विरोध, दलित उत्पीड़न जैसे संवेदनशील विषयों पर। इनकी टाइमिंग भी देखिए – जब वठ में कोई भारत पर चर्चा होनी होती है, जब विदेशी रिपोर्ट्स आती हैं, ठीक उन्हीं दिनों ये भारत-विरोधी अभियान सोशल मीडिया पर तेज हो जाते हैं।

**क्या देशद्रोह की पहचान पार्टी से होगी?**

बहस का एक हास्यास्पद बिंदु यह भी है कि लोग यह तय करने की कोशिश करते हैं कि कोई विचार देशविरोधी है या नहीं, इस आधार पर कि पोस्ट करने वाला व्यक्ति भाजपा समर्थक है या कांग्रेस का आलोचक।

# विचार

## सृजन की मानवीय संवेदना

डॉ रामेश्वर मिश्र

आज बदलते दौर में सब कुछ बहुत तेजी से बदलता जा रहा है, जीवन की आपा धापी मे जो कुछ तेजी से बदला है वह यह है कि लोगों का लोगों के प्रति नजरिया बदल रहा है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के कारण मानव जीवन के भाग दौड़ की जिंदगी में तकनीक आधारित व्यवस्था ने अपना स्थान बना लिया है। तकनीक आधारित समाज में अनेक वादों ने स्थान ले लिया है जिसमें बाजारवाद, जातिवाद, धर्मवाद और अर्थवाद का तेजी से विकास हुआ है, भारतीय जनमानस आगे बढ़ने की होड़ में अपनेपन को भूलता जा रहा है। ऐसे समय में हमें अनेक ऐसे प्रश्नों के उत्तर नहीं मिल पाते हैं जिसके मूल में मानवी मूल्य का सृजन निहित है। समाज में समन्वय और सांस्कृतिक विविधताओं का पतन हमें देखने को मिलता है जिसके मूल में मानवीय मूल्यों का पतन है जिसको लेकर हमारे विचारको ने अनेक प्रसंग सुझाए हैं। इन्हीं विचारकों में मानवी मूल्य के पोषक रबीन्द्रनाथ टैगोर जी का नाम प्रमुखता से आता है। रबीन्द्रनाथ टैगोर जी का जन्म 7 मई 1861 ई को कोलकाता की जोड़ासाँको ठाकुरबाड़ी में देवेंद्र नाथ टैगोर एवं शारदा देवी के घर में हुआ था। रबीन्द्रनाथ टैगोर ने अपने जीवन काल में कई उपन्यास, निबंध, लघु कथाएं, यात्रावृत्त, नाटक और सहस्त्रों गाने लिखे। रबीन्द्रनाथ अपनी पद्य कविताओं के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने ने लगभग 2230 गीतों की रचना की है जिसमें हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की ध्रुपद शैली से प्रभावित इन गीतों में मानवीय भावनाओं के अलग-अलग रंगों को प्रस्तुत किया गया हैं। जंगे आजादी में रबीन्द्रनाथ टैगोर ने मानवीय पक्ष को हमेशा अपना आधार बनाया, टैगोर जी का मानवतावाद आध्यात्मिक धरातल पर आधारित था इसमें यह अवधारणा निहित है कि मनुष्य परमात्मा की श्रेष्ठ कृति है, मनुष्य में परमात्मा का वास है, मनुष्य में जो देवत्व है, वह उसे परस्पर प्रेम के बंधन में बांधता है। टैगोर ने हमेशा मानवी प्रेम को अपने लेखन एवं विचारों में महत्वपूर्ण स्थान दिया क्योंकि ईश्वर द्वारा निर्मित मानव के हृदय में प्रेम का सृजन ही संसार और राष्ट्र के निर्माण में सहायक होगा। रबीन्द्रनाथ टैगोर पृथ्वी पर दैवीय प्रेम के संदेशवाहक थे। गीतांजलि में उन्होंने ईश्वरी प्रेम की व्यापकता का गान किया है और अपने बंधुओं को आमंत्रित किया है कि वह इस प्रेम सागर का रसास्वादन करें। रबीन्द्रनाथ टैगोर के विचारों को विश्व पटल पर महत्वपूर्ण स्थान मिला, उन्होंने समाज और राष्ट्र रुपी माला को जोड़ने के लिए प्रेम और विनम्रता को अपना आधार मानते थे। टैगोर का मानना था कि जब हम विनम्रता में महान होते हैं तभी हम मानवता के करीब होते हैं। मानवता और मानवी मूल्यों को लेकर रबीन्द्रनाथ टैगोर ने अथक साहित्यिक साधना की जिसके माध्यम से उन्होंने अपना संदेश समाज तक पहुंचाने का कार्य किया। रबीन्द्रनाथ टैगोर कोलकाता विश्वविद्यालय में कमला व्याख्यान माला के अंतर्गत अपने एक भाषण में कहा कि मनुष्य का दायित्व महामानव का दायित्व है जिसकी कही सीमा नही है, जंतुओं का आवास भूमंडल पर है और मनुष्य का आवास वहां है जिसे वह देश कहता है और देश केवल भौमिक नहीं अपितु मानसिक है, रबीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा कि मनुष्य-मनुष्य के मिलन से यह देश बनता है, रबीन्द्रनाथ टैगोर का विचार मानवता के मूल में प्रेम, त्याग, सहयोग, संयम, स्नेह, समर्पण और स्वतंत्रता पर आधारित था। जिसका समावेश ही राष्ट्र और समाज के निर्माण में सहायक था। रबीन्द्रनाथ टैगोर जी ने अपने विचारों पर राष्ट्रवाद को कभी मानवीय मूल्य के विचारों पर हावी नहीं होने दिया। चाहे इसके लिए उन्हें अपनों से वैचारिक संघर्ष ही क्यों न करना पड़ा हो।

सन 1908 में भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस की पत्नी अंबाला बोस को लिखित चिट्ठी से टैगोर जी के मानवीय मूल्य परक विचारों को समझा जा सकता है, टैगोर जी ने चिट्ठी में लिखा कि देश प्रेम हमारा आखिरी आध्यात्मिक सहारा नहीं बन सकता, मेरा आश्रय मानवता में है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## रेडक्रॉस मानवता के लिए समर्पित

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है। इसके संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर ये दिन मनाया जाता है। हेनरी ड्यूमेंट के प्रयासों से ही 1864 में जेनेवा समझौते के जरिए अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस मूवमेंट की स्थापना हुई थी। इसके लिए हेनरी ड्यूमेंट को पहला नोबेल शांति पुरस्कार भी प्रदान किया गया। रेडक्रॉस वैसे तो एक स्वयंसेवी संस्था है और देश के किसी भी भाग में प्राकृतिक या मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने और राहत पहुंचाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आवश्यकता तो इस बात की है कि इस तरह की संस्थाओं में जो स्वयंसेवक होते हैं, उनसे लोगों को प्रेरणा लेना चाहिए। वर्तमान समय और परिस्थितियों में रेड क्रॉस की भूमिका केवल युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना और उचित उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं रह गया है। अब तो इसके दायित्व का दायरा और अधिक बढ़ गया है। विश्व में जब से कोरोना जैसी महामारी ने अपना पैर पसारा और दुनिया का विनाश भी किया और काफी आर्थिक जनहानि नुकसान भी किया तब से तो इस? संस्था की महत्वता और दायित्व दोनों में काफी इजाफा हो चुका है। यही कारण है कि इसका कार्य बहुत आवश्यक और महत्वपूर्ण हो चुका है। पिछले कुछ सालों के दौरान आई प्राकृतिक आपदाएं, भयंकर बाढ़ और सुनामी लहरों के तांडव तथा कैटरीना तफान के दौरान दुनियाभर में हर साल आज का दिन अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है और जहां तक भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी का सवाल है, इसकी स्थापना 1920 में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी अधिनियम के तहत की गई थी। और उसके नौ साल बाद इसकी गतिविधियों को ध्यान में रखकर अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस आंदोलन ने इसे अपनी पूरी मान्यता दी थी। आज के इस आधुनिक दौर मे दुनिया में युद्ध के तरीकों और कारणों में बड़ा अंतर आ चुका है। अभी ही देखिए पिछले दो वर्षों सेअधिक रूस और यूक्रेन के जंग को खत्म होने का कोई आसार नजर नहीं आ रहा है। यह एक भीषण त्रासदी बन चुकी है।

## सरकारी दफ्तर की दास्ताँ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**शहर** के बीचों-बीच, एक ऐतिहासिक इमारत थी–जमाने भर के फाइल-काण्डों की साक्षी। नाम था नगर निगम भवन, लेकिन जनता इसे प्यार से नागर निकम्मा भवन कहती थी। वहां काम करने वाले बाबूओं का मानना था कि कुर्सी पर बैठते ही आत्मज्ञान की प्राप्ति हो जाती है, और फिर शरीर स्थिर, और आत्मा चाय में विलीन हो जाती है। जैसे ही कोई फरियादी आता, सबसे पहला प्रश्न होता, किस विभाग से हैं? और अगर बेचारा सीधा नागरिक होता तो फिर– तो फिर पहले साहब से मिलिए, वो नीचे नहीं आते। और साहब? वो एकांत साधना में व्यस्त होते, व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की पीएचडी में। एक दिन एक बुजुर्ग महिला आईं–सत्तर के पार होंगी। काँपती उंगलियों से एक पिटारा सा कागज निकाला और कहा, बेटा, ये नल का बिल गलत आ गया है। बाबू ने नजरें उठाईं, मुस्कराए, और बोले–अम्मा जी, मशीन ही गड़बड़ करती है, हम तो बस छपवा देते हैं। फिर कुछ पल बाद बोले, और हाँ, कंप्यूटर आज डाउन है, कल आइए। अम्मा जी का चेहरा झूलती बिजली की तरह बुझ गया। वो बड़बड़ाईं–बेटा, मैंने 1971 में भारत-पाक युद्ध में कैंटीन चलाई थी, और अब...अब मेरे लिए एक पेंशन फॉर्म भरवाने वाला भी नहीं। बाबू मुस्कराया, देशभक्ति को सलाम, लेकिन फॉर्म भरने के लिए एजेंट से मिलिए। वहां की कैंटीन भी इतिहास में दर्ज होनी चाहिए। चाय ऐसी बनती थी कि दो घूंट में वादा खिलाफी की तरह कड़वाहट छोड़ जाए। और समोसे में आलू खोजने का रोमांच वैसा ही था जैसे मनोज कुमार की फिल्म में देश ढूंढ़ना। वहाँ के कर्मचारी एक-दूसरे को श्रीमान जी कहकर संबोधित करते थे, लेकिन पीठ पीछे वो घूसखोर से कम कुछ नहीं। साहब लोग जब बैठक करते, तो विषय होते–फाइल कैसे दबाएं, काम करने का भ्रम कैसे फैलाएं, और RTI वालों से कैसे बचें। एक बार एक युवा RTI एक्टिविस्ट घुस आया। जेब में संविधान, आंखों में आग। सीधा पूछा–जनाब, ये सड़क तीन बार बजट में पास हुई, बनी क्यों नहीं? जवाब मिला–भाई साहब, बन तो गई थी...बाढ़ में बह गई। लड़के ने पूछा–बाढ़ तो पांच साल पहले आई थी। साहब बोले–तो आपने पांच साल क्यों गंवाए?

## न्यूज फ्लैश

### भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है अमृत सरोवर मिशन



**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) /टीम एक्शन इंडिया**
भारत सरकार के विकास एवं पंचायत मंत्री शिवराज चौहान बापौली के जलमाना गांव से अमृत सरोवर फेज-२ की शुरूआत करेंगे। इसको लेकर प्रदेश के पंचायत विभाग के निदेशक जे.के. अभीर ने मंगलवार को गांव जलमाना का दौरा कर कार्यक्रम के आयोजन हेतु अवलोकन किया और अधिकारियों से विचार विमर्श किया। इस मौके पर जिला परिषद की सीईओ डॉ किरण सिंह और ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त निदेशक जितेंद्र जोशी भी उपस्थित रहे। हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक जीके अभीर ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सरोवर मिशन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण, जल पुनर्भरण और ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के पुनर्निर्माण के माध्यम से जल संकट से निपटना है।
उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत, हरियाणा राज्य में भी कई चरणों में अमृत सरोवरों का निर्माण और नवीनीकरण किया गया है। इसी के दूसरे चरण की शुरूआत केंद्रीय विकास एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बापौली के जलमाना से करेंगे। जिनका दौरा वीरवार या शुक्रवार को प्रस्तावित है। वे इस दिन मनरेगा कार्यकताओं के साथ श्रमदान भी करेंगे। इस श्रमदान में युवाओं के साथ-साथ किसान व अन्य लोग भी भाग लेंगे। श्रमदान के साथ-साथ पौधारोपण और तालाब इत्यादि की सफाई भी की जाएगी।

### राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) /टीम एक्शन इंडिया**
डीसी विरेदंर कुमार दहिया ने बताया कि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य नवाचार, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, निर्यात व उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष कुल ४४ पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें विनिर्माण, सेवा, विशेष श्रेणियों और संस्थागत समर्थन से जुड़ी श्रेणियां शामिल हैं।
उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि १५ मई निर्धारित की गई है और एक उद्यमी एक से अधिक श्रेणियों में आवेदन कर सकता है। पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और १ से ३ लाख रुपये तक की नकद राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है और यह पुरस्कार उनके नवाचार व योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन देने का माध्यम हैं। इच्छुक उद्यमी पोर्टल (एचटीटीपीएः//डेसबोर्डडॉटएमएसएमईडॉटजीओवीडॉटइन/एनए पोर्टल ) पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### प्राइवेट प्ले स्कूल को पंजीकरण कराना अनिवार्य

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) /टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली व महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला द्वारा जारी किए गए निदेर्शानुसार जिले में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। डीसी डाक्टर विरेदंर कुमार दहिया ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला में प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण के चल रहे प्ले स्कूलों को नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
डीसी ने कहा कि प्ले स्कूल को हर वर्ष मान्यता रिन्यू करवाना अनिवार्य है। प्ले स्कूल अगर नियमों पर खरा नहीं उतरते हैं तो उन्हें बंद करवाया जाएगा।

# उपायुक्त ने सभी विभागों के अध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने को लेकर प्रशासन प्रारंभ से ही गंभीर है। अधिकारियों को इसमें और गति प्रदान करनी चाहिये। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय में सीएम विण्डो, जनसंवाद और समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा रखी गई समस्याओं के निस्तारण को लेकर करीब दो दर्जन विभागों के एचओडी के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को रोजाना अपने कार्यालय में १५ मिनट का समय निकालकर विभाग से संबंधित व सीएम विण्डो, जनसंवाद और समाधान शिविर से जुड़ी समस्याओं के निदान को लेकर चिंतन मंथन करके कम से कम समय में उनका समाधान करना चाहिए।



उपायुक्त ने समीक्षा बैठक में पुलिस विभाग, पंचायत विभाग के अलावा दर्जनों विभागों के अधिकारियों से एक-एक करके विगत की शेष बची सीएम विण्डों व जनसंवाद की निस्तारण की जानकारी ली। उपायुक्त ने समस्याओं के समाधान में क्या दिक्कते आ रही है व समय क्यों लग रहा है इसको लेकर एक-एक करके अधिकारियों से कारण पूछा।
उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समन्वय स्थापित करके समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह समाधान शिविर व सीएम विण्डों और जनसंवाद की समस्याओं की समीक्षा कर चुके हैं। ऑनलाईन भी समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं पर निगरानी बरती जा रही है।
उपायुक्त ने कहा कि सिस्टम में बदलाव करके इन समस्याओं का हमें निदान करना है। ज्यादातर समस्याएं ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी हुई है। उपायुक्त ने अधिकारियों को अवैध अतिक्रमण के सन्दर्भ में भी अपडेट लिया व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे अवैध कब्जों पर संज्ञान लें।
उपायुक्त ने सभी तहसीलदारों, डीआरओ, एलडीएम, पुलिस विभाग के अधिकारियों से भी उनकी विभाग से सम्बंधित समस्याओं का अपडेट लिया व ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का कम से कम समय में समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने निगम अतिरिक्त आयुक्त विवेक को भी उनके विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये।

## मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा का एक प्रतिनिधि मंडल मांगों को लेकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर नायब सिंह सैनी से मिला। सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा के प्रतिनिधि मंडल की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा ने की। डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि काफी लंबे समय से ट्रेनिंग को लेकर जो अधूरी पड़ी हुई मांगे हैं, उनको जल्द लागू किया जाए और प्रदेश भर में अनुभव के आधार पर काम कर रहे प्रेक्टिसनर लोगों को अपनी सेवाएं दे सकें।
इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. श्रीचंद तंवर, जिला अध्यक्ष कैथल डॉ. तेजपाल खटकड़, पानीपत जिला प्रधान डॉ. रमेश ढांडा, यमुनानगर से डॉ. काला राम, डॉ. बलजीत सैनी, डॉ. अनुज शर्मा, कुरूक्षेत्र से डॉ. राकेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## आपदा प्रबंधन की तैयारियों के लिए मॉक ड्रिल सात मई को

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जर**
किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए झज्जर जिले में 7 मई को व्यापक मॉक ड्रिल होगी। मॉक ड्रिल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में दोपहर बाद शाम चार बजे से शुरू होगी। जिसमें जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण स्तर तक आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन किया जाएगा। मॉक ड्रिल की तैयारियों के लिए मंगलवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव एस. नारायणन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से एक उच्च स्तरीय बैठक ली।

## मत्सय पालन को बढ़ावा देने के लिए करने होंगे प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
नगराधीश टिनू पोशवाल ने मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में प्रधानमंत्री मत्सय सम्पदा योजना की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार मत्सय को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा मत्सय पालन को लेकर जिला स्तरीय कमेटी के सदस्यों को लोगों को जागरूक करने के लिए कहा।
नगराधीश ने कहा कि अनुपयोगी व जलमगन भूमि को अधिक से अधिक मत्सय पालन के अन्र्तगत लाया जाए। पंचायती तालाबों को मछली पालन के लिए पट्ट्टे पर देने व खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों और पंचायत सचिवों से बोली को लेकर सम्पर्क करने के निर्देष दिए।



जिला मत्सय अधिकारी भीम सिंह बैनीवाल ने बताया कि जिले में वर्तमान में १०६१.६० हैक्टेयर भूमि पर मछली पालन किया जा रहा है।
वर्ष २०२४-२५ के दौरान जिला पानीपत में ६०९.७१ लाख मत्सय बीज संचित किया गया है व ११०११.१ मिट्रिक टन लक्ष्य उत्पादन किया गया है। इस मौके पर मत्सय अधिकारी अनुज कुमारी, मनमोहन सिंह, कृषि विभाग के एसडीओ देवेन्द्र कुहाड़ के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## छबाबा की हत्या की ब्लाइंड वारदात का पदार्फाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
नौल्था गांव में रोहतक पानीपत हाईवे पर सरकारी स्कूल के सामने पीर के साथ बने मंदिर में बीते शनिवार की रात बाबा सत्यवान की गला रेत कर की गई हत्या की ब्लाइंड वारदात का पुलिस ने महज 36 घंटे में पदार्फास कर सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।
आरोपी की पहचान नौल्था निवासी संदीप के रूप में हुई है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि हत्या की उक्त ब्लाइंड वारदात को सुलझाने की जिम्मेदारी सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार की टीम को सौंपी गई थी। सीआईए वन पुलिस टीम ने विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए सोमवार को वारदात पदार्फास कर आरोपी संदीप को नौल्था में डिडवाड़ी मोड़ से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बाबा सत्यवान (50) की हत्या करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।
भिक्षा में मिले पैसे देने बंद किये तो आरोपी ने बाबा की हत्या की; पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह करीब पांच छह साल से मंदिर में बाबा सत्यवान के पास आता जाता था।

## अवैध नशीले पदार्थ के व्यवसाय में चार नशाखोर कार सहित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**देओ**
हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्ति दिलाने के लिए हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में हरियाणा में बिगुल फूंकने की सफलता पा रही है। इसी क्रम में सफलता प्राप्त करते हुए ब्यूरो की यूनिट ने जिले के महम क्षेत्र के 152- डी नेशनल हाईवे पर खरखड़ा टोल प्लाजा के पास से अवैध नशीले पदार्थ के व्यवसाय में चार नशाखोरों को कार सहित गिरफ्तार किया। यह ज्ञात है कि ब्यूरो प्रमुख/महानिदेशक ओ.पी.



सिंह के निर्देशन में पूरे प्रदेश में नशाखुरानों के खिलाफ कान्स्टेंसी की जा रही है।
विस्तृत जानकारी में बताया गया है कि पुलिस कप्तान महाराजा फिनलुरी कुमार के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक दीपक अपनी टीम के साथ थाना महम के क्षेत्र मे गांव खरखड़ा के पास मौजूद थे। तभी गुप्त सूचना मिली कि चार नशा तस्कर अपनी कार में देहरादून की तरफ से अवैध नशीले पदार्थ लेकर गांव खरखड़ा से होते हुए यशी की तरफ से पहचान करने जा रहे हैं। यदि पुलिस टीम द्वारा सम्मिलित सामान की जाए तो अवैध नशीले पदार्थ चरस को भौतिक बनाया जा सकता है। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 152- डी नेशनल हाईवे पर खड़खड़ा गांव में टोल प्लाजा के पास नाका पर चार चार को कार लगाने की कार्रवाई की। फादर की पहचान संदीप पुत्र महाबीर, राहुल पुत्र राकेश, अमन पुत्र रमेश और हर्ष पुत्र रोहताश के रूप में हुई। जो गांव दुबलधन जिला झज्जर के रहने वाले हैं। राजपत्रित अधिकारी के मोके के पास से 414 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ चरस बरामद किया गया। अतिरिक्त जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नशे के कारोबार में अन्य आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर थाना महम , जिला देहरादून में एन.डी.पी.एस. अधिनियम कि विभिन्न धाराओं में माध्यमिक मात्रा का मुकदमा आगामी दर्ज कार्रवाई शुरू हो गई है।
उन्होंने आगे कहा कि अगर आपको कहीं भी नशा बिकता है तो भारत सरकार के पास जाकर नशे से संबंधित टोल फ्री नंबर 1933 , ऑनलाइन शिकायत पोर्टल ठउइटअठअर.ॠइश.क्ठ और हरियाणा सरकार के टोल फ्री नंबर देखें।

# ट्रेन के आगे कूदा व्यक्ति, बेटे के इलाज में लिया था 9 लाख का कर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक मजदूर ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। मृतक पर करीब 9 लाख रुपए का कर्ज था। वह मंगलवार सुबह घर से यह कहकर निकले थे कि पैसों का इंतजाम करने जा रहे हैं, लेकिन कुछ घंटे बाद परिवार को पुलिस से मौत की सूचना मिली। हादसा एफसीआई गोदाम के पास हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



मृतक की पहचान 55 वर्षीय लालु पासवान के रूप में हुई है। वे बिहार के बेगूसराय के रहने वाले थे और करनाल की उत्तम कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे। उनके बेटे शुभम ने बताया कि आज सुबह करीब 3 बजे पिता घर से निकले थे। उन्होंने कहा था कि पैसों का इंतजाम करने जा रहे हैं। कुछ घंटों बाद सुबह 9 बजे पुलिस का कॉल आया और हमें बताया गया कि उन्होंने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।
शुभम ने बताया कि उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया था और बीते तीन महीनों से इलाज चल रहा था। इलाज के लिए पिता ने कई जगह से पैसे उधार लिए थे। धीरे-धीरे यह कर्ज 9 लाख रुपए तक पहुंच गया। आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी और घर चलाना मुश्किल हो गया था।

## अवैध रूप से शराब बेचते छह को पकड़ा


**टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी**
रेवाड़ी में पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को विभिन्न स्थानों से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया।
पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी को देखकर शराब पीने वाले लोग भाग गए।
मिली जानकारी के अनुसार पोसवाल चौक पर एक रेहड़ी से धक्का बस्ती निवासी मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। वह रेहड़ी के पास लोगों को शराब बेच रहा था। रेलवे चौक के पास एक चाय की दुकान से पवन कुमार को पकड़ा गया।

## रामपुरा मोहल्ला बना अपराधियों का गढ़ः आशीष कुक्की

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार**
हिसार का ऐतिहासिक रामपुरा मोहल्ला इन दिनों अपराध, अराजकता और प्रशासनिक निष्क्रियता का शिकार बना हुआ है। रविवार को गली नंबर 4 स्थित पूर्वी कन्फेक्शनरी स्टोर पर हुई दिनदहाड़े लूट की वारदात ने क्षेत्रवासियों को हिला कर रख दिया। दुकान मालिक सुशील कुमार की वृद्ध माता से एक अज्ञात युवक ने ग्राहक बनकर ?10,000 लूट लिए और विरोध करने पर उनके साथ हाथापाई की। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई, बावजूद इसके पुलिस महज कागजी कार्रवाई में लगी है।
रामपुरा मोहल्ला रेजिडेंट वेलफेयर



एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष कुक्की ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि वह पिछले काफी समय से मोहल्ले में हो रही अनैतिक गतिविधियों और अवैध पीजी के खिलाफ लगातार आवाज उठा रहे



हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो मोहल्लेवासी आंदोलन को मजबूर होंगे।रामपुरा मोहल्ले में अवैध पीजी बड़ी संख्या में चल रहे हैं, जिनके पास न तो कोई लाइसेंस है और न ही वे भवन निर्माण नियमों का पालन करते हैं। इसके अलावा असामाजिक तत्वों की गतिविधियाँ, रात के समय चोरी, तेज रफ्तार बाइकर्स और पार्कों में बदमाशों की भीड़ ने मोहल्ले का माहौल बिगाड़ दिया है। महिलाएं और बुजुर्ग अब खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जनता की बार-बार चेतावनी और निवेदन के बावजूद प्रशासन की चुप्पी से मोहल्लेवासी आक्रोशित हैं और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।
संपर्क सूत्रः
सुशील कुमार (पीड़ित दुकानदार)
झ मोबाइलः 9306341991
आशीष कुक्की (अध्यक्ष, रामपुरा मोहल्ला रेजिडेंट वेलफेयर

## जरूरतमंद परिवार के युवक-युवतियों की शादी धूमधाम से करवाई जाएगीः गर्ग

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग के उपरांत बजरंग गर्ग ने पत्रकार वार्ता में कहा कि अग्रवाल विकास संगठन द्वारा 18 मई को महाराजा अग्रसेन भवन में जरूरतमंद परिवार की कन्याओं की शादी समारोह होगा। शादियों की व्यवस्था के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। बजरंग गर्ग ने बताया कि जरूरतमंद युवक-युवतियों की शादी बड़े धूमधाम से करवाई जाएगी। शादी समारोह में खाने, ठहरने के अलावा हर प्रकार की



व्यवस्था संस्था द्वारा की गई है। श्री गर्ग ने कहा कि शहर के सामाजिक व धार्मिक व्यक्तियों के सहयोग से युवक-युवती को डबल बैंड, गद्दे, चादर, स्टील अलमारी, संदूक, चार कुर्सी, मेज, कुलर, 31 पीस बर्तन, प्रैस, घड़ियां (लेडीज और जेंट्स)। आभूषणों में चांदी की पाजेब, अंगूठी, चुटकी, चैन और लोकेट। वस्त्रों में 11 पीस लेडीज सूट व जेंट्स सूट, कम्बल, सफारी सूट, लहंगा चुन्नी। अन्य सामग्री में मेकअप का सामान, सूट केस, मिठाई आदि समान दिया जाएगा। अब तक शादी के लिए जोड़े का रजिस्ट्रेशन हो रही है। शादी के लिए ओर जितने भी जोड़े आएगें उन सभी की शादियां 18 मई को ही करवाई जाएगी। प्रात 10:30 बजे घूड़चड़ी होगी, 11:30 बजे बारात का स्वागत होगा और 12:00 बजे वर माला व आशीर्वाद समारोह होगा। 1:00 बजे खाना और 3:00 बजे फेरे होगें।
बजरंग गर्ग ने कहा कि समाज के प्रतिनिधियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा ताकि युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बचाया जा सकें। नशे के कारण युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है और नशे के कारण हरियाणा में लगातार अपराध बढ़ रहा है।
इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन भवन के प्रधान अंजनी कुमार खारिया, संरक्षक दीपक गर्ग, वैश्य समाज के जिला प्रधान एनके गोयल, युवा शहरी प्रधान अनिल सिंगला मंगालीवाला, संजग के प्रदेशाध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, अनाज मण्डी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, उपप्रधान बजरंग असरावां, निर्मल गर्ग, विकास लोहरिया, देवेंद्र गर्ग, श्री श्याम दर्शन परिवार के प्रधान श्याम संग परिवार के प्रधान अनिल तनेजा, अभिमन्यु बंसल, सुरेन्द्र सिंगला, आशुतोष, धर्मेंद्र कथरिया, किशन मौर्य, देवीलाल जाखड़, राजेन्द्र बंसल आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।

## ताऊ देवीलाल चौक पर मिला अज्ञात शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर में ताऊ देवीलाल चौक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। व्यक्ति रात भर चौक पर ही पड़ा था। मृतक की जेब से 13 रुपए मिले है। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो व्यक्ति मृत मिला।
आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। शव को 72 घंटे के लिए मोर्चरी हाउस में रखा गया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। चौक के पास ही शराब का ठेका है, इसलिए राहगीरों और स्थानीय लोगों को लगा कि कोई व्यक्ति शराब के



नशे में पड़ा है। इस कारण रातभर किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया। सुबह जब वह नहीं उठा तो कुछ लोगों ने उसे हिलाने की कोशिश की, लेकिन शरीर में कोई हलचल नहीं थी। इसके बाद डायल.112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया गया। एनजीओ से जुड़े राजकुमार ने बताया कि हमें किसी व्यक्ति ने कॉल कर सूचना दी थी कि चौक पर एक बीमार व्यक्ति पड़ा है, एक बार आकर चेक करें। जब हम पहुंचे और जांच की तो वह मृत था। मृतक की उम्र करीब 55 साल है। उसके पैरों में सूजन थी। उसने ग्रे रंग का पजामा, ग्रीन रंग की शर्ट और स्लेटी रंग की चप्पल पहनी हुई थी। बाल और दाढ़ी बढ़ी हुई थी। उसकी जेब से 13 रुपए निकले, जिनमें एक दस रुपए का नोट और बाकी खुले सिक्के थे।
डायल-112 के इंचार्ज बलवान सिंह ने बताया कि मृतक की अभी तक कोई पहचान नहीं हो पाई है। शव को मोर्चरी हाउस में 72 घंटे के लिए रखवाया गया है। यदि इस दौरान कोई परिजन या पहचान करने वाला सामने नहीं आता तो अपना आशियाना संस्था द्वारा शव का अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### ड्रोन उपयोग को नियंत्रित किया जाना अति आवश्यक- डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिलाधीश अम्बाला अजय सिंह तोमर ने वर्तमान सुरक्षा वातावरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत एक आदेश जारी करते हुए ड्रोन के उपयोग, बिक्री, भंडारण व उड़ान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा रक्षा प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाने के लिए ड्रोन का दुरूपयोग किया जा सकता हैं। इसके लिए ड्रोन उपयोग को नियंत्रित किया जाना अति आवश्यक हैं। जिसके तहत सुरक्षा के दृष्टिगत यह आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध विशेष रूप से रक्षा हवाई अड्डों, सैन्य प्रतिष्ठानों, जिला सचिवालय परिसर से 3 किलोमीटर व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों से 2 किलोमीटर की परिधि तथा परिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास लागू रहेगा। उन्होनें कहा कि सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजनों में ड्रोन के उपयोग पर रोक रहेगी। इसके लिए जिला प्रशासन व संबंधित उप-मण्डल मजिस्ट्रेट से पूर्व में अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यदि आदेशों की अवहेलना होती है तो सम्बधिंत के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा 223 के तहत नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सीजेएम प्रवीण ने बाल सुधार गृह का औचक निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बाल सुधार गृह अम्बाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर यहां पर उपस्थित अधीक्षक से यहां पर रह रहे ज्यूविनायलों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होने ज्यूविनायलों को प्रदान की जा रही मैडिकल सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान सुधारगृह में स्थित रसोईघर व यहां पर बनाए जाने खाने की गुणवत्ता को भी चैक किया। सचिव ने बताया कि पीड़ित मुआवजा योजना के अंतर्गत जिला न्यायलय, अम्बाला के आदेशानुसार मुआवजा प्रदान किया जाता है। जिसमें एसिड अटैक, शारीरिक शोषण, हत्या इत्यादि के मामले शामिल है। योजना का लाभ उठाने के लिए पीड़ित व्यक्ति द्वारा पुलिस कार्यवाही मे सहयोग किया जाना आवश्यक होता है और एफ आई आर दर्ज होना भी जरूरी होता है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला से पीड़ित मुआवजा योजना का लाभ लेने के लिए पीडित व्यक्ति को वकील की फीस भरने की कोई आवश्यकता नही होती। योजना के अंतर्गत जिला ए डी आर सेंटर में स्थापित कानूनी सहायता केंद्र पर उपस्थित अधिवक्ताओं से मुफत कानूनी सलाह व सहायता प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिनए हैल्पलाइन नं. 0171-2532142 व 9991112660 व नालसा हैल्पलाइन नं 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

### एचकेआरएन में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी

**फतेहाबाद।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम में नौकरी लगवाने के नाम पर होमगार्ड जवान से साइबर ठगों द्वारा एक लाख 10 हजार रुपये की ठगी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खाबड़ा कलां निवासी कमल ने कहा है कि वह हरियाणा होमगार्ड में नौकरी करता है। दिसम्बर 2024 में उसके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह ऑनलाइन मार्केटिंग का काम करता है।

# खालसा हाई स्कूल के नए कमरों का निर्माण कार्य हुआ शुरू

### ी बलदेव सिंह के अलावा विश्व प्रसिद्ध विभूतियां इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करके गई

**अरदास**

6 कमरों के निर्माण कार्य सुखमनी साहिब के पाठ व अरदास के बाद शुरू हो गया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला यहां स्थानीय खालसा हाई स्कूल कचहरी रोड अंबाला शहर में 6 कमरों के निर्माण कार्य सुखमनी साहिब के पाठ व अरदास के बाद शुरू हो गया। ज्ञात रहे उक्त स्कूल अंबाला के सबसे प्राचीन स्कूल के रूप में विख्यात है तथा 100 वर्ष पूर्व शुरू हुए इस विद्यालय में भारत के प्रथम रक्षा मंत्री बलदेव सिंह के अलावा विश्व प्रसिद्ध विभूतियां इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करके गई है। कभी इस विद्यालय का अंबाला में बहुत नाम हुआ करता था खेलो, सांस्कृतिक ,धार्मिक गतिविधियों में यह विद्यालय बहुत अग्रणी विद्यालय हुआ करता था। परंतु काफी समय बंद रहने के कारण इस विद्यालय के पुराने विद्यार्थियों की इच्छा थी इस ऐतिहासिक विद्यालय को शुरू किया जाए। इसी मनोरथ को पूर्ण करते हुए 4 वर्ष पहले इस विद्यालय को पुनः आरंभ किया गया था। इस समय इस विद्यालय में दसवीं कक्षा तक का अध्ययन कार्य हो रहा है। इस विद्यालय में पिछले अरसे दौरान भी कई कमरों का निर्माण किया गया था। उसी कड़ी में विद्यालय के 6 नए कमरों का प्रसिद्ध धार्मिक शख्सियत संत बाबा हरबंस सिंह रवालों वालों के कर कमलों द्वारा नींव पत्थर रखकर शुभारंभ किया गया। इस पावन कार्य के निर्माण हेतु इसी विद्यालय के पूर्व छात्र दिल्ली के सरदार गुरुचरण सिंह कोछड़ द्वारा 11 लाख की राशि विद्यालय को दी गई।

बाबा हरबंस सिंह रवालों वालों द्वारा अरदास के उपरांत इस विद्यालय की प्रमुख शख्सियत व शि. गु. प्र. कमेटी के सदस्य हरपाल सिंह मछौंडा जी ने बधाई दी व संगतों से विचार सांझा किए.इस अवसर में विद्यालय प्रबंधन कमेटी के प्रधान स. परमजीत सिंह भानोखेड़ी ,मैनेजर स. गुरचरण सिंह बलिस, प्रधान स. मोहन सिंह धुरकड़ा, सी. वाइस प्रधान सरदार मोहन सिंह भानोखेड़ी , जरनल सेक्टरी स.अमरजीत सिंह बिंद्रा, स.त्रिलोचन सिंह , स. हाकम सिंह , स. गुरदर्शन सिंह , स. रणवीर सिंह फौजी जनरल सेक्रेट्री हरियाणा स्टेट अकाली दल , स. दलबीर सिंह, मास्टर कुलवंत सिंह , स. एम एम सिंह, स जगमीत सिंह , स. गुरचरण जोगी , स. नरेंद्र सिंह भाटिया वालिया साहब , स. हरवीर सिंह , हरियाणा कमेटी मेंबर स. गुरतेज सिंह अंटाल, प्रिंसिपल तरण जीत कौर, स. सुरिंदर पाल सिंह ,सरदार भोपाल सिंह , स. हरजिंदर सिंह बलाना , स. कुलदीप सिंह , स. सुरजीत सिंह स्कूल का स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे इस अवसर पर इस विद्यालय को 12वीं कक्षा तक अपग्रेड करने का भी मता पास किया गया।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 व 10 मई को



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, अम्बाला व सब डिवीजन, नारायणगढ़ की अदालतों मे 10 मई 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नैशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नं. 0171-2532142 व 9991112660 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने जनसाधारण से अपील की कि वे अदालत मे बिजली, पानी इत्यादि संबधित लम्बित मुकदमे व प्री लिटिगेशन स्टेज पर इस लोक अदालत में रख कर उनका निपटारा करवा सकते है, जिससे आपसी समझौते से मुकदमे का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढ़ती है और लोक अदालत मे समझौता हुए मुकदमों की अपील भी नही होती, जिससे समय व धन की बचत होती है।

**निपटारा**

लम्बित मुकदमे व प्री लिटिगेशन स्टेज पर इस लोक अदालत में रख कर उनका निपटारा करवा सकते हैं

## 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक न्यायालय का किया जा रहा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** जिला विधिक सेवा प्राधिकारी द्वारा 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक न्यायालय का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में वाहन चालक भी अपना पैंडिंग स्टॉक का भुगतान कर सकते हैं। जानकारी में कहा गया है कि 10 मई को कोर्ट में लीज वाले नेशनल लोक कोर्ट में कोई भी वाहन चालक अपना लमबिट रिकॉर्ड भर सकता है। यूनेस्को वेबसाइट में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया है कि इसके लिए वाहनों को अपनी याचिका में लिखा है 9 मई तक खुद या वकील के माध्यम से अदालत में वैज्ञानिक होगा। ऑटोमोबाइल के लिए सोनार अवसर है कि 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत में आप अपने लम्बित ऑटोमोबाइल का भुगतान कर सकते हैं।

## नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर करें कर्त्तव्य का निर्वहन: डॉ. अशोक

**प्रेरित किया**

नून लौटा, नुक्कड़ नाटक, बकेट चैलेंज और हृदय परिवर्तन के द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध विभिन्न प्रकार के प्रकल्पों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया गया है। इनमें मुख्य रूप से गाँव गाँव तक जागरूकता कार्यक्रम, नून लौटा, नुक्कड़ नाटक, बकेट चैलेंज और हृदय परिवर्तन के द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइक्लोथॉन यात्रा के समापन के पश्चात हरियाणा में 2000 से अधिक किलोमीटर की यात्रा करके आज कुरुक्षेत्र में पहुंचे और उन्होंने साइकिल चलाकर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया। साइक्लोथॉन यात्रा के अंतर्गत पंचकूला प्रशासन द्वारा उन्हें एक साइकिल भेंट की गई थी जिसे उन्होंने आज कुरुक्षेत्र की सड़कों पर चलाया और शहर में युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी सदैव साइकिल के साधन का प्रयोग करते हैं। वे वर्ष 2023 में भी साइकिल यात्रा का नेतृत्व कर चुके हैं।

ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने अनेक स्थानों पर युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक किया और बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त अभियान को सफल बनाएं।

# पूर्व कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छोकर की कोठी तत्काल ध्वस्त हो: पीपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा:** आर टी आई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने पूर्व कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छोकर की कोठी को तत्काल ध्वस्त करने की मांग की है । आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पूर्व कांग्रेसी विधायक पर खासी मेहरबान रही । करीब पांच वर्ष पहले 7 अगस्त 2020 को तत्कालीन लोकायुक्त ने एक रिटायर्ड जज के नेतृत्व में जाँच टीम बना कर पूर्व कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छोकर की कोठी के गैर कानूनी निर्माण पर नियमानुसार कारवाई करने के हरियाणा सरकार को आदेश दिये थे । लेकिन लोकायुक्त के आदेशों को ताक पर रख हरियाणा सरकार ने इस मामले में आज तक कोई कारवाई ही नहीं की ।

**यह है मामला:-** आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने वर्ष 2014 में सबूतों सहित लोकायुक्त को शिकायत देकर धर्म सिंह छोकर की कोठी को ध्वस्त करने की मांग की थी । शिकायत में आरोप लगाया था कि कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छोकर ने वर्ष 2013 में अवैध कालोनी में बिना नक्शा स्वीकृत कराए किला नुमा कोठी का निर्माण कर लिया और फिर अपनी कोठी को ही साईं एंकलेव कालोनी बता कर स्वीकृत कराने का केस सरकार को भिजवा दिया ताकि कोठी का नक्शा अप्रूव हो सके इस शिकायत की जाँच के दौरान ही वर्ष 2018 में तत्कालीन खट्टर सरकार के शासन काल में निकाय विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से कोठी को साईं एंकलेव कालोनी का बता कर स्वीकृत करा लिया । लोकायुक्त ने सरकार को ये आदेश किए थे :-

कॉमरेड पीपी कपूर ने बताया कि उनकी शिकायत की जाँच में आरोपों को सही पाते हुए लोकायुक्त ने 7अगस्त 2020 को हरियाणा सरकार को एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में टीम बना कर अवैध कालोनी में निर्मित धर्म सिंह छोकर की कोठी बारे नियमानुसार कारवाई के आदेश दिये थे।

**मांग**

आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पूर्व कांग्रेसी विधायक पर खासी मेहरबान रही: पीपी

## जीवन ज्योति ताइक्वांडो फाइट एकेडमी समालखा के खिलाड़ियों ने परचम लहराया

**प्रदर्शन**

केशव ने रजत पदक तथा अंश गर्ग ने कांस्य पदक लेकर अपना बेहतर प्रदर्शन किया




**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: जीवन** ज्योति ताइक्वांडो फाइट एकेडमी समालखा के 10 खिलाड़ियों ने लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता भाग लिया जिसमें चार स्वर्ण पदक पांच रजत पदक एवं एक कांस्य पदक लेकर अपनी अकादमी का नाम रोशन किया जिसने मोक्षिता मित्तल, पुनीत मित्तल, यश गर्ग, आशु ने स्वर्ण पदक एवं कनिष्का छोक्कर , कविदत्त , अक्ष तिवारी, माधव गोयल, एवं केशव ने रजत पदक तथा अंश गर्ग ने कांस्य पदक लेकर अपना बेहतर प्रदर्शन किया सभी खिलाड़ियों को अकादमी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर पर कोच गोविंद वर्मा , कोच अजीत कुमार कोच गुरबख्श ब्लैक बेल्ट, कोच सिमरन ब्लैक बेल्ट उपस्थित रहे।

## हेरोइन व नकदी समेत महिला तस्कर काबू

**जींद।** जींद में पुलिस ने एक महिला नशा तस्कर को काबू किया है। आरोपी महिला के कब्जे से 11.75 ग्राम हेरोइन और करीब 24 हजार रुपए की नकदी मिली है। महिला हेरोइन की सप्लाई के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही थी लेकिन ग्राहक के पहुंचने से पहले पुलिस पहुंच गई और उसे दबोच लिया। अरोपी महिला चमेला कॉलोनी निवासी शर्मिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सोमवार को नरवाना शहर थाना पुलिस गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि नरवाना की चमेला कॉलोनी निवासी शर्मिला नशीले पदार्थ बेचने का धंधा करती है।

## पुलिस की महिला टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बच्चों व महिलाओं को समझाया जाता है कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो।

दिनांक 06 मई 25 को सेफ सिटी की टीम ने राजकीय सिनियर सैकंडरी स्कूल भवानी खेडा कुरुक्षेत्र में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की महिला मुख्य सिपाही राजबीर कौर व महिला एसपीओ अमिता रानी ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। इसके साथ-साथ महिला पुलिस की टीम ने महिला टीम ने स्कूली छात्राओं के साथ-साथ अध्यापक व बस स्टैंड व सार्वजानिक स्थानों पर दुर्गा शक्ति व डायल-112 की ट्रिप मोनिटरिंग सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**अवगत कराया**

बच्चों व महिलाओं को समझाया जाता है कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें

# बढ़े हुए लोड अनुसार ट्रांसफार्मर तुरंत लगाए बिजली विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र/पिहोवा :** भारतीय किसान यूनियन (पिहोवा) की अहम बैठक किसान रेस्ट हाउस में संपन्न हुई ।जिसकी अध्यक्षता हल्का प्रधान कवलजीत छज्जूपुर व युवा प्रधान सुखविंदर मुकिमपुरा ने की ।मीटिंग में संगठन का विस्तार करते हुए विनोद बाखली को हल्का प्रभारी ,बलविंदर बटेडी को ब्लॉक उपप्रधान,गुरमेल सनेटा फार्म को ब्लॉक महासचिव,जगदीश सूरमी को ब्लॉक सचिव व संत गिरी टिकरी को कार्यकारणी सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया ।भाकियू प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने बताया कि आज की मीटिंग के मुख्य एजेंडा वीडीएस स्कीम के तहत बढ़े हुए लोड अनुसार अभी तक किसानो को ट्रांसफार्मर ना मिलना व धान की हाइब्रिड वैरायटी 7301 व 7501 पर राइस मिलरो द्वारा कट लगाने की घोषणा पर चर्चा की गई ।धान की हाइब्रिड वैरायटी 7301 व 7501 की खरीद ना करने व कट लगाने बारे राइस मिलरो द्वारा जो अफवाह उड़ाई जा रही है की निंदा की गई ।प्रिंस वड़ैच ने बताया की उक्त दोनों बीज एफसीआई द्वारा नोटिफाइड है व बीजों दोनों की खरीद पर एफसीआई व सरकार द्वारा कोई रोक नहीं है ।किंतु राइस मिलर इस बार भी पिछले धान सीजन की तरह एमएसपी पर कट लगाकर किसानो को लूटने की फिराक में है और लगातार उक्त बीजों को ना खरीदने व कट लगाने की अफवाह उड़ा रहे है जबकि राइस मिलर का काम केवल सरकार द्वारा खरीदी गई धान की मिलिंग करना है ना की धान की खरीद करना या इस संबंध में कोई दिशा निर्देश जारी करना । सरकार को राइस मिलरों द्वारा उड़ाई जा रही इस अफवाह पर संज्ञान लेना चाहिए और उक्त दोनों बीजों की खरीद बारे स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए ।युवा प्रधान सुखविंदर मुकिमपुरा ने कहा की वीडीएस स्कीम के तहत अभी तक किसानो को ट्रांसफार्मर नहीं मिले है जबकि बिल पिछले 2 वर्ष से बढ़े हुए लोड अनुसार आ रहे है और इस वर्ष भी अभी तक विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने के लिए टेंडर जारी नहीं किया गया है ।जिस से किसानो में रोष है ।युवा प्रधान ने कहा की विभाग द्वारा एक सप्ताह के अंदर बढ़े हुए लोड अनुसार ट्रांसफार्मर ना लगाए गए तो भाकियू सड़को पर उतारकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी ।इस मौके पर महेंद्र नंबरदार,अमरीक सिंह,हितेश बटेडी,जोगिंद्र बटेडी,गुरलाल असमानपुर,पिंटू संधोला,मंगतराम टिकरी,जशन उप्पल व अन्य किसान मौजूद रहे ।

**चर्चा**

किसानो को ट्रांसफार्मर ना मिलना व धान की हाइब्रिड वैरायटी 7301 व 7501 पर राइस मिलरो द्वारा कट लगाने की घोषणा पर चर्चा की गई

## जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्टद्द निवारण समिति की कष्ट निवारण बैठक 7 मई को दोपहर बाद 3 बजे नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक में हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर अध्यक्षता करेंगे। इस मासिक बैठक में 14 समस्याएं एजेंडे में रखे जाएंगे।

उपायुक्त नेहा सिंह ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि 7 मई को होने वाली जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में गांव सिरसला निवासी शारदा रानी, सेक्टर 13 निवासी ज्ञान सागर, गांव यारा निवासी केशव, नई शिकायतों में गांव बारना निवासी सुभाष चंद्र, गांव बडौली निवासी मोहित कुमार,गांव बरगट निवासी गुरनाम सिंह, गोबिंद पुरी कालोनी लाडवा गुरनाम सिंह, गांव छपरा निवासी प्रदीप कुमार, सुष्मा देवी, गांधीनगर निवासी महिन्द्र सिंह, लोटस ग्रीन सिटी निवासी रामकली, सेक्टर 3 निवासी वीना शर्मा, गांव खरींडवा निवासी कृपाल सिंह, राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुंडा खेडा यशवीर सिंह, न्यू मिजार्पुर कालोनी निवासी अनिल की शिकायत को रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय से पहले बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे और सभी अधिकारी एजेंडे के बिन्दुओं पर पूरी तैयारी करके आएंगे। इस विषय में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

# लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुंचे राहुल गांधी

**मुलाकात**

**परिवार से बोले- पहलगाम में सुरक्षा चूक चिंताजनक**
**आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को करनाल में नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार से 1 घंटा 35 मिनट तक मुलाकात की। वह दोपहर 2.15 बजे लेफ्टिनेंट के घर से रवाना हुए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।
मुलाकात के बारे में परिवार के सदस्य ने कहा कि राहुल गांधी ने हमारी फैमिली से दुख साझा किया। उन्होंने विनय के बचपन और पढ़ाई के बारे में पूछा। इसके साथ विनय की स्कूल की मार्कशीट और बचपन की फोटो भी देखीं। उन्होंने सुरक्षा में चूक की भी बात कही, जिसके चलते इतनी बड़ी घटना हुई।
परिवार के सदस्य ने कहा कि शहीद का दर्जा को लेकर कोई बात नहीं हुई। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है। मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने सिर्फ पानी ही पीया। हिमांशी घर पर नहीं हैं, वह अपने मायके गई हैं।
राहुल गांधी ने परिवार से एकांत में बातचीत की : दीपेंद्र हुड्डा
रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी ने विनय नरवाल को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद एकांत में परिवार से बातचीत की। राहुल ने परिवार को ढांढस बंधाया। हिमांशी की ट्रोलिंग के सवाल पर हुड्डा ने कहा कि इस विषय पर हमारा या राहुल गांधी का कोई उद्देश्य नहीं है कि हम कोई टिप्पणी करें। हमारा एकमात्र उद्देश्य विनय नरवाल को श्रद्धांजलि देना था।
22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने की थी हत्या
लेफ्टिनेंट नरवाल की 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने हत्या कर दी थी। शादी के 7वें दिन ही आतंकियों ने पत्नी हिमांशी के सामने उन्हें 3 गोलियां मारी थीं। लेफ्टिनेंट नरवाल की पत्नी हिमांशी ही वह महिला थी, जिसने सबसे पहले खुलासा किया कि आतंकियों ने नाम पूछकर टूरिस्टों को गोली मारी। इस हमले में 26 टूरिस्टों की मौत हुई थी।
कश्मीरियों-मुस्लिमों के खिलाफ न जाएं : हिमांशी
लेफ्टिनेंट की हत्या के बदले को लेकर पत्नी हिमांशी ने मुस्लिम और कश्मीरियों के खिलाफ नफरत भरे बयानों पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि ये सही नहीं है। हमें न्याय चाहिए। जिन लोगों ने गलत किया, उनको सजा मिलनी चाहिए।
विनय के परिवार को 50 लाख और सरकारी नौकरी
हरियाणा सरकार ने गत दिवस की कैबिनेट मीटिंग में लेफ्टिनेंट नरवाल के परिवार को 50 लाख की वित्तीय मदद और एक मेंबर को सरकारी नौकरी को मंजूरी दी है।
नोट : समाचार से सम्बंधित फोटो 6 करनाल-12, 13 में है।

# कमोडिटी बाजार आर्थिक विकास का एक अहम स्तंभ : सौम्येंदु डे चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा सेबी द्वारा स्मार्ट्स निवेशक जागरूकता कार्यक्रम पर आयोजि एक्सटेंशन लेक्चर में एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया) के वरिष्ठ प्रबंधक सौम्येंदु डे चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि कमोडिटी बाजार आर्थिक विकास का एक अहम स्तंभ है।
यह न केवल निवेशकों को विविधता लाने का अवसर देता है, बल्कि किसानों और उत्पादकों को बेहतर मूल्य दिलाने में भी सहायक है। भारत में इसके समुचित विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने नवंबर 2003 में एमसीएक्स की स्थापना और इसके विकल्पों में विकास पर, बढ़ते बाजार और विकल्पों में निवेश के लाभों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने दो प्रकार के कमोडिटी बाजारों - स्पॉट और डेरिवेटिव्स के बारे में बताया और सेबी के तहत एमसीएक्स के सुरक्षा और नियामक ढांचे पर जोर दिया।
कमोडिटीज और करेंसी प्रोडक्ट्स, एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्रमुख अनुज गुप्ता ने निवेश और धन प्रबंधन के महत्व पर जोर देते हुए बाजार को धन का महासागर बताया और निवेशकों को इसे बुद्धिमानी से नेविगेट करने के लिए प्रोत्साहित किया।
विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर महाबीर नरवाल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा बाजार और कमोडिटी बाजार को समझने के महत्व पर प्रकाश डाला।

**न्यूज फ्लैश**

## जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु बने वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस की बैठक में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन ने प्रतिष्ठित ह्यमेडल ऑफ ऑनरह्व से सम्मानित किया। वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। भुवन ऋभु का हरियाणा और खास तौर से पानीपत से गहरा नाता रहा है जहां जेआरसी के सहयोगी के तौर एम डी डी ऑफ इंडिया जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी संगठन देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर रहे हैं। वर्ष 1963 में स्थापित वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन दुनिया के विधिवेत्ताओं की सबसे पुरानी संस्था है जिसने न्याय के शासन की स्थापना में अपने योगदान के लिए विंस्टन चर्चिल, नेल्सन मंडेला, रूथ बेडर गिन्सबर्ग, स्पेन के राजा फेलिप षष्टम्, रेने कैसिन और कैरी कैनेडी जैसी ऐतिहासिक हस्तियों को सम्मानित किया है। जेआरसी के संस्थापक को मिले इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान पर सहयोगी संगठन एम डी डी ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक सुरिंदर सिंह मान ने कहा, ह्लयह सिर्फ भुवन जी का व्यक्तिगत सम्मान नहीं है- यह हम उन सभी लोगों के लिए अत्यंत गर्व का पल है जो प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन ने उनके कार्यों को जो मान्यता दी है, वह हम सभी के संघर्ष और विश्वास का सम्मान है। यह हमारे प्रयासों को नई गति और उर्जा देगा और राज्य सरकार व जिला प्रशासन के सहयोग से हम 2030 तक पानीपत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पियर्सन इंडिया ने एचसीएल फाउंडेशन के साथ साझेदारी की

**नोएडा।** पियर्सन, जो आजीवन सीखने में वैश्विक अग्रणी है, ने एचसीएल फाउंडेशन के साथ साझेदारी कर गौतम बुद्ध नगर, दादरी के मिहिर भोज इंटर कॉलेज में यंग कलाम साइंस लैब की स्थापना की है। इस यंग कलाम साइंस लैब को एनजीओ साझेदार, सोसियो इकोनॉमिक डेवलपमेंट ट्रस्ट के सहयोग से विकसित किया गया है। यह पहल STEM शिक्षा को आगे बढ़ाने और नोएडा के अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्कूलों के लिए एक मजबूत ज्ञान मंच बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है।



इस साझेदारी के तहत, पियर्सन इंडिया और एचसीएल फाउंडेशन एक STEM सेंटर का अनावरण करने पर गर्व करते हैं, जो छात्रों को विज्ञान सीखने, अनुभव करने और समझने के लिए एक समर्पित स्थान प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यह सुविधा 2,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैली होगी और एक समय में 75 छात्रों को समायोजित कर सकती है। इसमें 160 इंटरैक्टिव प्रदर्शन और एक सूचना गैलरी होगी, जो अन्वेषण और खोज के लिए एक जीवंत माहौल तैयार करेगी। पियर्सन इंडिया के कंट्री हेड, विनय कुमार स्वामी ने कहा, शिक्षा को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित होना चाहिए, जिसमें अनुभवात्मक शिक्षा इसका केंद्र हो। भारत में स्कूली छात्रों के लिए वैज्ञानिक बुनियादी ढांचे की बहुत आवश्यकता है। यह STEM सेंटर इस कमी को पूरा करेगा, जो वंचित छात्रों को अन्वेषण, सवाल उठाने और प्रयोग करने के साधन देगा–उन्हें अपनी सीखने की यात्रा को स्वयं संवारने की ताकत प्रदान करेगा। एचसीएलटेक की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल सीएसआर और एचसीएल फाउंडेशन की निदेशक, डॉ. निधि पुंधीर ने कहा, विज्ञान शिक्षा का एक अभिन्न हिस्सा है। यह तार्किक सोच और कार्य करने की अनूठी क्षमता देता है।

# विकास कार्यों को लेकर विधायक ने सीएम से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने करनाल विधानसभा से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं विकास परियोजनाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाएं। विधायक जगमोहन आनंद ने मुलाकात के बाद बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समय-समय पर करनाल विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों एवं करनाल के विकास को लेकर चल रही योजनाओं बारे निरंतर चर्चा करते हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को उनसे मुलाकात हुई। उनके समक्ष करनाल से जुड़े विभिन्न मुद्दों को रखा, जिस पर उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल की जनता से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है तथा विकास कार्यों में पहले की ही तरह किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, बल्कि और तेज गति से विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे।
उन्होंने कहा कि करनाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अभी तक के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है। प्रदेश सरकार जनता के कार्यो के लिए नॉन स्टॉप विकास कार्य कर रही है।
जगमोहन आनंद ने कहा कि जिन उम्मीदों के साथ लोगों ने उन्हें वोट देकर हरियाणा विधानसभा भेजा हैए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा।

# सिविल सर्जन ने की प्राइवेट एमटीपी केंद्रों के साथ बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सिविल सर्जन की अध्यक्षता में जिला के प्राइवेट एमटीपी केंद्रों की बैठक ली गई, जिसमें सभी प्राइवेट एमटीपी केंद्रों की स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया।
बैठक में नोडल अधिकारी एमटीपी ने बताया कि एमटीपी सैन्टर में जो भी गर्भवती महिला जिनकी पहली सन्तान लडकी है और वो आरपीओसी या मिस्ड अबॉर्शन के साथ आती है तो उनकी सूचना तुरन्त सिविल सर्जन कार्यालय में देना सुनिश्चित करें और गर्भवती महिला का पूरा रिकार्ड गोपनीय रखा जाए।

## मॉक ड्रिल में आम नागरिक की तरह हिस्सा लें भाजपा कार्यकर्ता: बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ**
केंद्रीय गृहमंत्रालय के मॉक ड्रिल के आदेश पर बुधवार को हरियाणा के 11 जिलों में मॉक ड्रिल आयोजित की जानी है। इसे लेकर तैयारियां और अभ्यास किए जा रहे हैं। इसी बीच भाजपा ने भी सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को मॉक ड्रिल में भाग लेने और प्रशासन की पूरी मदद करने निर्देश दिए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मंगलवार को पंचकूला स्थित भाजपा कार्यालय पंचकमल से वीडियो कांफ्रेस के जरिए अंबाला, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, रोहतक, पंचकूला, पानीपत, सोनीपत, सिरसा, झज्जर व यमुनागर के जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों से बातचीत की और आम आदमी की तरह ड्रिल में शामिल होने के निर्देश दिए। वहीं आज प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय में आए कार्यकताओं से मुलाकात की और संगठनात्मक विषयों पर जरूरी दिशा निर्देश दिए।
श्री बड़ौली ने आज पूरा दिन कार्यकताओं के साथ बिताया और पार्टी की नीति और सिद्धांतों पर चर्चा की। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि 7 मई को अंबाला, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, रोहतक, पंचकूला, पानीपत, सोनीपत, सिरसा, झज्जर व यमुनागर में मॉक ड्रिल होनी है। हवाई हमलों से बचने की मॉक ड्रिल कराई जाएगी ताकि युद्ध की स्थिति बनती है तो लोग पहले ही मानसिक तौर पर मजबूत हो सके

# यूथ रेडक्रॉस का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना: प्रो. रीटा दलाल




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र**
: यूथ रेडक्रॉस का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना है। इसके साथ ही मानवता की सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना से कार्य करते हुए राष्ट्र और समाज के कल्याण में अहम योगदान देना भी इसका उद्देश्य है। यह विचार आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा दलाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूथ रेड क्रॉस, आईआईएचएस द्वारा एक दिवसीय प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन के लिए शिविर में व्यक्त किए। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने यूथ रेड क्रॉस, आईआईएचएस के सेवा भावों एवं मानवीय मूल्यों की सराहना की और रेड क्रॉस के सात सिद्धांतों की अनुपालना करने के लिए प्रेरित किया। रेड क्रॉस सोसायटी कुरुक्षेत्र से व्याख्याता किरण ने सीपीआर, पट्टी बांधना व आपातकालीन में दिए जाने वाले 16 प्राथमिक उपचारों से अवगत कराया।

## मेयर ने सफाई मित्रों को बांटा तेल और साबुन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला**
शहर के सफाई मित्रों को नगर निगम की ओर से 5 महीने का तेल और साबुन वितरित किया गया। महापौर कुलभूषण गोयल ने निगम कार्यालय के बाहर सफाई कर्मचारियों को पांच बोतल सरसों की तेल एवं 5 महीने का साबुन दिया। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा हर वर्ष कर्मचारियों को यह सामान दिया जाता है।
कुलभूषण गोयल ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का पंचकूला के लिए सबसे बड़ा योगदान है। इनके कारण ही हम साफ स्वच्छ हवा में सांस ले पाते हैं। उन्होंने सफाई

# भगवान के दिए गए जीवन में हम भगवान को ही भुल जाते हैं : स्वामी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
नूरवाला की जसबीर कालोनी स्थित श्री अखण्ड शिव दुर्गा मन्दिर ट्रस्ट द्वारा 22वें वार्षिक सत्संग एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। महामण्डलेश्वर स्वामी दयानन्द जी महाराज की प्रेरणा से श्री श्री 108 स्वामी महेशानन्द जी महाराज की अध्यक्षता में श्रीरामचरित मानस का पाठ समाजसेवी ममता एवं सतीश वर्मा के कर कमलों से कराया गया। वहीं संतों द्वारा प्रवचन किया गया। ध्वजारोहण श्रीराम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा द्वारा, रिबन समारोह समाजसेवी अनन्त राम खुराना द्वारा तथा ज्योत प्रचण्ड समाजसेवी देवेन्द्र शर्मा द्वारा की गई।
वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में सतपाल बावा, सुभाष बठला, अनिल शर्मा, लखन तावड़ा, डा.अजय, जय दयाल तनेजा, सुन्दर लाल वधवा रहे।
श्रीरामायण आरती एवं भोग के बाद भंडारा लगाया गया।
समारोह में भजन गायक प.आत्म प्रकाश वशिष्ठ द्वारा, प्रवचन श्री श्री 108 स्वामी परमानन्द भैय्या द्वारा किया गया। मंच संचालन मदन लाल आजाद ने किया।
इस अवसर पर अशोक कालड़ा, अनिल बतरा, लाजपत मल्होत्रा, राजू सेतिया, राकेश भार्गव, लोकेश झांब, डा.राजेंद्र सैनी, सुनील कुमार गोयल व जतिन बतरा आदि मौजूद रहे।
श्री श्री 108 स्वामी महेशानन्द जी महाराज ने आई संगत को प्रवचनों में कहा कि भक्ति के माध्यम से इंसान को भगवान से अपना अटूट रिश्ता बनाना चाहिए। ये रिश्ता ही इंसान के काम आ सकता है अन्य कोई भी रिश्ता जीवन की सही मुक्ति में कामयाब नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भगवान के दिए गए इस जीवन में हम भगवान को ही भुल जाते हैं जो गलत है।

# घूमने आए लोगों की गोली मारकार हत्या किया जाना अत्यन्त निंदनीय



**टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत , ( कमाल हुसैन )
सर्व समाज एकता मंच के अध्यक्ष राम रतन शर्मा, समाजसेवी बीआर कौशिक, वासुदेव गौतम व सतीश शर्मा कोहंड के साथ श्रीनगर लाल चौक पर पहुंचकर पहलगाम के शहीदों को कैंडल मार्च व तिरंगा यात्रा निकाल कर श्रद्धांजलि अर्पित की।
रतन शर्मा ने कहा कि आंतकियों द्वारा निहत्थे व परिजनों के साथ घूमने आए लोगों की गोली मारकार हत्या किया जाना अत्यन्त निंदनीय है। यह एक जघन्य अपराध है तथा इंसानियत के लिए घातक है। जिसे कोई भी सभ्य समाज सहन नहीं कर सकता।
उन्होंने कहा कि माताओं के सामने उनके बेट, पत्नियों के सामने उनके पति और बहनों के सामने उनके भाईयों की हत्या करने वाले इंसान के रूप में भेडिये हैं। जिनको इस लाल चौंक पर ही मौत की सजा दी जानी चाहिए।

# व्यापारियों के लिए लाभकारी साबित होगी व्यापारी सेहत सुरक्षा योजना : भाटिया

**बैठक**

**ब्यापार मंडल फरीदाबाद और बत्रा हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटलने किया बैठक का आयोजन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद**
शहर के व्यापारियों और उनके परिवारों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर ब्यापार मंडल फरीदाबाद और बत्रा हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जल्द ही ह्यव्यापारी सेहत सुरक्षाह्व योजना की शुरूआत करेगा। इस संदर्भ में आज ब्यापार मंडल के प्रधान डा. राजेश भाटिया तथा बत्रा हॉस्पिटल के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डा. एम.के. कुलश्रेष्ठ व मार्केटिंग के जनरल मैनेजर अश्वनी बवेजा के साथ एक बैठक की और इस योजना को लेकर रुपरेखा तैयार की। बैठक को संबोधित करते हुए डा. राजेश भाटिया ने कहा कि अक्सर देखने में आया है कि व्यापारी भाई अपने धंधों को लेकर इतने व्यस्त रहते है कि सुबह से लेकर देर रात तक दुकानों व प्रतिष्ठानों पर बैठे रहते है और इस कारण उन्हें कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो जाती है, लेकिन समय की कमी के चलते वह अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान नहीं देते, इस योजना से उनका और उनके परिवार को लाभ मिलेगा।बत्रा हॉस्पिटल के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डा. एम.के. कुलश्रेष्ठ ने बताया कि व्यापारी सेहत सुरक्षा योजना के तहत व्याारियों और उनके परिवारों को नर्सिंग केयर, एल्डर केयर फिजियोथेरेपी, घर पर फ्री दवाईयां पहुंचाने, घर बैठे ही ब्लड सैंपल टेस्ट की सुविधा दी जाएगी, साथ ही साथ जरूरत पड? पर रियायती दरों पर एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना की शुरूआत मार्किट नंबर एक, दो, तीन, चार, पांच, सराय, बल्लभगढ़, ओल्ड फरीदाबाद, जवाहर कॉलोनी, पर्वतीय कॉलोनी, ओल्ड प्रेस कॉलोनी, जनता कॉलोनी के व्यापारियों व उनके परिजनों के लिए की जाएगी। उनका प्रयास रहेगा कि अस्पताल द्वारा उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। इस मौके पर संस्था के महासचिव बंसीलाल कुकरेजा, कोषाध्यक्ष गगन अरोड़ा, सचिन भाटिया, अमित नरूला, सी पी कॉलरा, वेद कुकरेजा हरीश भाटिया हरीश कुमार सेठी, विमल खंडेलवाल, आशीष अरोड़ा, चुन्नीलाल खत्री व संस्था के अन्य कार्यकारिणी सदस्य व सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पाइपलाइन से चोरी रोकने के लिए लोगों को जागरूक करेगी जागरूकता वैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
इंडियन ऑयल के उपक्रम उत्तरी क्षत्रिय पाइपलाइन के कार्यकारी निदेशक एवं रीजनल हेड शैलेश तिवारी ने पाइपलाइनों से हो रही चोरी रोकने और लोगों को जागरूक करने के लिए जागरुकता वैन को हरी झंडी देकर रवाना किया। जागरूकता वैन गांव-गांव जाकर लोगों को चोरी रोकने और चोरी करने वालों के खिलाफ इंडियन ऑयल के अधिकारियों को जानकारी देने के लिए जागरुक करेगी।
कार्यकारी निदेशक शैलेश तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य इंडियन ऑयल की पाइपलाइनों से हो रही चोरियों को रोकना है। उन्होंने कहा कि हमारी जागरूकता वैन गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी इसके साथ ही हमारे अधिकारियों और सुरक्षा कर्मचारियों को भी गांव में जाकर स्थानीय लोगों से समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्र के स्थानीय लोग हमारे साथ होंगे तो पाइपलाइनों से चोरियां निश्चित रूप से बंद हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल भारत सरकार का संस्थान है, इसकी संपत्ति का नुकसान हमारा अपना नुकसान है। हमें इसकी सुरक्षा के साथ-साथ इसका नुकसान होने से भी बचाना है।

# मॉडल टाउन ब्राह्मण सभा ने धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव











**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन, दिल्ली ने दिल्ली स्थित मॉडल टाउन के स्टोर वाला पार्क में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया। इस मौके पर क्षेत्र की जनता और ब्राह्मण समाज के लोगों ने उत्साह और भक्तिपूर्वक हिस्सा लिया।

परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल के माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व उपकुलपति और नई दिल्ली में भारतीय जनसंचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. के. सी. सुरेश ने हिस्सा लिया।

**गणेश वंदना और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**

भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम का आरंभ सायं 6.30 बजे से सात बजे तक गणेश वंदना और स्वस्ति वाचन से हुआ। इसके बाद सायं सात बजे से नौ बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**मेधावी विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत**

इस मौके पर कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों एवं विशिष्ट प्रतिभाओं को पुरस्कार वितरित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

**विशेष अतिथि के रूप में ये लोग रहे मौजूद**

कार्यक्रम में अतिथि विशेष अतिथि के रूप में मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल देवराह, आदर्श नगर के विधायक राजकुमार भाटिया, धीरपुर की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, दिल्ली पेरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, मॉडल टाउन के पूर्व विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, आदर्श नगर के पूर्व विधायक पवन शर्मा और सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने हिस्सा लिया।

**कार्यकारिणी के सम्मानित सदस्य भी मौजूद रहे**

परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली सरकार के प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान के निदेशक डॉ. जीत राम भट्ट रहे। ज्ञात हो कि ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन, दिल्ली के संरक्षक बी. एन. डिमरी, पिंडी दास वैद्य, डॉ. विजेंद्र शर्मा, पं. जगदीश प्रसाद शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, परामर्शदाता प्रदीप शर्मा, मुकेश भार्गव, मनीष कुमार पचौरी, कुलदीप राज भारद्वाज, राकेश मोहन शर्मा हैं। संस्था के चेयरमैन सतीश चंद्र शर्मा, प्रधान ललित कुमार शर्मा, महामंत्री योगेश कांत शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश वशिष्ठ, वरिष्ठ उपप्रधान कैलाशनाथ पाठक, उप प्रधान अनंतराम शर्मा, कृष्ण मुरारी शर्मा, मंत्री दयाल प्रसाद जमंदग्नि, सुमित शर्मा, प्रचार मंत्री मुकेश ऋषि और कस्टोडियन अभिषेक शर्मा हैं।

कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में मनोज शर्मा, के. डी. शर्मा, योगेश चंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, उमेश चंद शर्मा, राजेश देवगुण, विनोद चौरसिया, मुकेश शर्मा, दयाकृष्ण जोशी, तुषार निर्मल, राहुल वशिष्ठ और अनिल शर्मा आदि ने परशुराम जयंती समारोह में अपना योगदान दिया।



**ललित शर्मा, प्रधान:** मैं ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष होने के नाते यहां पर आये हुए सभी गणमान्य लोगों का स्वागत करता हूं और दिल से आभार प्रकट करता हूं। हमारा ब्राह्मण समाज कई वर्षों से यह कार्यक्रम करता हुआ आ रहा है। आज हमनें कई मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया है।

**सतीश चंद शर्मा, चेयरमैन:** एक पौधा हमने जो लगाया था, वह वट वृक्ष की तरह आज अपना स्वरूप ले चुका है। क्षेत्र के सभी संस्थाओं में ब्राह्मण का योगदान है। मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद प्रकट करता हूं।









## नियमित रूप से अग्नि सुरक्षा ऑडिट किया जाना चाहिए: नड्डा

**नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में स्वास्थ्य क्षेत्र आपदा तैयारी एवं प्रतिक्रिया तथा स्वास्थ्य सुविधाओं में अग्नि सुरक्षा पर दूसरी राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के आपदा नोडल अधिकारियों के समन्वय से अग्नि सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर नियमित रूप से अग्नि सुरक्षा ऑडिट किया जाना चाहिए। ताकि लापरवाही के लिए कोई स्थान ही न बचें। यह दूसरी कार्यशाला स्वास्थ्य मंत्रालय की स्वास्थ्य सुविधाओं में आपदा और अग्नि तैयारी के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## कृष्ण सोशल वेलफेयर ट्रस्ट एवं इंस्पायरिंग इंडिया द्वारा पराइड ऑफ नेशन अवार्ड का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कृष्ण सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा भारतीय विद्यापीठ इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन एंड मैनेजमेंट पश्चिम विहार में प्राइड ऑफ नेशन 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में विभिन्न क्षेत्रों में अपने महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों को स्कूल बैग नोटबुक सहित तमाम स्टेशनरी का वितरण किया गया, साथ ही फ्री राशन का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के प्रेसिडेंट परमजीत सिंह पम्मा, पायनियर पब्लिक स्कूल के





अध्यक्ष तरुण बजाज, तिहाड़ जेल के सुपरिटेंड राजेश कुमार, एचबीएस बक्शी, एडवोकेट कर्मवीर, सौरभ गुलाटी, प्रो. सुभाष चटर्जी, वी के शर्मा, पंखुड़ी श्रीवास्तव, फिट इंडिया ब्रांड एंबेसडर, सुभाष डावर (निदेशक, अलायंस इंडिया गुजरात), प्रदीप सिंह (सहायक आयुक्त), मांगे राम चौहान (उपायुक्त, आवास उप्र),के.डी. सिंह - आर.टी.ओ. गाजियाबाद, वेद सिंह चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट, आगरा (राजस्व), अनिंद पाठक पूर्व संयुक्त सचिव, विधानसभा, महाराज सिंह एडवोकेट, अध्यक्ष, राष्ट्रीय गुर्जर विकास मंच, डॉ. उत्तम ओझा, दिव्यांग प्रकाश संयुक्त सचिव, अनुराधा राय, हबीब फ्रेंचाइजी मालिक, उद्यमी (वाराणसी), रंजना, सलाहकार गांधी स्मारक भवन चंडीगढ़, योगेश चौधरी नेशनल रेफरी, प्रो पंजा टीम, अमितेज, पीर्यदर्शी संस्थापक द ब्लेस्ड वन पुणे, आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति से वहां मौजूद लोगों झूम उठे।

कार्यक्रम में नीलिमा ठाकुर द्वारा लिखी गई पुस्तक इंस्पायरिंग इंडियन कॉफी टेबल बुक वॉल्यूम 5 का विमोचन किया गया। जिसमें समाज के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों के बारे में लिखा गया है।

## देहात में ज्यादा सीएमश्री स्कूल खोले सरकार: थान सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत** संघ ने राजधानी में शिक्षा व्यवस्था को लेकर दिल्ली सरकार से कई अहम सुधारात्मक मांगें की हैं, खासकर उन पब्लिक स्कूलों को लेकर जो दिल्ली देहात व गांवों और कालोनियो की अधिगृहीत जमीन पर बने हैं। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि जिन स्कूलों का निर्माण गांवों की कृषि भूमि पर हुआ है, वहां के स्थानीय बच्चों को सौ फीसद आरक्षण के साथ दाखिला दिया जाना चाहिए। इन मांगों पर जल्द कार्रवाई करें ताकि शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती असमानता का प्रभाव दिल्ली देहात गांव ग्रामीणों के



बच्चों पर ना हो। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा है कि इन स्कूलों में बाहरी बच्चों को प्राथमिकता दी जा रही है जबकि जिस जमीन पर स्कूल बना है, उसी गांव के बच्चे दाखिले से वंचित रह जाते हैं। यह स्थिति सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अस्वीकार्य है।

## राज्य स्तरीय योगा का हुआ भव्य आयोजन: आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मानवीय निर्माण** मंच दिल्ली व कला, संस्कृति व भाषा विभाग दिल्ली सरकार के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली स्टेट योगासन स्पोर्ट्स टूनामेंट-2025 का आयोजन सर्वोदय विद्यालय सरस्वती विहार पीतमपुरा के प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक व संस्था के चेयरमैन उत्तम आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में सर्वप्रथम दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया।

प्रतियोगिता दो अलग-अलग पैनल पर आयोजित की गई। जिसमें लड़के व लड़कियों की प्रतियोगिता की गई। प्रतियोगिता संस्था की



सचिव कल्पना शर्मा के निर्देशन में चली। उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रक्षित ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सर्वोदय विद्यालय सरस्वती विहार के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार देशवाल मौजूद रहें। कार्यक्रम के सहसंयोजक जतिन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में दिल्ली राज्य के 30 विद्यालयों के 350 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

वहीं उत्तम आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर दिल्ली सरकार के जोन दस की खेल सचिव दिपिका राणा सम्मिलित रहीं जिनकी मौजूदगी में कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रतियोगिता में बेस्ट ऑफ द बेस्ट टीम का खिताब विकास भारती पब्लिक स्कूल रोहिणी व सेंट जेवियर्स स्कूल रोहिणी को मिला, वहीं लड़कों में विजेता टीम शहीद भगत सिंह योगासन अकेडमी दरियापुर, इस वहीं कड़ी में लड़कियों की विजेता टीम सनातन धर्म पब्लिक स्कूल पीतमपुरा, लड़कों में उपविजेता का खिताब एनसी जिंदल स्कूल पंजाबी बाग ने जीता और लड़कियों में उपविजेता टीम श्री क्विन मैरी स्कूल तीसहजारी, प्रतियोगिता में बेस्ट योगी योगासन एकेडमी दरियापुर का छात्र देव शर्मा रहा। तो वहीं बेस्ट योगीनी फीट युग अकेडमी रोहिणी की वान्या रही।

## 'संभावित युद्ध की स्थिति में शिक्षक निभाएंगे राष्ट्रसेवा की भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: हाल ही में** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। इस हमले के पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों की संलिप्तता को देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से जवाबी रणनीति की आशंका के बीच, राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ दिल्ली ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संभावित युद्ध की परिस्थिति में शिक्षक समुदाय की भागीदारी का संकल्प जताया है। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने प्रधानमंत्री



को भेजे पत्र में लिखा है कि दिल्ली सरकार के अधीन कार्यरत लगभग 60,000 शिक्षक, जो प्रत्यक्ष रूप से 18 लाख विद्यार्थियों और उनके माध्यम से लाखों परिवारों से जुड़े हुए हैं, देश के हर संकट में कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जन आशीर्वाद संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के डिप्टी** स्पीकर हाल, कंस्टीट्यूशन क्लब, रफी मार्ग में कुशवाहा, सैनी शाक्य, मौर्य दिल्ली प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित जन आशीर्वाद संवाद, अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा पंजीकृत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें प्रसिद्ध समाज सेवी मुख्य अतिथि निशिकांत सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी की दशा में पढ़ा लिखा नौजवान हाथ में डिग्री और डिप्लोमा लेकर नौकरी की तलाश में दर-दर की ठोकरे खा रहा है। समान शिक्षा और सामान चिकित्सा कब सुलभ होगी यह कोई नहीं जानता। देश के युवा दिगभ्रमित होकर नशे की लत में पड़ रहे हैं। पश्चिमी सभ्यता भारतीय संस्कृति पर हावी होती जा रही है।



निशिकांत ने कहा कि समाज के उद्योग पतियों को आगे आकर हमारे समाज के बेरोजगार युवकों को नौकरी प्रदान करने की पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां भी हमारा समाज शोषित और पीड़ित है उनको यथासंभव मदद पहुंचाने का हमारा कर्तव्य बनता है तभी हम अपने समाज का भला कर पाएंगे। समारोह की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा पंजीकृत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि बिहार में जन्म लेकर गुजरात में अपने उद्योग का साम्राज्य स्थापित करने वाले नौजवान मुख्य अतिथि निशिकांत सिन्हा का आभार प्रकट करता हूं, क्योंकि



जिस प्रकार से निशिकांत सिन्हा, सैनी, कुशवाहा, मौर्य, शाक्य समाज के असहाय और पीड़ित लोगों की मदद की है, जिस प्रकार बेरोजगार लोगों को रोजगार प्रदान करने में अथक सहयोग प्रदान किया है उससे प्रेरणा लेकर हमारे समाज के उद्योगपतियों को समाज हित की ओर अग्रसर होने की आवश्यकता है। सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि मैं आज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं क्योंकि समाज का एक ऐसा नौजवान जो ना सांसद है, ना विधायक है, ना मंत्री है, परंतु समाज की सेवा में सदैव निःस्वार्थ भाव से तत्पर रहता है। वह हमारे बीच है और हमारी बात सुनने के लिए अपना अमूल्य समय हमें दिया है। मुख्य अतिथि के सम्मान में आए सभी महानुभावों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यदि सच्चे समाज सेवकों का हम सम्मान करेंगे तभी राजनीति में भी स्वच्छ लोगों का वर्चस्व स्थापित किया जा सकता है।

अखिल भारतीय कुशवाहा, सैनी, शाक्य, मौर्य दिल्ली प्रदेश के संयोजक डी के सिन्हा ने बताया कि इस अवसर पर अखिल भारतीय शाक्य महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सिंह शाक्य, मौर्य महासंघ दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष प्रवेश कुशवाहा, दिल्ली के प्रसिद्ध समाज सेवी पूर्व महासचिव शिवचरण कुशवाहा, अखिल भारतीय कुशवाहा सभा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चंद्रगुप्त मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष मसूरपुर लाडवा हरियाणा व यूथ हेल्प लाइन हैण्ड फाउण्डेशन अध्यक्ष राकेश सैनी, अखिल भारतीय कुशवाहा क्षत्रिय महासभा महिला मोर्चे की राष्ट्रीय प्रभारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय नारी शक्ति विकास मंच संतोष कुशवाहा, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय प्रियदर्शी, महासचिव डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा महिला प्रदेश अध्यक्ष संगीता कुमारी, प्रदेश सलाहकार दिनेश कुशवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश मेहता, कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, राकेश कुशवाहा, भोला कुशवाहा, बसंत भगत, हरिराम सिंह, सुरेंद्र सैनी, अनिल कुमार सिन्हा, अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा पंजीकृत के राष्ट्रीय महासचिव महेंद्र सिंह सैनी, हरियाणा प्रभारी राजा राम मेहता, सैनी संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश सैनी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री वीरेंद्र सैनी, अमरोहा जिला अध्यक्ष गंगा शरण सैनी के अतिरिक्त अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने इस अवसर पर अपने विचार रखें।

## न्यूज फ्लैश

### नगला बौहरा में लगा पैंशन शिविर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत नगला बौहरा के पंचायत घर पर पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पात्र लाभार्थियों का चयन किया गया। जिसमें छह वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्र लाभार्थियों के लिए आय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करवाए गए। शिविर में सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) मुकेश कुमार पाल, ग्राम पंचायत सचिव हरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान दान सिंह, पंचायत सहायक मुकुट विधूड़ी आदि उपस्थित रहे।

### नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम ने कल्याण और बोरीपुर में फ्री हेल्थ कैंप लगाकर जांचा 35 लोगों का स्वास्थ्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद मारकंडा:** लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन शनिवार को गांव कल्याणा और बोरीपुर में पहुंची। इन दोनों गांवों में ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। गांव कल्याणा में 22 लोगों को दवा देकर कई मरीजों लैब टेस्ट किए गए। जबकि बोरीपुर में 22 ओपीडी के साथ कई लैब टेस्ट हुए। कुल 38 लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया।यशस्वी योजना से संबंधित तीन आवेदन शिविर में पहुंचे। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं। उसमें सांसद नवीन जिंदल ने 2035 तक लक्ष्य प्राप्ति का जिम्मा उठाया है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि 2035 तक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल रहकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन में सहयोगी बने। इसी के चलते उनके द्वारा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं।

### शिक्षा के अधिकारो को लेकर लड़ाई जारी रहेगी: सोकेन्द्र बालियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
2 जमा 5 मुद्दे जन शिक्षा आंदोलन संस्था की बैठक पानीपत लॉयर्स चैंबर में हुई, इसकी अध्यक्षता संस्था के सचिव एवं मीडिया प्रभारी सोकेन्द्र बालियान ने की।
बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।
सोनिया रानी को पानीपत जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
यामीन मलिक को जिला प्रभारी, मोहित योगी को जिला उपाध्यक्ष, रोहित कश्यप को जिला महासचिव, संदीप भोला एडवोकेट को लीगल सैल का जिला अध्यक्ष, नरेश कोली को ग्रामीण प्रभारी, डॉ हरपाल सिंह को ग्रामीण अध्यक्ष, कृष्ण सिंह को ग्रामीण उपाध्यक्ष, सुरेश लाला को ग्रामीण महासचिव नियुक्त किया गया। बाकी की कार्यकारिणी भी जल्द घोषित की जाएगी।
6 मई मंगलवार को सोकेन्द्र बालियान एवं अन्य पेरेंट्स निःशुल्क शिक्षा 134 ए हाइवे जाम की तारीख पर कोर्ट में पहुंचे, जिसमें अगली तारीख अब 9 सितंबर लग गई है। यह हाइवे जाम का केस 9 साल पहले 5 मई 2016 को 134ए ड्रॉ को लेकर हरियाणा सरकार द्वारा किया गया था। सोकेन्द्र बालियान ने कहा कि शिक्षा के अधिकारो को लेकर सड़क से लेकर कोर्ट तक लड़ाई जारी रहेगी, इस तरह वो रुकने वाले नहीं हैं। बालियान ने कहा कि सरकार और शिक्षा विभाग को प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगानी चाहिए एवं सरकारी स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए।
हरियाणा जोन प्रभारी दलबीर सिंह भोंसले ने कहा कि सरकार इस तरह के झूठे मुकदमे जनता की आवाज दबाने के लिए करती है ताकि कोई शिक्षा मुद्दों पर आंदोलन न हो और कोई जनता की आवाज न बन सके। इस तरह उनका आंदोलन दबने वाला नहीं है।
जिला अध्यक्ष बनी सोनिया रानी ने कहा कि वो संगठन में अपनी हर जिम्मेवारी अच्छी तरह से निभाएगी और अब संस्था पेरेंट्स बच्चों के शिक्षा अधिकारों के साथ साथ टीचर्स के अधिकारो की भी आवाज बनेगी। सोनिया ने कहा कि शिक्षा

# शहर में न बने जल प्लावन की स्थिति नगर आयुक्त ने कसी कमर

**निरीक्षण**

▶▶ -मंगलवार को बीएसए रोड़ तथा बीएसए कॉलेज पुलिया का निरीक्षण किया गया।



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर में हुयी वर्षा के दौरान भूतेश्वर अण्डर पास के नीचे हुये जल भराव को देखते हुए नगर आयुक्त बरसात पूर्व किए जाने वाले कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। वर्षा के दौरान जल भराव की समस्या पुनः उत्पन्न न हो इस के लिए नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा सहायक नगर आयुक्त एवं क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी के साथ मंगलवार को बीएसए रोड़ तथा बीएसए कॉलेज पुलिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि तिलकवीर चौधरी, मुन्ना मलिक एवं हनुमान सिंह उपस्थित मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा बीएसए पुलिया की तलीझाड़ सफाई कराये जाने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित दिये। रेलवे द्वारा रेलवे लाइन विस्तार के दृष्टिगत बीएसए पुलिया जल निकासी वाले मुख्य नाले को अवरुद्ध कर दिया गया है एवं उसके स्थान पर जल निकासी के लिए सकरा पाइप डालकर जल निकासी की व्यवस्था की गई है।
जिसके कारण भूतेश्वर अंडरपास पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुयी थी। नाले को पुनः मैन नाले से जोड़े जाने के लिए रेलवे विभाग के अधिकारियों से लगातार वार्ता की जा रही है साथ ही पत्राचार भी किया गया है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा रेलवे विभाग के अधिकारियों से वार्ता की गई। जिस पर रेलवे विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि यह कार्य आगामी 15 दिनों के अन्तर्गत पूर्ण करा दिया जायेगा एवं यथा शीघ्र नाले को सुचारु कर दिया जाएगा। इसी के साथ मंगलवार को नगर निगम टीम के द्वारा बृहद रूप से अभियान चलाकर बीएसए रोड पर नाले की तालीझाड़ सफाई के लिए नालों पर स्थाई या अस्थाई अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को तुड़वाया जा रहा है। जिससे कि नाले की अच्छी तरह से सफाई का कार्य कराया जा सके।

## संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जाएं कार्यकर्ता: भूपेंद्र सिंह हुड्डा



**नूंह जुबैर खान /टीम एक्शन इंडिया**
नूंह में कांग्रेस पार्टी के संविधान बचाओ अभियान के अंतर्गत सभा का आयोजन किया गया। सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा मुख्य रूप मौजूद रहे लेकिन प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और सांसद दिपेंद्र सिंह हुड्डा नहीं पहुंचे सके। पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय देश का संविधान खतरे में है। हम सभी को संघर्ष कर उसे बचाना है। इस दौरान पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के लिए खिराज ए अकीदत पेश की गई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि संविधान और भाईचारे को बचाने का प्रण हर कांग्रेस कार्यकर्ता करें, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संदेश को प्रदेश के घर घर में लेकर जाना है। उन्होंने अपने पिता जी स्वतंत्रता सैनानी रणबीर हुड्डा को याद करते हुए बताया कि मेवात से उनके परिवार का पुराना और गहरा रिश्ता रहा है।

## 11 करोड़ रुपये से होगा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सेग्रीगेशन और ट्रांसपोर्टेशन



**पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल की अध्यक्षता में वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक हुई, जिसमें शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा पंचकूला में डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन, सेग्रीगेशन और ट्रांसपोर्टेशन के टेंडर को दी गई थी, को जारी कर दिया गया। महापौर कुलभूषण गोयल ने बताया कि सोमवार को शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी, जिसमें लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से पंचकूला में नए टेंडर को मंजूरी दी गई। यह टेंडर पूजा कंसुलेशन कंपनी को जारी किया गया है। इस कंपनी द्वारा पहले भी पंचकूला में कार्य किया जा रहा है। अब आगामी एक वर्ष तक इसी कंपनी द्वारा यह कार्य किया जाएगा। कुलभूषण गोयल ने बताया कि टेंडर को यूएलबी से परमिशन मिलने के बाद ही लगाया गया था, जिसे आज वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में भी मंजूरी प्रदान कर दी गई। कुलभूषण गोयल ने बताया कि बैठक में शहर के बागवानी वेस्ट का चंडीगढ़ की तर्ज पर निस्तारण करने के लिए भी एक टेंडर को मंजूरी दी गई। इसके अंतर्गत अधिशासी अभियंता नंबर एक द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि औद्योगिक क्षेत्र फेस एक में बागवानी वेस्ट के निस्तारण के लिए प्लांट लगाया जाएगा, इसमें ब्रैकेट मशीन, हैमर मिल, फ्लैश ड्रायर, पॉल्यूशन कंट्रोल सिस्टम लगाया जाएगा। इस प्लांट पर 2 करोड़ 43 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे, ताकि शहर का जो बागवानी कचरा हमें दूर फेंकना पड़ रहा है, उसके बाद वह प्रयोग में भी नहीं आता, इसलिए यह प्लांट पंचकूला औद्योगिक क्षेत्र में लाकर इसका सही तरीके से निस्तारण किया जाएगा।

## युवक पर लगा नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
छाता कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिक लडकी को युवक अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया। इसकी तहरीर पीड़ित पिता ने दी है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि सोमवार की सुबह उसकी 14 वर्षीय पुत्री शौच के लिए गई थी। जब लौटकर नहीं आई तो उन्हें चिंता हुई। उन्होंने गांव में बेटी को खोजा तो पता चला कि एक युवक अपने साथी के साथ उनकी बेटी को जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाते हुए देखे गए हैं। परिजन तुरंत थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। युवक दूसरे समुदाय का है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी।

## गांव सालवन में आयोजित होगा महाराणा प्रताप जयंती का राज्य स्तरीय समारोह



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** असंध विधानसभा के विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि आने वाली 9 मई को भव्य तरीके से जिला के सालवन गांव में महाराणा प्रताप जयंती का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इस आयोजन में प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर से सर्व समाज के लोग शिरकत करेंगे। इसे लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही है।
विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। इसके अतिरिक्त विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, पूर्व मंत्री सुरेश राणा व सर्व समाज के लोग दूर-दूर से शिरकत करने पहुंचेंगे। प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में इस कार्यक्रम को लेकर न्यौता दिया जा रहा है।
अनाज मंडी में करीब साढ़े 4 एकड़ में लगाया जा रहा जर्मन तकनीक का टेंट
विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप जयंती के राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां सालवन गांव में जोरों पर चल रही है। सालवन की अनाज मंडी में करीब साढ़े 4 एकड़ में जर्मन हैंगर टेंट लगाया जा रहा है। कई हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का प्रसारण सीधा लाइव रहेगा।

# बीएसए को 13 विद्यालयों के निरीक्षण में 10 शिक्षक मिले अनुपस्थित

**निरीक्षण**

▶▶- छाता व बलदेव ब्लाक के एक दर्जन से अधिक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया।

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने दो दिन जनपद के छाता व बलदेव ब्लाक के एक दर्जन से अधिक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें 10 शिक्षक शिक्षिकाएं अनुपस्थित मिले। वहीं दो शिक्षा मित्र भी अनुपस्थित मिले। एक विद्यालय में सात डीएलएड के प्रशिक्षणार्थी नहीं आ रहे थे। जिस पर बीएसए ने धीमरी छाता के उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। शेष नौ प्रधानाध्यापक व शिक्षकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए अग्रिम आदेशों तक वेतन रोक दिया और तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। इन स्कूलों के निरीक्षण में बार बार निर्देशों के बाद भी छात्रों के नामांकन की गति बहुत धीमी चल रही थी। उन्होंने नामांकन को बढाने के आदेश दिए हैं। बीएसए को प्राथमिक विद्यालय धीमरी छाता के निरीक्षण में सहायक अध्यापक राकेश बैनीवाल अनुपस्थित पाए गए। इंटर्नशिप पर विद्यालय में आए डीएलएड प्रशिक्षु आकाश, माया, अप्रैल माह से लगातार अनुपस्थित चलते हुए मिले। जबकि इसी गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक हरिपाल सिंह व सहायक अध्यापक पहली मई से अनुपस्थित चल रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक अक्सर लेट आते हैं। कई कई दिनों तक अनुपस्थित रहते हैं। दोनों विद्यालयों का स्टाफ छात्र संख्या भी नहीं बढा रहा है। उच्च प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक को बीएसए ने निलंबित करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजावली से संबध कर दिया है। इसकी जांच बीईओ राया को सौंपी है। साथ ही शिक्षक का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। इसी ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय खुशी के निरीक्षण में कम छात्र उपस्थित थे, जबकि यहां भी नामांकन भी मात्र चार छात्रों का हुआ है। प्राथमिक विद्यालय रान्हैरा में द्वितीय इंचार्ज प्रधानाध्यापक शीला भारती, शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय रान्हैरा प्रथम में सहाक अध्यापक विजेन्द्र सिंह अनुपस्थित मिले। उन्होंने सहायक अध्यापक व अन्य शिक्षिका से तीन दिन में साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण मांगा है। बीएसए को बलदेव ब्लाक प्राथमिक विद्यालय हथकौली द्वितीय में 51 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 24 छात्र उपस्थित मिले, इस वर्ष कुल 20 छात्रों का नामांकन हुआ। उन्होंने छात्र संख्या बढाने व उपस्थिति 80 प्रतिशत करने के निर्देश स्टाफ को दिए। प्राथमिक विद्यालय हथकौली प्रथमें शांति देवी शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिली। यहां में नामांकन व छात्रों की उपस्थिति कम मिली। उन्होंने शिक्षा मित्र का मानदेय रोकने की कार्रवाई की है। प्राथमिक विद्यालय मडौरा में सात डीएलएड छात्र-छात्राएं कई दिनों से अनुपस्थित चल रहे थे। इस पर उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि इनको 30 दिन उपस्थित रहने पर ही कार्यमुक्त किया जाए। अनुपस्थिति की सूचना प्राचार्य डाइट को भेजें। उन्हें पूर्व माध्यमिक विद्यालय ततरौता, में नामांकन व छात्रों की उपस्थिति कम मिली।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसे में एक की मौत, 20 सवारी घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रात के समय यमुना एक्सप्रेस वे पर राया क्षेत्र में हुए सडक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 20 सवारी घायल हुई हैं। घायलों में पांच की हालत गंभीर है। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय मथुरा में भर्ती कराया गया। देर रात रोडवेज की पिंक बस को स्लीपर बस ने पीछे से टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार रात रोडवेज की पिंक बस लखनऊ से दिल्ली सवारियों लेकर जा रही थी। देर रात करीब दो बजे राया क्षेत्र में एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 110 के समीप आगरा से नोएडा की ओर जा रही रोडवेज बस की सवारियां उतारने के लिए चालक ने गति धीमी कर दी। उसी समय आगरा से दिल्ली जा रही स्लीपर बस ने पीछे से रोडवेज बस को टक्कर मार दी। इसके बाद स्लीपर बस अनियंत्रित हो रेलिंग तोड़ते हुए निकल गई। सूचना पर पहुंची पीआरवी औश्र थाना राया पुलिस ने बस में फंसी सवारियों को निकलवाकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त बसों को हटा कर यातायात सुचारू कराया गया। राया थाना प्रभारी निरीक्षक राया अजय कौशल ने बताया कि युवक अंकित 24 निवासी भिंड मध्यप्रदेश की मौत हो गई। टूंडला की खुशबू, आगरा बाह के मनोज कुमारी, राम लखन, नफीज, मनोज कुमार, प्रतिमा, गाजियाबाद की पारुल, दिल्ली की नूर फातिमा, इक्वतार अहमद, विजय, राजेंद्र, मेरठ के आसिफ खान, धौलपुर की मीरा, मध्य प्रदेश भिंड के नूरजहां, राम सिया राठौर, दिव्यांशु, राजेश सिंह और धनीराम आदि घायल हो गए हैं। इनका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## जींद : पुराने बस स्टैंड पर मिला अज्ञात का शव

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
जींद में पुराने बस स्टैंड परिसर में एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
मंगलवार दोपहर को सिविल लाइन पुलिस को किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि पुराने बस स्टैंड की पहली मंजिल पर एक व्यक्ति मृत हालत में पड़ा है। सिविल लाइन पुलिस के एसएचओ इंस्पेक्टर विनोद कुमार, एएसआई संदीप मौके पर पहुंचे और देखा तो व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश लेकिन सफलता नहीं मिली।
आशंका है कि नशे के कारण युवक की मौत हुई हो। शरीर पर किसी भी तरह के चोट के निशान नहीं हैं। मृतक के दाहिने हाथ में एक नीले रंग का बैंड है, जिस पर नवदीप लाठर जुलाना लिखा है।

## मिशन शक्तिः अब मौहरा बनने को तैयार नहीं महिलाएं

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मिशन शक्ति के तहत लगातार पुलिस महिलाओं को जागरूक कर रही है। गांव गांव चौपाल लगा कर, कॉलिज स्कूलों के गेट के बाद पर्चे बांट कर। जरूरत पडने पर सीधा संवाद स्थापित किया जाता है। महिलाओं के पक्ष में कनून अधिकार हैं, जिससे वह खुद को समाज में खडा कर सकें। वहीं कुछ शातिर किस्म के लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए महिलाओं के इन अधिकारों का उपयोग कर झूंठे मामले दर्ज करा रहे हैं। इससे सबसे ज्यादा उत्पीड़न और मानसिक तनाव उसी किशोरी अथवा महिला को झेलना पडता है जो झूठे मामले में किसी को फंसाती है। पूरा जीवन वह इस अपराध बोध के साथ जीती है। महिला जागरूकता के इन तामाम प्रयासों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। थाना नौहझील क्षेत्र के गांव थाना नौहझील क्षेत्र के गांव मसन्द गढी पोस्ट भूरेका निवासी युवती ने गांव के ही भूपेन्द्र और गांव ईखू निवासी तेजपाल के खिलाफ घर में घुस कर गलत नीयत से शोषण करने का आरोप लगाते हुए थाना नौहझील पर चार मई को प्रार्थना पत्र दिया था। अब युवती ने अपने अंगूठा निशान और हस्ताक्षर वाले एक अन्य प्रार्थना पत्र थाना नौहझील पर दिया है। प्रार्थना पत्र में कहा है कि पहले वाला प्रार्थना पत्र उसने नहीं लिखा और नहीं उसे इस बात से अवगत कराया गया। हालांकि गांव ईखू के ही एक व्यक्ति द्वारा उसे भ्रमित करने का प्रयास किया गया था और लालच दिया गया था कि उसकी अच्छी जगह शादी करा देंगे तथा अच्छा मकान बनवा देंगे। वह लालच में आ गई थी लेकिन उसने किसी तरह का प्रार्थना पत्र नहीं दिया था और नहीं उसके साथ घर में घुसकर नामजद किये गये लोगों द्वारा किसी तरह की कोई घटना की गई। बावजूद इसके अगर उससे कोई कानूनी भूल हुई है तो वह इसक लिए माफी चाहती है। प्रार्थना पत्र में युवती का नाम, अंगूठा निशान होने के साथ ही अन्य लोगों के नाम भी हैं। यह पूरा मामल अभी पुलिस जांच का विषय है, लेकिन पूरी पीडा और दबाव युवती के ही हिस्से में है।

## अंशिका, कृतिका व राशि ने एनएमएमएस में पाई सफलता, छात्राओं को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के तीन विद्यार्थियों. अंशिका, कृतिका और राशि कांबोज ने परीक्षा उत्तीर्ण करके नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। प्रधानाचार्य राम कुमार सैनी ने स्कूल में आयोजित समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरवा ने किया। प्रधानाचार्य राम कुमार सैनी ने कहा कि प्रतिभावान छात्राओं द्वारा प्राप्त की गई छात्रवृत्ति उनके खुद के शैक्षिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही इनसे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़े वाले विद्यार्थियों के लिए ऐसे अनेक अवसर हैं, जिनसे उन्हें आगे बढ़ने.के अवसर मिलते हैं। विद्यार्थियों को ऐसे अवसरों का लाभ लेना चाहिए।अरुण कुमार कैहरवा ने कहा कि एनएमएमएस की परीक्षा सरकारी स्कूलों के आठवीं में पढ़ने.वाले विद्यार्थी देते हैं। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को चार साल तक प्रति माह एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति विद्यार्थियों को निरंतर पढ़ने.और आगे बढ़ने.की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि इस समय छठी, सातवीं और आठवीं में पढ़ रहे विद्यार्थियों को इस परीक्षा को उत्तीर्ण करके छात्रवृत्ति प्राप्त करना अपना मकसद बनाना चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुभाष चंद, सीमा गोयल, राजेश कुमार, बलराज, सलिन्द्र मंढ़ाण, सतीश राणा, गोपाल दास, विनोद भारतीय, सन्नी चहल, अश्वनी भाटिया, स्वर्णजीत, नरेश मीत, निशा कांबोज, रमन बग्गा, सोमपाल उपस्थित रहे।

## सरकारी चिकित्सक, निजी हॉस्पिटल और रिश्वत!



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिला चिकित्सालय मथुरा में ईएमओ के पद पर तैनात एक वरिष्ठ चिकित्सक को एंटी करप्शन की टीम ने गिरफ्तार किया है। चिकित्सक को थाना हाईवे क्षेत्र से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद चिकित्सक को टीम थाना रिफाइनरी ले गई। यहां एसएसपी श्लोक कुमार, एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार और सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा समेत एंटी करप्शन की टीम चिकित्सक से पूछताछ की। चिकित्सक का नाम हरिनारायण प्रभाकर है। वह अभी जिला अस्पताल में ईएमओ के पद पर तैनात हैं। मथुरा में पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों के मेडिकल और प्रमाण पत्र सत्यापन करने के लिए एक चिकित्सक पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है। चिकित्सक जिला अस्पताल मथुरा में ईएमओ है। चिकित्सक का नर्सिंग होम हाईवे पर पुराना आरटीओ ऑफिस के पास बताया जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि पुलिस पूछताछ के लिए इनकी चिकित्सक पत्नी डा शिवानी को भी अपने साथ ले गई है। डॉक्टर प्रभाकर पुलिस भर्ती बोर्ड के सदस्य हैं। आरोप है कि उन्होंने एक अभ्यर्थी से पास कराने के नाम पर रिश्वत मांगी। एसएसपी श्लोक कुमार ने कार्यवाही की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि एंटी करप्शन टीम ने चिकित्सक को पकड़ा है। आरोपों जानकारी की जा रही है। उन्होंने कितने रुपए की रिश्वत मांगी थी और किन-किन लोगों से मांगी है, इसकी जानकारी की जा रही है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 07 मई 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## जेके पेंशन सुविधा पोर्टल लॉन्च

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने नागरिक सचिवालय में पेंशन सुविधा पोर्टल लॉन्च किया। वित्त विभाग, जम्मू-कश्मीर द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और प्रधान महालेखाकार, जम्मू-कश्मीर के सहयोग से विकसित यह पोर्टल सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन स्वीकृति प्रक्रिया को डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने औपचारिक रूप से पोर्टल का उद्घाटन किया और इस पहल में शामिल वित्त विभाग, एजी कार्यालय, जेएंडके बैंक और सभी हितधारकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति प्रक्रिया और सेवानिवृत्ति के बाद की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं मुझे लगता है कि यह हमारी जिम्मेदारी है। जिन कर्मचारियों ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर और उसके लोगों की सेवा की है, वे एक सरल प्रक्रिया के हकदार हैं। इस पहल से लाभान्वित होने वाले सभी पेंशनभोगियों को शुभकामनाएं और अधिकारियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पेंशनभोगियों के सत्यापन को भी पेंशनभोगी के अनुकूल बनाने की जरूरत है। पोर्टल की समावेशी प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इसमें पेंशनभोगी पूर्व विधायकों को भी शामिल किया गया है।

## खाई में गिरी बस, सैनिक समेत चार की मौत

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को एक निजी बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक सैनिक समेत चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि 44 अन्य घायल हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

# यूपी कैबिनेट: सस्ती दरों पर बिजली खरीदेगा उत्तर प्रदेश

निजी कंपनी से 25 वर्षों तक सस्ती दरों पर खरीदी जाएगी 1500 मेगावॉट बिजली, सस्ती बिजली की खरीद से यूपीपीसीएल को 25 वर्षों में होगी 2958 करोड़ रुपए की बचत, मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मिली प्रस्ताव को मंजूरी

कैबिनेट बैठक

- 1500 मेगावॉट ऊर्जा बिड प्रॉसेस के माध्यम से 25 वर्षों तक खरीदने का निर्णय लिया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी और दूरदर्शी पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को 1600 मेगावाट क्षमता की तापीय परियोजना से कुल 1500 मेगावॉट ऊर्जा बिड प्रॉसेस के माध्यम से 25 वर्षों तक खरीदने का निर्णय लिया गया है। बिडिंग प्रक्रिया में सबसे कम टैरिफ दर (5.38 रुपए प्रति यूनिट) की पेशकश करने वाली निजी कंपनी को परियोजना के लिए चुना गया है। इससे यूपी पावर कॉर्पोरेशन (यूपीपीसीएल) को 25 वर्षों में लगभग 2958 करोड़ रुपए की बचत होगी। योगी सरकार की इस नई पहल से उत्तर प्रदेश को साल 2030-31 से 1500 मेगावॉट बिजली बेहद सस्ती दर पर मिलने लगेगी। यह नई परियोजना मौजूदा और आगामी तापीय परियोजनाओं की तुलना में कहीं ज्यादा किफायती है। जहां जवाहरपुर, ओबरा, घाटमपुर, पनकी जैसी परियोजनाओं से बिजली 6.6 रुपए से लेकर 9 रुपए प्रति यूनिट तक मिल रही है, वहीं उत्र्रह्ड के तहत प्रस्तावित इस परियोजना के तहत 2030-31 में प्लांट के कमीशन होने के बाद बिजली सिर्फ 6.10 रुपए प्रति यूनिट की दर से प्राप्त होगी।

**25 वर्षों के लिए होगा एग्रीमेंट**
ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कैबिनेट के निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ऊर्जा की मांग को पूरा करने और उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमने कुछ ऊर्जा बिडिंग प्रोसेस से खरीदने का निर्णय किया है। उसी कड़ी में 1600 मेगावाट पावर प्लांट को लेकर हम आगे बढ़े हैं। हमारी शर्त थी कि जब यह प्लांट उत्तर प्रदेश में लगेगा तभी बिजली खरीदेंगे। प्रक्रिया के तहत जुलाई 2024 में रिक्वेस्ट फॉर क्वालीफिकेशन इश्यू किया था, जिसमें 7 कंपनियां आई थीं। इनमें से 5 कंपनियों ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (फाइनेंशिय बिड) में हिस्सा लिया। पांचों कंपनियों में जिस निजी कंपनी का कोटेशन सबसे लोएस्ट था उसके साथ निगोशिएन के बाद उन्होंने फिक्स्ड चार्ज में 3.727 रुपए प्रति यूनिट और फ्यूल चार्ज में 1.656 रुपए प्रति यूनिट समेत कुल टैरिफ 5.38 प्रति यूनिट की न्यूनतम बिड पेश की, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसी टैरिफ पर 25 वर्षों की अवधि के लिए पावर सप्लाई एग्रीमेंट (पीएसए) हस्ताक्षरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी निजी कंपनी ने पिछले साल अगस्त में महाराष्ट्र के साथ भी इसी प्रकार की प्रक्रिया की थी।

### देश में सबसे आकर्षक प्रोत्साहन पैकेज

*योगी सरकार द्वारा घोषित यह नीति भारत की सबसे प्रतिस्पर्धी और समर्पित नीति मानी जा रही है। इसमें निवेशकों को संचालन से लेकर कौशल विकास तक हर स्तर पर व्यापक सहायता मिलेगी। इसके तहत, ऑपरेशनल सब्सिडी के अंतर्गत किराया, बिजली, बैंडविड्थ और डेटा सर्विस पर 20% सब्सिडी, 80 करोड़ तक की सहायता प्राप्त होगी। वहीं, पेरोल सब्सिडी के तहत यूपी निवासी कर्मचारियों के वेतन पर 1.8 लाख तक प्रतिवर्ष की प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा। फ्रेशर और इंटर्न सब्सिडी के तहत नए ग्रेजुएट्स को भर्ती करने पर 20,000 और इंटर्नशिप पर 5000 प्रति माह तक की सहायता प्राप्त होगी।*

### 2 लाख नई नौकरियों का रास्ता साफ

*इस नीति के लागू होने से आईटी, एनालिटिक्स, एचआर, कस्टमर सपोर्ट और फाइनेंस जैसे क्षेत्रों में 2 लाख से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सृजित होंगी। साथ ही, वैश्विक निवेश भी तेजी से प्रदेश में प्रवेश करेगा। इससे न केवल शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आर्थिक विकास को गति मिलेगी।*

### उत्तर प्रदेश बनेगा ग्लोबल सेवा का हब

*टीम एक्शन इंडिया*
*लखनऊ : योगी सरकार ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए "ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर्स (ऋ्रउ) नीति" को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस नीति का मकसद यूपी को भारत का अगला वैश्विक सेवा केंद्र बनाना है और प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुंचाना है। नई नीति के तहत यूपी में आईटी, बैंकिंग, हेल्थकेयर, इंजीनियरिंग और अगली पीढ़ी की तकनीकों में काम करने वाली वैश्विक कंपनियों को बड़े पैमाने पर निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। इससे न केवल रोजगार के लाखों अवसर खुलेंगे, बल्कि प्रदेश के टियर-2 शहरों में भी आर्थिक गतिविधियों में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई।*

# नजीर बना योगी का 'जनता दर्शन'



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ :** हैलो, मैं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के कार्यालय से बोल रहा हूं। आपके प्रदेश के एक नागरिक अपनी समस्या लेकर यहां आए हैं। यह आपसे मिलेंगे। कृपया इनकी समस्या का समाधान कराने का कष्ट करें। उत्तर प्रदेश के बाहर के राज्यों के अधिकारियों के पास प्रायः ऐसे फोन यहां से किए जाते हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'जनता दर्शन' में न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि अन्य राज्यों के पीड़ित भी निरंतर पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'जनता दर्शन' में हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचते हैं। उनकी समस्या सुनते हैं और निराकरण के लिए संबंधित राज्य से संपर्क स्थापित करने का आदेश अपने कार्यालय को देते हैं। अक्टूबर 2024 से अप्रैल 2025 के बीच यूपी के बाहर के 65 फरियादी 'जनता दर्शन' व प्रवास के दौरान योगी आदित्यनाथ से मिले। इन सभी की शिकायत उनके गृहराज्य के आलाधिकारियों तक पहुंचाई गई। ऐसी कार्रवाई की बदौलत ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'जनता दर्शन' नजीर बन गया है। अन्य राज्यों के नागरिक भी मानते हैं योगी हैं तो यकीन है। समाधान पाकर खिले चेहरे सीएम योगी का धन्यवाद करने भी आते हैं।

**सात महीने में आए 65 फरियादी**
सर्वविदित है कि उत्तर प्रदेश के पीड़ितों की समस्याओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय-समय पर जनता दर्शन करते हैं। वे पीड़ितों की समस्या को सुनते हैं और निराकरण कराते हैं।

### उत्तराखंड दौरे पर भी सीएम योगी के पास आए कई प्रार्थना पत्र

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरवरी के प्रथम सप्ताह में उत्तराखंड दौरे पर गए थे। वहां पौड़ी गढ़वाल के विथ्याणी गांव के पूर्व सैनिक महेंद्र सिंह नेगी ने सीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। ठांगर ग्राम पंचायत में एएनएम सेंटर के उच्चीकरण संबंधी पत्र भी सीएम को सौंपा गया। उत्तराखंड की ही रुचि ने चिकित्सा संबंधी आर्थिक सहायता की गुहार लगाते हुए सीएम योगी को पत्र सौंपा। यमकेश्वर विकास खंड के एक मंदिर समिति के अध्यक्ष रूपचंद्र लखेड़ा ने सीएम योगी को सड़क निर्माण कराने के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा। सीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड प्रशासन को पत्र प्रेषित कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का आग्रह किया।*

## मध्य प्रदेश में दो रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ सांची दूध

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सहकारी दुग्ध संघ ने उपभोक्ताओं को बढ़ा झटका देते हुए सांची दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। एक लीटर दूध के दाम में दो रुपये का इजाफा किया गया है, जबकि आधा लीटर के पैकेट पर एक रुपये की बढ़ोतरी की गई। दुग्ध संघ ने मंगलवार को नई रेट लिस्ट जारी कर दी है। नई दरें आज रात 12 बजे से लागू हो जाएंगी। इससे पहले सांची ने पिछले साल जुलाई में अपने उत्पादों के दाम बढ़ाए थे। करीब 10 महीने के बाद फिर से दूध के रेट में बढ़ोतरी की गई है।

## पहलगाम आतंकी हमले का जवाब जरुरी: अविमुक्तेश्वरानंद

मांग

- चाहे केंद्र सरकार और समय ले, लेकिन इस आतंकी हमले का जवाब जरूरी है : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि यात्रियों का धर्म पूछकर मारने वाले आतंकी हमले का जवाब जरूरी है। उन्होंने कहा कि चाहे केंद्र सरकार और समय ले, लेकिन इस आतंकी हमले का जवाब जरूरी है। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलवाकर वापस हरिद्वार पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि आज हर हिंदुस्तानी पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए इस कायराना हरकत की जवाबी कार्रवाई चाहता है। उन्होंने कहा कि चाहे केंद्र सरकार और समय ले, परंतु इस आतंकी हमले का जवाब जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज यह आवश्यकता है कि हर हिंदू अपने आप को एक राष्ट्र मान कर चलें। व

## बेटियाँ बढ़ा रही हैं प्रदेश का मान, सम्मान और



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 76.22 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 74.48 प्रतिशत विद्यार्थियों ने पिछले 15 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सफलता हासिल की है। यह सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का प्रतिफल है। प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों के साथ मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया है। बेटियाँ हमारा, मान, सम्मान और गौरव बढ़ा रही हैं। हाईस्कूल में सिंगरौली की बेटी प्रज्ञा जायसवाल ने शत प्रतिशत 500 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान और हायर सेकेण्डरी में भी सतना अमरपाटन की बेटी प्रियल द्विवेदी ने 492/500 (विज्ञान - गणित समूह) अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल 10वीं एवं हायर सेकेण्डरी 12वीं परीक्षा वर्ष 2024-25 के परिणामों को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से घोषित कर सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अभिभावकगण एवं शिक्षकगणों को भी बधाई दी। मुख्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा प्रकाशित "परीक्षा संचालन मानक प्रक्रिया निर्देशिका" का विमोचन किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन, माध्यमिक शिक्षा मण्डल की महानिदेशक स्मिता भारद्वाज उपस्थित रहीं।

**असफल विद्यार्थियों को मिलेगा एक और अवसर**
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो विद्यार्थी आज असफल रहे, उन्हें निराश नहीं होना है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत असफल विद्यार्थियों को एक बार फिर परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा और जो विद्यार्थी अपना स्कोर बढ़ाना चाहते हैं वह भी दोबारा परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। यह नवाचार विद्यार्थियों के लिए इतिहास बदलने वाला सिद्ध होगा। मध्य प्रदेश इस प्रकार की परीक्षा कराने वाला देश का तीसरा राज्य होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारतीय मेधा सम्पूर्ण विश्व में अपनी श्रेष्ठता स्थापित कर रही है। विश्व में बेहतर प्रदर्शन करने

## धामी सरकार पाठ्यचर्या में श्रीमद् भगवद गीता का कराएगी अध्ययन

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि स्कूलों में बच्चों को पाठ्यचर्या में श्रीमद् भगवत गीता का अध्ययन भी कराया जाए। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का अगले 10 सालों के स्पष्ट प्लान पर कार्य किया जाए। शिक्षा विभाग की ओर से दिसम्बर 2026 तक शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों का रजतोत्सव कलेण्डर बनाया जाए। मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा

एफएसएसएआई fssai
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

अंतिम तिथि: 31 मई 2025 !

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए अनिवार्य
(केवल FSSAI के FoSCOS पोर्टल के माध्यम से)

सभी FSSAI लाइसेंस प्राप्त निर्माता, आयातक और खाद्य के निर्माता-निर्यातक को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना वार्षिक रिटर्न जमा करना होगा

- FSS (खाद्य व्यवसायों का लाइसेंस और पंजीकरण) विनियम, 2011 के खंड 2.1.13 और लाइसेंस 05 की शर्तों का संदर्भ लें
- वार्षिक रिटर्न कैसे दाखिल करें:
- **चरण 1:** FoSCoS पोर्टल में लॉग इन करें
- **चरण 2:** बाएँ मेनू पर जाएँ -> वार्षिक रिटर्न -> वार्षिक रिटर्न भरें

वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए ध्यान रखने योग्य बिंदु

- पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 'शून्य' उत्पादन के लिए भी दाखिल किया जाएगा।
- वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान लाइसेंस समाप्त होने या सरेंडर होने पर भी दाखिल किया जाएगा।
- 31 मार्च 2025 से पहले नया लाइसेंस प्राप्त होने पर भी रिटर्न दाखिल किया जाएगा।
- रीपैकर और रीलेबलर को भी वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।




अनुपालन न करने के परिणाम

- **जुर्माना:** 1 जून 2025 से प्रतिदिन 100 रुपये
- FSS अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है

अधिक जानकारी के लिए:

- FOSCOS [https://foscos.fssai.gov.in] पर जाएँ
- FSSAI की हेल्पलाइन @1800112100 पर सुबह 7:00 बजे से रात 11:00 बजे तक कॉल करें
- helpdesk-foscos@fssai.gov.in पर लिखें

fssaiindia fssai fssai_safefood
fssaiindia fssai_india

CBC 17163/12/0007/2526

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park, Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road, Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925